छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
दिसम्बर, 2024 सत्र

सोमवार, दिनांक 16 दिसम्बर, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>जिला बिलासपुर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही</u>

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

1. (*क्र. 229) श्री सुशांत शुक्ला : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बिलासपुर के अंतर्गत वर्ष 2021 से दिनांक 25/11/2024 तक शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा/ निर्माण की कितनी-कितनी शिकायतें कहां-कहां से प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आयी ? विकासखण्डवार रकबा, खसरा नंबर तथा अवैध कब्जाकर्ता व्यक्ति/ कंपनी/ संस्थान / समूह / कालोनाईजरों के नाम पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के अवैध कब्जा वाली कितनी एवं कहां -कहां की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया? कितने प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं ? रकबा खसरा सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? शेष भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु क्या-क्या प्रयास किया जा रहा है ? कब तक कब्जा मुक्त करा लिया जावेगा?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) कुल 563 शिकायतें प्राप्त हुई है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** कुल 256 प्रकरणों की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा चुका है। शेष 307 प्रकरण न्यायालय में लंबित है। रकबा खसरा सहित जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। शेष 307 प्रकरणों में भूमि की कब्जा मुक्त कराने हेतु विधिवत न्यायालय में दर्ज कर अवैध कब्जाकर्ताओं चिन्हांकन कर नोटिस जारी किया गया है। निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

<u>सरगुजा जिले में सड़क निर्माण कार्य हेतु वन विभाग की अनापत्ति</u>

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

2. (*क्र. 408) श्री प्रबोध मिंज : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सरगुजा जिले के किन-किन मार्गों के निर्माण के लिए वर्ष 2021-22 से नवम्बर, 2024 तक वन विभाग से अनापत्ति मांगी गई है ? **(ख)** कितनी सड़कों पर अनापत्ति दे दी गई है? कितनी शेष हैं ? **(ग)** जिन सड़कों पर अनापत्ति नहीं दी गई है ? उन सड़कों हेतु कब तक अनापत्ति दी जावेगी ? **(घ)** उपरोक्त समस्त सड़कों के निर्माण में कितने वृक्षों की कटाई होगी ? सड़कवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) सरगुजा जिले के सरगुजा वनमंडल अंतर्गत वर्ष 2021-22 से नवम्बर, 2024 तक कुल 25 मार्गो के निर्माण के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग अम्बिकापुर द्वारा अनापत्ति मांगी गयी है। **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।(ख)** सरगुजा जिले के सरगुजा वनमण्डल अंतर्गत कुल 25 मार्गों के लिये अनापत्ति मांगी गई थी, जिसमें किसी भी प्रकार की अनापत्ति जारी नही की गई है। अपितु वन भूमि पर सड़क निर्माण अथवा अन्य गैर वानिकी कार्य हेतु वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 अंतर्गत अनापत्ति दिये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। **(ग)** वन भूमि पर सड़क निर्माण अथवा अन्य गैर वानिकी कार्य हेतु वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 अंतर्गत

अनापत्ति दिये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। अपितु वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के तहत् किसी भी विकास कार्य हेतु वन भूमि प्रभावित होने पर नियमानुसार वन भूमि व्यपवर्तन हेतु प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन के माध्यम से भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजा जाता है तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सड़क निर्माण हेतु वन भूमि व्यपवर्तन की अनुमति दी जाती है। आवेदक संस्थान द्वारा उक्त सड़कों हेतु विधिवत् आवेदन प्रस्तुत करने पर नियमानुसार भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जायेगा।**(घ)** वन भूमि व्यपवर्तन का प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में परियोजना में प्रभावित वृक्षों की गणना की जाती है। इसके उपरांत ही वृक्षों की संख्या ज्ञात की जा सकती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विद्युत विहीन ग्रामों हेतु संचालित/प्रस्तावित योजना

[ऊर्जा]

3. (*क्र. 333) श्रीमती भावना बोहरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्तमान में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुई - कुकदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत अमनिया अंतर्गत ग्राम सेजाडीह; ग्राम पंचायत कांदावानी अंतर्गत ग्राम अजनु, कांदावानी, कान्हाखैरा, ठेंगाटोला, धूरसी, भल्लीनदादर, रुख्मीददार; ग्राम पंचायत तेलियापानी अंतर्गत तिनगड्डा, माराडबरा; ग्राम पंचायत बिरहुलडीह अंतर्गत ग्राम गभोड़ा एवं ग्राम पंचायत छिंदीडीह अंतर्गत ग्राम छिंदीडीह विद्युतविहीन हैं? यदि हां, तो क्या उपरोक्त विद्युतविहीन ग्रामों हेतु विद्युत पहुंचाने की कोई योजना संचालित/प्रस्तावित है? **(ख)** यदि हां, तो उक्त योजनांतर्गत उपरोक्त उल्लेखित विद्युतविहीन ग्रामों तक विद्युत पहुंचाने का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। प्रश्नांश में उल्लेखित सभी ग्राम ग्रिड/ऑफ ग्रिड (सोलर) के माध्यम से विद्युतीकृत है। **(ख)** उत्तरांश 'क' अनुसार प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

सरगुजा संभाग अंतर्गत संचालित खेल प्रशिक्षण संस्थान

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

4. (*क्र. 183) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या सरगुजा संभाग के खिलाडियों को बेहतर खेल प्रतिशत, पढ़ाई व पोषण मिले, इसके लिए खेलकूद व युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल प्रशिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं ? यदि हाँ तो कहाँ-कहाँ व कितने? **(ख)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत क्या ऐसे और खेल संस्थान खोले जाने प्रस्तावित हैं ? अगर हाँ, तो कब तक?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जी हां। भारत सरकार के खेलो इंडिया योजनांतर्गत जिला सरगुजा में फुटबाल, सूरजपुर में फुटबॉल, बलरामपुर-रामानुजगंज में फुटबॉल, कोरिया में बैडमिंटन, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में कबड्डी, जशपुर में हॉकी खेल विधा के खेलो इंडिया सेंटर में खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुल 06 प्रशिक्षण केन्द्र। **(ख)** जी हां। तिथि निश्चित नहीं।

प्रदेश में जिलेवार लगाए गए स्मार्ट मीटर

[ऊर्जा]

5. (*क्र. 77) श्री भूपेश बघेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छ.ग. राज्य में वर्तमान में स्मार्ट मीटर कहां-कहां एवं कितना लगाया गया है? जिलेवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में स्थापित किये गये स्मार्ट मीटर की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

जंगली हाथियों द्वारा किए गये फसल नुक़सान का मुआवज़ा वितरण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

6. (*क्र. 205) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों द्वारा किए हुए फसल नुक़सान के मुआवज़ा के वितरण के प्रकरण नवम्बर, 2024 की स्थिति में लंबित हैं? किस दर पर भुगतान किया जाना था ? वर्तमान खरीफ फसल में फसल नुकसान के मुआवज़ा हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए है ? **(ख)** प्रश्नांश (क) के लंबित प्रकरणों का कब तक भुगतान किया जाएगा ? **(ग)** शासन द्वारा फसल मुआवज़ा राशि वृद्धि करने हेतु क्या मापदंड अपनाया जाता है ? क्या फसल के बाज़ार मूल्य के हिसाब से मुआवज़ा निर्धारित करेंगे?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हॉ, धरमजयगढ़ विधानसभा अंतर्गत धरमजयगढ़ वनमंडल में प्रश्न अवधि में फसल क्षति के 1059 प्रकरण लंबित है। शासन के प्रावधान अनुसार रूपये 9000/- प्रति एकड़ की दर से मुआवजा भुगतान किया जाता है। वर्तमान खरीफ फसल में फसल नुकसान के 1059 आवेदन प्राप्त हुए है। **(ख)** प्रश्नांश ''क" के लंबित प्रकरणों का आगामी 30 दिनों के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा। **(ग)** शासकीय योजनाओं अंतर्गत देय राशि में परिवर्तन एक नीतिगत विषय है, जिस पर गुण-दोषों के आधार पर समय-समय पर वृद्धि नियमानुसार किया जाता है।

छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2019 से 2023 तक पाठ्यपुस्तकों का मुद्रण एवं वितरण

[स्कूल शिक्षा]

7. (*क्र. 105) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 तथा 2023 में कक्षा पांचवीं से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए किस-किस विषय की कुल कितनी-कितनी किताबों का मुद्रण करवाया गया तथा वितरण की जानकारी जिलेवार बतायें? **(ख)** प्रश्नांक "क" में उल्लेखित कैलेण्डर वर्षों में प्रदेश के किन-किन जिलों के शासकीय तथा निजी विद्यालयों से पृथक-पृथक कक्षावार, कितनी-कितनी पुस्तकें छापने की डिमांड निगम को मिली ? जिलेवार बतायें? **(ग)** प्रश्नांश "क" एवं "ख" में प्राप्त डिमांड तथा तत्पश्चात मुद्रित पुस्तकों के वितरण की प्रक्रिया क्या थी? ब्लॉकवार या संकुलवार वितरण पश्चात शेष किताबें कहाँ रखी जाती हैं तथा उनका रिकार्ड किस प्रकार रखा जाता है? जिला या ब्लॉकवार वाइस रखा जाता है ? **(घ)** क्या विगत कुछ समय पूर्व कुछ जिलों से इन किताबों को रद्दी भाव से बेच दिया गया ? यदि हाँ तो किस नियम प्रक्रिया के तहत् ? क्या इस हेतु कोई जाँच समिति बनाई गई है ? यदि हाँ तो क्या उसकी रिपोर्ट आ चुकी है ? उसके आधार पर क्या कार्रवाई की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) कैलेण्डर वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 तथा 2023 में कक्षा पाँचवीं से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिये विषयवार मुद्रण की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब, स, द, इ** अनुसार है तथा वितरण की जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-क, ख, ग, घ, ड., च, छ, ज, झ, ञ** अनुसार है। **(ख)** पुस्तकों की डिमांड की जानकारी प्राचार्य, शासकीय एवं निजी विद्यालयों द्वारा सीधे नहीं भेजी जाती है। **(ग)** मुद्रित पुस्तकों के वितरण की प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार हैः-

वर्ष	शाला का प्रकार	कक्षा	माध्यम	वितरण स्थान
2019	शासकीय एवं अनुदान प्राप्त	कक्षा 01ली से 8वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	संकुल स्तर तक
	शासकीय एवं अनुदान प्राप्त	कक्षा 9वीं एवं 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	हाईस्कूल स्तर तक
	अशासकीय शालाएँ	कक्षा 01ली से 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	जिला स्तर तक (स्थायी/अस्थायी डिपो)
2020 से 2023 तक	शासकीय एवं अनुदान प्राप्त	कक्षा 01ली से 8वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	संकुल स्तर तक
	शासकीय एवं अनुदान प्राप्त	कक्षा 9वीं एवं 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	हाईस्कूल स्तर तक

	स्वामी आत्मानंद विद्यालय	कक्षा 01ली से 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	हाईस्कूल स्तर तक
	अशासकीय शालाएँ	कक्षा 01ली से 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	निगम के छः स्थायी डिपो से

पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा ब्लॉकवार या संकुलवार वितरण पश्चात् शेष बची किताबें निगम के छः स्थाई डिपो क्रमशः रायपुर, राजनांदगाँव, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर में रखी जाती हैं। विद्यालयों में पुस्तकों के वितरण पश्चात् शेष किताबें जिलों के विभिन्न स्थलों जैसे शाला, संकुल, छात्रावास, बी.आर.सी. कार्यालय एवं अस्थाई डिपो पर सुरक्षित भंडारित है। **(घ)** दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 16.09.2024 को लाखों किताबें कबाड़ में सिलयारी स्थित पेपर मिल में रददी के भाव बेचने संबंधी समाचार प्रकाशित हुई थी। इसकी विस्तृत जांच हेतु छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश कमांक एफ 1-16/2024/20-दो, दिनांक 16.09. 2024 द्वारा समिति गठित की गई थी। समाचार पत्रों में प्रकाशित उक्त घटना को शासन ने गंभीरता से लेते हुये सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक एफ 2-08/2024/एक/2. दिनांक 19.09.2024 द्वारा अपर मुख्य सचिव, छ०ग० शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को नियमानुसार जांच कर राज्य शासन को जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित समिति से प्राप्त जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव, छ0ग0शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को सौंप दी गई है। जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीनहै।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के लिए तौल मशीन आदि की खरीदी

[सहकारिता]

8. (*क्र. 152) डॉ. चरण दास महंत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के लिए अप्रैल, 2024 से 25 नवम्बर, 2024 तक क्रय किये गये तौलाई मशीनों, तालपत्री, नमी मापक यंत्रों तथा बारदाना सिलाई मशीन की जिलावार संख्याएं (संख्या एवं मशीनें), राशि तथा क्रय की पद्धति का विवरण देवे? **(ख)** क्या इस क्रयकरण में भंडार क्रय नियमों का पालन किया गया है? क्या जेम पोर्टल से क्रय किया गया है? यदि नहीं तो क्यों? क्या भिन्न-भिन्न संस्थाओं के द्वारा क्रय एक समान मशीनों/वस्तुओं की दरों में भिन्नताएं हैं? यदि हां तो कारण क्या है? **(ग)** क्रय करने के लिए किसके द्वारा क्या-क्या निर्देश दिये गये थे? यदि नहीं तो क्यों? **(घ)** क्या क्रय के संव्यवहारों में कोई अनियमितताएं परिलक्षित हुई हैं? यदि हां, तो क्या और क्या कार्यवाही की गई?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा अप्रैल 2024 से 25 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गये तौल मशीन, तालपत्री, नमी मापक यंत्र, तथा बारदाना सिलाई मशीन की जिलेवार संख्या, राशि तथा क्रय पद्धति की जानकारी क्रमश: **प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स, प्रपत्र-द अनुसार है । (ख)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित सामग्रियों के क्रयकरण में भंडार क्रय नियमों के पालन तथा जेम पोर्टल से क्रय के संबंध में जानकारी क्रमश: **प्रपत्र- इ , प्रपत्र-फ, प्रपत्र-ग, प्रपत्र-ह अनुसार है ।** सहकारी समितियों द्वारा सामग्रियों की खरीदी अपनी आवश्यकताओं के अनुरुप संख्या में स्थानीय बाजारो में उपलब्ध विक्रेताओं से खरीदी की गई है। चूकि विभिन्न स्थानों से विभिन्न गुणवत्ता एवं मेल की सामग्री खरीदी गई है जिससे क्रय की गई दरों में भी भिन्नता है। **(ग)** नमी मापक यंत्र, इलेक्ट्रानिक कॉटाबाट सभी उपार्जन केन्द्र में रखे जाने के निर्देश धान उपार्जन नीति में दिये गए है। **(घ)** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कार्यक्षेत्र दुर्ग अंतर्गत दैनिक समाचार पत्र में '' तराजू खरीदने जारी किए गए 2.93 करोड़ रूपये 2 एजेंसियों के कोटेशन फर्जी, शिकायत'' समाचार प्रकाशन, संज्ञान में आई थी, जिसकी जांच हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग द्वारा कमेटी का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त कतिपय समितियों में भी प्रश्नांश (क) में उल्लेखित सामग्रियों के क्रय में नियमों का पालन नहीं किया जाना संज्ञान में आया है, जिस पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

प्रदेश में आईएएस व आईएफएस अधिकारी के स्वीकृत/रिक्त पद

[सामान्य प्रशासन]

9. (*क्र. 221) श्री धरमलाल कौशिक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश में कुल कितने आईएएस व आईएफएस अधिकारी के पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं? इनमें से किन-किन अधिकारियों के विरूद्ध वर्ष 2019 से ईओडब्ल्यू, एसीबी, ईडी, सीबीआई एवं अन्य केन्द्रीय जांच एजेंसी के द्वारा कब से एवं किस विषय से संबंधित जांच की गई/ की जा रही है? किन-किन केन्द्रीय एजेंसी द्वारा, किस-किस अधिकारी के विरूद्ध चालान, सम्मन व प्रकरण दर्ज होने की जानकारी छ.ग. शासन को दी गई है तथा इनके विरूद्ध शासन द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : प्रदेश में आईएएस के कुल 202 पद स्वीकृत, 161 भरे एवं 41 पद रिक्त है तथा आईएफएस के कुल 153 पद स्वीकृत, 108 भरे एवं 45 रिक्त है। ईओडब्ल्यू/एसीबी, द्वारा वर्ष 201़9 से अब तक कुल 27 आईएएस अधिकारियों के विरूद्ध 11 अपराध, 01 प्रारंभिक जांच व 31 शिकायत पंजीबद्ध कर जांच की गई/की जा रही है तथा 24 आईएफएस अधिकारियों के विरूद्ध विभिन्न विषयों में कुल 31 शिकायत पंजीबद्ध कर जांच की गई/की जा रही है । जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। केन्द्रीय जांच एजेंसी द्वारा की जा रही जांच की जानकारी राज्य शासन के पास उपलब्ध नहीं है। विभाग में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2019 से दिनांक 09.12.2024 तक केन्द्रीय एजेंसी द्वारा आईएएस/आईएफस अधिकारीयों के विरूद्ध चालान, सम्मन, एवं प्रकरण दर्ज होने एवं विभाग द्वारा उनके विरूद्ध कि गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

राजस्व विभाग में तीन वर्ष से अधिक समय से कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

10. (*क्र. 265) श्री बालेश्वर साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तीन वर्ष से अधिक समय से कार्यरत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लिपिक कर्मचरियों को अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं ? **(ख)** यदि हां तो वर्तमान में एक ही जिले में तीन वर्ष से अधिक समय से तहसीलदार/ नायब तहसीलदार/ लिपिक कर्मचारी अधिकारी को कब तक अन्यत्र स्थानांतरित किया जावेगा ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

प्रदेश में छात्र सुरक्षा बीमा योजना का क्रियान्वयन

[स्कूल शिक्षा]

11. (*क्र. 237) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के सरकारी/अनुदान प्राप्त स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत् विद्यार्थियों की आकस्मिक मृत्यु पर क्या किसी प्रकार की सहायता राशि/बीमा की राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान/नियम है? यदि हां तो कितनी-कितनी राशि प्रदाय की जाती है? शासन द्वारा जारी नियम/निर्देश की प्रति सहित सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रदेश के सरकारी/अनुदान प्राप्त स्कूलों में अध्ययनरत् कितने विद्यार्थियों की सत्र 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान सत्र में प्रश्नांश तिथि तक आकस्मिक घटनाओं में मृत्यु हुई है व कितने मृत छात्र-छात्राओं के आश्रितों को सहायता राशि/छात्र सुरक्षा बीमा की राशि प्रदान की गई? वर्षवार, जिलावार जानकारी उपलब्ध करावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हॉ। प्रदाय की जाने वाली राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

1	किसी भी परिस्थिति में प्रति छात्र/छात्रा दावे की अधिकतम राशि	रू.100000/-
2	दुर्घटना जनित मृत्यु होने पर	रू.100000/-

3	दुर्घटना जनित 100 प्रतिशत स्थायी पूर्ण अपंगता होने पर	रू.100000/-
4	दुर्घटना जनित किन्ही दो अंगो,दोनो ऑखों या एक अंग और एक आंख की क्षति होने पर	रू.100000/-
5	दुर्घटना जनित एक अंग या एक आंख की पूर्ण क्षति होने पर	रू.50000/-
6	उपर्यूक्त के अलावा अन्य दुर्घटना जनित कारणों से स्थायी पूर्ण अक्षमता राशि	रू.100000/-
7	दुर्घटनोपरांत चिकित्सकीय/अस्पतालीय व्यय प्रतिपूर्ति (अधिकतम देय प्रति छात्र/छात्रा) पर राशि	रू.25000/-

शासन द्वारा जारी नियम निर्देश की प्रति **संलग्न प्रपत्र- अ** अनुसार है।है। **(ख) संलग्न प्रपत्र ब** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]**

अरपा भैंसाझार परियोजना से सिंचित रकबा

[जल संसाधन]

12. (*क्र. 45) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अरपा भैंसाझार परियोजना से कुल कितना क्षेत्रफल सिंचित होने की योजना है? कौन-कौन से ग्रामों में कितने क्षेत्रफल में सिंचाई होने की योजना है? **(ख)** अरपा भैंसाझार परियोजना कब प्रारंभ हुई एवं कब पूर्ण हुई है? परियोजना की कुल लागत राशि क्या है? अरपा भैंसाझार परियोजना में दिनांक 25/11/2024 तक कुल कितनी राशि का व्यय किन-किन कार्यो में किया जा चुका है? **(ग)** अरपा भैंसाझार परियोजना अंतर्गत दिनांक 25/11/2024 तक कुल कितना क्षेत्रफल सिंचित हुआ? कौन-कौन सा ग्राम सिंचित हुआ है? रकबा सहित जानकारी देवें? **(घ)** योजना में प्रस्तावित कौन-कौन से ग्रामों में सिंचाई नहीं हो रही है? शेष ग्राम एवं क्षेत्र में सिचाई हेतु क्या योजना है? विवरण दें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) अरपा भैंसाझार परियोजना से कुल 25000 हेक्टयर (खरीफ) क्षेत्रफल सिंचित होने की योजना है। परियोजना से बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के 01 ग्राम, तखतपुर विकासखण्ड के 70 ग्राम एवं बिल्हा विकासखण्ड के 31 ग्रामों कुल लाभान्वित ग्राम की संख्या 102 हैं। ग्रामवार विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** अरपा भैंसाझार परियोजना दिनांक 13.09.2013 को अनुबंध कर प्रांरभ की गई है एवं वर्तमान में परियोजना निर्माणाधीन है। परियोजना की लागत राशि रू.1141.90 करोड़ है। अरपा भैंसाझार परियोजना मे दिनाक 25/11/2024 तक परियोजना के निर्माण कार्य हेतु रू. 317.59 करोड़, वनभूमि हेतु रू. 104.10 करोड़, भू-अर्जन मुआवजा हेतु रू. 577.00 करोड़ भू-अर्जन अधिकारी को जमा किया गया है, मुख्य नहर के रेल्वे क्रासिंग के निर्माण हेतु रेल्वे विभाग को रु. 2.76 करोड़ पर्यावरण संबंधी कार्यों में रू. 26.04 करोड़, वि./यां कार्य हेतु रू. 0.09 करोड़, पर्यावरण अध्ययन एवं विविध व्यय में रू. 19.18 करोड़, कुल राशि रू. 1046.76 करोड़ व्यय किया जा चुका है। **(ग)** अनुबंधानुसार कार्य एजेन्सी को 25000 हेक्टेयर रकबा में खरीफ सिंचाई करना था, जिसके परिपालन में ठेकेदार द्वारा वर्ष 2023-24 में कोटा एवं तखतपुर विकासखण्ड के कुल 49 ग्रामों में कुल 12970 हेक्टयर में सिंचाई की गई है। वर्ष 2024-25 में कोटा एवं तखतपुर विकासखण्ड के कुल 48 ग्रामों में कुल 12000 हेक्टेयर में खरीफ की सिंचाई की गई है। सिंचित ग्राम तथा रकबा सहित **जानकारी संलग्न प्रपत्र—ब अनुसार है। (घ)** योजना में प्रस्तावित तखतपुर विकासखण्ड के कुल 22 ग्रामों एवं बिल्हा विकासखण्ड के 31 ग्रामों में कुल 53 ग्रामों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र—स अनुसार है।** परियोजना से शेष ग्रामों में सिंचाई हेतु ग्राम सैदा में अवरोधित क्षेत्र में नहर निर्माण हेतु संबंधित कृषक एवं अन्य कृषकों के भू-अर्जन हेतु मुआवजा विवादों का निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है एवं शेष नहर निर्माण कार्यों को पूर्ण करने हेतु संबंधित ठेकेदार को नवमी समयावृद्धि प्रदाय कर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

वनमंडल कटघोरा में कैम्पा मद से किए गए कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

13. (*क्र. 11) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 68 (क्रमांक 276) दिनांक 22 जुलाई, 2024 के अनुसार 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक प्रपत्र "अ" में उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार भू-जल संरक्षण कार्य में 1271.53 लाख एवं वनमार्ग उन्नयन कार्य में 283.93 लाख व रपटा/पुलिया निर्माण में 77.46 लाख, पुराने वृक्षारोपण रख-रखाव कार्य में 84.03 लाख रूपये का व्यय किया गया है उक्त उपलब्ध जानकारी के अनुसार किन-किन परिक्षेत्र के, किन-किन कम्पार्ट में, कितनी-कितनी राशि का कार्य कराया गया? विस्तृत जानकारी उपलब्ध करावें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 68 (क्रमांक 276) दिनांक 22 जुलाई, 2024 के अनुसार 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक प्रपत्र ''अ" में उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार भू-जल संरक्षण कार्य में 1271.53 लाख एवं वनमार्ग उन्नयन कार्य में 283.93 लाख व रपटा/पुलिया निर्माण में 77.46 लाख, पुराने वृक्षारोपण रख-रखाव कार्य में 84.03 लाख रू. का व्यय का परिक्षेत्रवार, कम्पार्टमेंट वार व्यय राशि का **विवरण संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

बजट में सम्मिलित बालोद जिले के कार्यो के लिए राशि की स्वीकृति

[जल संसाधन]

14. (*क्र. 381) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के बजट में विभाग द्वारा बालोद जिले के अंतर्गत किन-किन कार्यों को सम्मिलित किया गया है? वर्षवार, कार्यवार जानकारी देवें ? **(ख)** कण्डिका 'क' के किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी जा चुकी है एवं किन-किन कार्यों के लिए राशि स्वीकृत किया जाना किन कारणों से लंबित है? जानकारी देवें ? **(ग)** कण्डिका 'ख' में स्वीकृति प्राप्त किन-किन कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है एवं किन-किन कार्यों की निविदा की प्रक्रिया प्रचलन में है? जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) बालोद जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 76 कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 80 कार्य सम्मिलित किया गया है। वर्षवार, कार्यवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में 01 कार्य के लिए रू. 292.84 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 01 कार्य के लिए रू. 1102.98 लाख का प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्ष 2023-24 के बजट में से 14 कार्यो के प्राक्कलन रू. 14099.85 लाख एवं वर्ष 2024-25 के बजट में से 13 कार्यो के प्राक्कलन रू. 11436.27 लाख का प्रशासकीय स्वीकृति प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।(ग)** कंडिका 'ख' अनुसार 02 कार्यो में से 01 कार्यो का अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण कर कार्य प्रगतिरत है। 01 कार्य की निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार है।**

प्रदेश के शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती

[स्कूल शिक्षा]

15. (*क्र. 325) श्री रिकेश सेन : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बजट सत्र के दौरान प्रदेश के शिक्षा विभाग में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा तत्कालीन शिक्षा मंत्री (श्री बृजमोहन अग्रवाल) द्वारा की गयी थी? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार उक्त भर्तियाँ कब तक की जाएगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हॉ। **(ख)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

विधानसभा क्षेत्र आरंग में स्कूलों एवं शिक्षकों की उपलब्धता

[स्कूल शिक्षा]

16. (*क्र. 441) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र आरंग में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कितने उच्चत्तर माध्यमिक/माध्यमिक/पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला संचालित हैं? उपरोक्त में से कितने भवन विहिन/जर्जर/क्षतिग्रस्त है? वर्ष 2020 से दिनांक 25.11.2024 तक स्कूलों के नवीन भवन एवं क्षतिग्रस्त तथा जर्जर भवनों के रखरखाव एवं मरम्मत में कितनी राशि व्यय की गई ,वर्षवार स्कूल वार बतावें? इन वर्षों में कितने छात्र-छात्राओं के द्वारा ड्रापआउट (शाला छोड़ने) का प्रकरण प्राप्त हुए। वर्षवार बतावें? **(ख)** आरंग विधानसभा क्षेत्र में स्कूलों में शिक्षकों के प्रत्येक संवर्ग के कुल कितने पद स्वीकृत हैं? इनमें कितने भरे गये एवं कितने रिक्त हैं ? रिक्त पद के पूर्ति हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है एवं कब तक पूर्ति की जावेगी समयावधि बतावें? **(ग)** प्रश्नांक **(क)** अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्षों में पात्रतानुसार कुल कितने छात्र-छात्राओं को कुल कितनी सायकल का वितरण किया जाना था, के विरुध्द कितने सायकल तथा विकलांग छात्र-छात्राओं को ट्रायसाईकल का वितरण किया गया एवं कितना शेष है एवं शेष को कब तक की जावेगी, बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र आरंग में शिक्षा विभाग के अंतर्गत 33 उच्चतर माध्यमिक, 17 हाईस्कूल. 120 पूर्व माध्यमिक एवं 213 प्राथमिक शाला संचालित है। उपरोक्त में से 03 भवन विहीन, 98 जर्जर, 50 क्षतिग्रस्त है। वर्ष 2020 से दिनांक 25.11.2024 तक व्यय की गई राशि की वर्षवार, स्कूलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। छात्र-छात्राओं के द्वारा ड्रापआउट (शाला छोडने) का प्रकरण वर्ष 2020-21 में निरंक, वर्ष 2021-22 में 137. वर्ष 2022-23 में 246, वर्ष 2023-24 में 30 एवं वर्ष 2024-25 में 316 है। **(ख)** जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	पदनाम	स्वीकृत	कार्यरत	रिक्त
1	प्राचार्य	46	18	28
2	व्याख्याता	452	382	70
3	प्र.पा.मा.शा.	109	33	76
4	शिक्षक	574	499	75
5	प्रधान पाठक प्रा.शा.	200	113	87
6	सहायक शिक्षक	927	638	289

पदोन्नति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। पद पूर्ति की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	वर्ष (2020 से 2024 तक)	पात्र छात्र-छात्राओं की संख्या	कितने सायकिलों का वितरण किया जाना था?	कितने सायकिलों का वितरण किया गया?	कितनी सायकिलों का वितरण शेष है?	विकलांग छात्र-छात्राओं को ट्राई-सायकल वितरित की गई	कितनी ट्राई-सायकलों का वितरण शेष है?
1	2020-21	2329	2329	2329	0	0	0
2	2021-22	2412	2412	2412	0	0	0
3	2022-23	2641	2641	2641	0	0	0
4	2023-24	2272	2272	2272	0	0	0
5	2024-25	2155	2155	2155	0	0	0

[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

सहायक शिक्षकों के वेतनमान में विसंगति का निराकरण

[स्कूल शिक्षा]

17. (*क्र. 414) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधान सभा क्षेत्र बिलाईगढ़ में शिक्षा विभाग में कुल कितने सहायक शिक्षक पदस्थ हैं ? शालावार पदस्थ शिक्षकों एवं रिक्त पदों की जानकारी देवें ? **(ख)** सहायक शिक्षकों के वेतनमान विसंगतियों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधान सभा क्षेत्र बिलाईगढ़ में शिक्षा विभाग में कुल 804 सहायक शिक्षक कार्यरत है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख)**विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन विसंगतियों के कारण वेतनमान में संशोधन करने के प्रस्तावों का परीक्षण कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक 1286/382/2024/एक-3, दिनांक 09.07.2024 द्वारा विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) की अध्यक्षता में आंतरिक समिति का गठन किया गया है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

कटघोरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नवीन धान उपार्जन केंद्र की स्वीकृति

[सहकारिता]

18. (*क्र. 499) श्री प्रेमचंद पटेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कोरबी धान उपार्जन केंद्र अंतर्गत ढोलपुर ग्राम पंचायत एवं अखरापाली धान उपार्जन केंद्र अंतर्गत मुढाली ग्राम में नया धान उपार्जन केंद्र हेतु प्रस्ताव भेजा गया था? यदि हां, उक्तानुसार प्राप्त प्रस्तावों पर कृत कार्यवाही की जानकारी दें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : जी हां, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोरबी धान उपार्जन केंद्र अंतर्गत ढोलपुर ग्राम पंचायत एवं अखरापाली धान उपार्जन केन्द्र अंतर्गत मुडाली ग्राम में नया धान उपार्जन केंद्र हेतु प्रस्ताव कलेक्टर खाद्य शाखा जिला-कोरबा के पत्र क्रमांक/1585/ खाद्य/2024, दिनांक 21.10.2024 एवं पत्र क्रमांक/1587/खाद्य/2024, दिनांक 21.10.2024 के माध्यम से खाद्य विभाग को प्राप्त हुआ है। प्रदेश में वर्तमान में औसतन 04 पंचायतों के बीच एक उपार्जन केन्द्र संचालित है, और नवीन उपार्जन केन्द्रों को खोलने का निर्णय गुण-दोषों के आधार पर किया जाता है।

भाटापारा वि.स. क्षेत्र के बजट में जल संसाधन विभाग द्वारा सम्मिलित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

[जल संसाधन]

19. (*क्र. 285) श्री इंद्र साव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत बजट 2024-25 में मेरे प्रस्ताव पर किन-किन कार्यों को शामिल किया गया था एवं स्वीकृति प्रदान की गई थी ? **(ख)** क्या बजट में सम्मिलित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हां तो किन-किन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ? जानकारी बतायें ? **(ग)** स्वीकृत प्रशासकीय निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ होंगे ? क्या इसके लिए विभाग द्वारा निविदा (टेंडर) जारी हो चुके हैं ? अगर नहीं तो कब तक निविदा अथवा टेंडर जारी कर दिये जायेंगे एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिये जायेंगे ? समय-सीमा बतायें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत बजट 2024-25 मे नवीन मद में 05 कार्यों को शामिल किया गया था, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** बजट मे सम्मिलित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सर्वेक्षण कार्य के उपरांत प्रशासकीय स्वीकृति हेतु 02 कार्यों का डी.पी.आर. प्रस्तुत किया जा चुका है तथा 03 कार्यों का सर्वेक्षण पश्चात प्रशासकीय स्वीकृति हेतु डी.पी.आर. तैयार किया जा रहा है। **(ग)** प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात तकनीकी स्वीकृति एवं ''जी शेड्यूल'' अनुमोदन के बाद निविदा आमंत्रित की जावेगी। निविदा की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया जावेगा। **[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]**

हाथी द्वारा फसल नुकसान किये जाने पर मिल रही मुआवजा राशि में वृद्धि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

20. (*क्र. 404) श्री भईया लाल राजवाड़े : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान हेतु निर्धारित मुआवजा राशि प्रति एकड़ 9000/- नौ हजार में वृद्वि की योजना है, यदि हां तो कितनी ? **(ख)** जिला कोरिया अन्तर्गत ग्राम मेको, सलबा जंगल में वर्ष 2019 से 2024 तक कितने मुआवजा प्रकरण का निराकरण हुआ है ? **(ग)** मुआवजा प्रकरण में प्रति एकड़ प्रति व्यक्ति कितनी राशि दी गई है ? **(घ)** हाथी, फसल को नुकसान न पहुंचायें, इसके लिए क्या उपाय किये गये है ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) हाथियों द्वारा फसल नुकसान पर प्रति एकड़ 9000 रूपये भुगतान किया जा रहा है। योजनाओं का मूल्यांकन एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन निर्धारित प्रक्रियानुसार समय-समय पर किया जाता है ।**(ख)** जिला कोरिया अंतर्गत ग्राम मेको, सलबा जंगल में प्रश्नावधि में कुल 35 प्रकरणों का निराकरण हुआ है। **विस्तृत विवरण संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।(ग)** फसल मुआवजा प्रकरण में शासन के प्रावधान अनुसार प्रति एकड़ रूपये 9000/- की दर से क्षति का आकलन कर मुआवजा दिया जाता है। **विस्तृत विवरण संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है ।(घ)** कोरिया जिला में हाथी द्वारा फसल को नुकसान न पहुंचाया जाए, इसके लिए विभाग द्वारा हाथी मित्र दल का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से जन जागरूकता फैलाई जाती है। वन्यप्राणी संरक्षण एवं संवर्धन हेतु हाथी रहवास एवं कॉरिडोर क्षेत्रों में जल स्त्रोंतों का निर्माण, चारागाह विकास कार्य, अखाद्य खरपतवार का उन्मूलन, अग्नि सुरक्षा आदि कार्य संपादित किए जाते हैं ताकि हाथियों को वनों से ही पर्याप्त भोजन एवं पानी उपलब्ध हो सके जिससे हाथी वन क्षेत्रों में ही रहें।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

देवभोग वि.ख. के शिक्षक व्याख्याता के सी.पी.एस. की कटौती राशि संबंधी

[स्कूल शिक्षा]

21. (*क्र. 37) श्री जनक ध्रुव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह सत्य है कि जिला गरियाबंद के विकासखण्ड देवभोग अंतर्गत कार्यरत सहायक शिक्षकों, व्याख्याता के सी.पी.एस. की राशि अप्रैल, 2012 से अप्रेल, 2022 तक संबंधित शिक्षकों के खाते में जमा नहीं की गई है? यदि हां तो कटौती की लंबित राशि संबंधितों के खाते में कब तक जमा कर दी जाएगी? जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी नहीं, विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। किन्तु फरवरी 2013 से फरवरी 2014 तक एवं फरवरी 2016 से मार्च 2017 तक की राशि जमा होना शेष है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

विधानसभा क्षेत्र धरसींवा अंतर्गत मदिरा दुकानों का संचालन एवं प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

22. (*क्र. 43) श्री अनुज शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र धरसींवा अंतर्गत मदिरा दुकानों के संचालन हेतु कर्मचारियों की भर्ती के लिये मेसर्स बी.आई.एस. सिक्योरिटिज इंडिया प्रा.लि.को किस आधार पर एवं कितने समय के लिये टेंडर आबंटित किया गया है? निविदा शर्तो की जानकारी प्रदान करें? **(ख)**प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या उक्त ऐजेंसी के विरूद्ध भर्तियों एवं दुकान संचालन संबंधी किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो क्या और विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई? **(ग)**क्या विभाग को संचालन ऐजेंसी के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त करने एवं कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार है? यदि हां तो किस प्रक्रिया के तहत निविदा निरस्त की जा सकती है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र धरसींवा अंतर्गत मदिरा दुकानों के संचालन हेतु आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिये मेसर्स बी.आई.एस. सिक्योरिटिज इंडिया प्रा.लि. को

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी निविदा दिनांक 19-02-2024 के भाग 02 के शर्त क्रमांक 12.6 - पर्याप्त रूप से प्रतिक्रियाशील बोलियों का मूल्यांकन और तुलना शीर्ष में उल्लेखित मापदण्डों के आधार पर दिनांक 01-04-2024 से 02 वर्षों के लिये टेंडर आबंटित किया गया है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। निविदा शर्तों के अंतर्गत न्यूनतम पात्रता मापदंड की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार मेसर्स बी.आई.एस. सिक्योरिटिज इंडिया प्रा.लि. के विरूद्ध भर्ती संबंधी किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। मदिरा दुकान संचालन संबंधी 207 शिकायत अधिक दर पर मदिरा विक्रय एवं 01 शिकायत शराब में मिलावट के प्राप्त हुई है। प्राप्त कुल 208 शिकायतों में से 17 शिकायतों की पुष्टि हुई है, जिस पर अधिक दर पर मदिरा विक्रय के प्रकरण दर्ज किये गये हैं। विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ग)** हॉ, विभाग को संचालन ऐजेंसी के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त करने एवं कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार है। विधि द्वारा स्थापित मान्य प्रक्रिया का पालन करते हुये निविदा की शर्तों के उल्लंघन पाये जाने पर निविदा दिनांक 19-02-2024 के भाग - 03 की शर्त क्रमांक 09 के प्रावधान अनुसार निविदा निरस्त की जा सकती है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-द** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जिला खनिज न्यास मद में प्राप्त राशि

[खनिज साधन]

23. (*क्र. 62) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवीन जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जिला निर्माण से दिनांक 25/11/2024 तक जिला खनिज न्यास मद में कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ है? किन-किन विभागों को किस -किस कार्य हेतु कितनी राशि का आबंटन जारी किया गया है? इन कार्यो हेतु कार्य एजेंसी किसे बनाया गया है? **(ख)** जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में अब तक जिला खनिज न्यास मद में प्राप्त राशि से कितने कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें से कितने कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा कितने अपूर्ण हैं ? यदि अपूर्ण हैं तो कब तक पूर्ण कर लिए जायेंगे? वर्षवार विकासखंडवार , विभागवार जानकारी प्रदान करें? **(ग)** जिला खनिज न्यास मद में वर्ष 2023-24 में किन-किन जनप्रतिनिधियों से कितनी- कितनी राशि की विभिन्न कार्यो के लिए अनुशंसा प्राप्त हुई है? अनुशंसित कार्यो में किन-किन जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर किन-किन कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है? विस्तृत जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) नवीन जिला-खैरागढ-छुईखदान-गंडई में जिला निर्माण से दिनांक 25/11/2024 तक जिला खनिज न्यास मद में 10 करोड़ 71 लाख रूपये प्राप्त हुआ। विभागों को स्वीकृत कार्य, जारी राशि एवं कार्य एजेंसी की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र- अ''** अनुसार है। **(ख)** जिला-खैरागढ-छुईखदान-गंडई में अब तक जिला खनिज संस्थान न्यास मद में प्राप्त राशि से 44 कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 12 कार्यो को निरस्त किया गया है। पूर्ण, अपूर्ण कार्यों की वर्षवार, विकासखंडवार एवं विभागवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र- ब''** अनुसार है। अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** जिला खनिज न्यास मद से जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान नही की जाती, वरन् शासी परिषद् की अनुशंसा के आधार पर कार्य स्वीकृत किये जाते है। अतः शेष प्रश्नांश उद्भूत नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

विधानसभा क्षेत्र डोंगरगॉव के अंतर्गत शासकीय, लगानी एवं आवासीय पट्टा धारित भूमि में अन्य व्यक्तियों द्वारा कब्जा/अतिक्रमण पर कृत कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

24. (*क्र. 355) श्री दलेश्वर साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगॉव जिला के विधानसभा क्षेत्र डोंगरगॉव के अंतर्गत वर्ष अप्रैल, 2023 से दिसंबर, 2024 तक शासकीय, लगानी एवं आवासीय पट्टा धारित भूमि में अन्य व्यक्यिों द्वारा कब्जा/अतिक्रमण किये जाने की

शिकायत पर अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय में प्रकरण या शिकायत दर्ज की गयी है? यदि हॉ, तो नगर पंचायत डोंगरगांव आवासीय पट्टा क्रमांक 087899, भूमि ख.नं. 365/2/1, शासकीय भूमि ख.नं.118, रकबा 3.674 हेक्टेयर, ग्राम घोरतलाव, निजी भूमि खसरा क्रमांक 790/3, ग्राम खैरवार, विकासखंड डोंगरगढ़ एवं वन भूमि पी-565 परिसर घोरतालाब रकबा 16.880 के संबंध में प्रश्नावधि तक क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो कार्यवाही नहीं किये जाने का क्या कारण है एवं कब तक कार्यवाही कर दी जाएगी? प्रकरणवार जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जी हॉ।अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202303091000089 ब/ 121 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 27.07.2023 को पट्टा क्रमांक 087899, भूमि ख.नं. 365/2/1 मद छोटे झाड के जंगल (घास) चरोखर (अधिकार अभिलेख अनुसार) को निरस्त कर उक्त स्थल पर निर्मित व्यावसायिक परिसर को अवैध निर्माण घोषित करते हुये उसे जनहित में ध्वस्त किये जाने का आदेश पारित किया गया है एवं दो मंजिला पक्का मकान निर्माणाधीन को ध्वस्त किए जाने हेतु तहसीलदार डोंगरगांव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत डोंगरगांव को आदेशित किया गया था। इस न्यायालय के पारित आदेश दिनांक 27.07.2023 के विरूद्ध अपर कलेक्टर राजनांदगांव में राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308090500002 ब / 121 वर्ष 2022-23 प्रस्तुत किया गया था। जिसमें दिनांक 28.06.2024 कोआदेश पारित कर इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202303091000089 ब/ 121 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 27.07.2023 त्रुटिपूर्ण होने से निरस्त किया गया है। इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202303091000089 ब/121 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 27.07.2023 के निरस्त होने के कारण कब्जा हटाने की कार्यवाही नहीं की गयी है। न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के ग्राम घोरतलाव, तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत खसरा नंबर 118 के कुल रकबा 3.674हे. मे से रकबा 0.713 हे. में विनय मित्रा पिता ए.डी. मित्रा का कब्जा के संबंध में राजस्व प्रकरण क्रमांक 202307094500068/अ-68/वर्ष 2022-23 को दिनांक 25.07.2023 को दर्ज किया जाकर आदेश पत्र दिनांक 08.07.2024 को विनय मित्रा द्वारा किये गये अवैध कब्जा को हटा दिये जाने से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है।न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के ग्राम पिनकापार (मजरा खैरवार), तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत खसरा नंबर 790/3 रकबा 0.036हे0 पर सरवन सिंह पिता गुलजार सिंह द्वारा अतिक्रमण के संबंध में प्राप्त शिकायत/आवेदन पत्र के संबंध में न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202404094500015 /ब-121 / वर्ष 2023-24 दिनांक 30.04.2024 दर्ज किया जाकर आदेश पत्र दिनांक 28.11.2024 के अनुसार मकान से किरायेदार को खाली कराने की अधिकारिता न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर को नही है, आवेदक चाहे तो सक्षम न्यायालय से अनुतोष प्राप्त कर सकता है संबंधी आदेश पारित किया जाकर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है। वनभूमि पी-565 परिसर घोरतालाब रकबा 16.880 में किसी प्रकार का कोई कब्जा/अतिक्रमण नहीं है। कार्यवाही की गयी है अत: शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

महासमुंद जिले के सरायपाली वन परिक्षेत्र की जांच पर कृत कार्यवाही

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

25. (*क्र. 137) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वित्तीय वर्ष 2022-2023 एवं 2023-2024 में महासमुंद जिले के सरायपाली वन परिक्षेत्र अंतर्गत ANR एवं RDF के तहत हुए कार्यों की शिकायत प्राप्त हुई थी ? अगर हाँ, तो जाँच में क्या पाया गया? उस पर किस अधिकारी व कर्मचारी पर क्या कार्यवाही की गयी? विवरण सहित बतावें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में महासमुंद जिले के सरायपाली वन परिक्षेत्र अंतर्गत ANR एवं RDF के तहत् हुए कार्यो की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अपितु महासमुंद वनमण्डल के सरायपाली वन परिक्षेत्र में वर्ष 2021-22 में सुधार कार्यवृत्त अंतर्गत विदोहित कूप का वर्ष 2023-24 में कराये गये ए.एन.आर. कार्यो में निरीक्षण के दौरान कार्यो में कमी पाये जाने के कारण प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छ.ग. के आदेश क्रमांक/प्र.मु.व.सं./एस.ओ./12, दिनांक 06.06.2024

द्वारा तीन सदस्यों की समिति गठित कर जांच कराई गई। समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार सरायपाली वन परिक्षेत्र अंतर्गत कराये गये ए.एन.आर. के तहत् पुनरूत्पादन सर्वेक्षण कार्य, फेंसिंग कार्य एवं ए.एन.आर. हेतु उपचार कार्य अंतर्गत ठुठ ड्रेसिंग, सी.बी.ओ., सफाई कार्य, अंगीकरण, गहरी जोताई/भू-जल संरक्षण कार्य एवं अग्नि सुरक्षा कार्य में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं पाये जाने के कारण उक्त संपादित कार्यो से संबंधित 7 अधिकारी/कर्मचारियों (1. श्री पंकज राजपूत (भा.व.से.) वनमण्डलाधिकारी महासमुंद वनमण्डल 2. श्री अनिल भास्करण, सहायक वन संरक्षक, उप वनमण्डलाधिकारी सरायपाली, वनमण्डल महासमुंद 3. श्री प्रत्युष टाण्डेय, वनक्षेत्रपाल, परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली 4. श्री संतोष कुमार पैकरा, वनक्षेत्रपाल, तत्का. उपवनक्षेत्रपाल 5. श्री योगेश्वर कर, वनपाल 6. श्री रविराम निर्मलकर, वनपाल एवं 7. श्री योगेश्वर निषाद, वनपाल) के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। अनुशासनात्मक कार्यवाही में जांच एवं तथ्यों के आधार पर उपरोक्त संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। **विवरण संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

बेमेतरा जिला अंतर्गत स्थापित एवं संचालित क्रशर प्लांट

[खनिज साधन]

1. (क्र. 1) श्री दीपेश साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेमेतरा जिला अंतर्गत कितने क्रशर प्लांट स्थापित व संचालित हैं? **(ख)** इनको लीज की अनुमति कितने समय के लिये दी गई है? **(ग)** क्या संचालित सभी क्रशर प्लांट निर्धारित मापदंडों को पूर्ण करते हैं या नहीं ? यदि नहीं तो नियम विरूद्ध अनुमति प्रदान करने वाले संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई करेंगे तथा क्या उक्त अवैध क्रशर प्लांट को बंद कब तक कराया जायेगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) बेमेतरा जिला अतंर्गत कुल 08 क्रशर प्लांट स्थापित व संचालित है। **(ख)** खदान एवं अस्थायी भण्डारण अनुज्ञापत्र क्षेत्रांतर्गत स्थापित क्रशर/लीज की अवधि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** के कॉलम नंबर 7 अनुसार है।**(ग)** 01 प्रकरण मे नियम/शर्तो का पालन नही करने की स्थिति मे अनुज्ञप्तिधारी को स्वीकृत भण्डारण अनुज्ञप्ति को दिनांक 10.11.2024 को निरस्त किया गया है। शेष सभी अनुज्ञप्तिधारी/पट्टेदार के द्वारा क्रशर प्लांट हेतु निर्धारित मापदण्डो का नियमानुसार पालन किया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

राज्य में रेत उत्खनन एवं भण्डारण

[खनिज साधन]

2. (क्र. 2) श्री दीपेश साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्तमान में रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण किए जाने के संबंध में कोई नीति-निर्देश तैयार किये गये हैं? **(ख)** राज्य में किस आधार पर रेत का उत्खनन व भंडारण किया जा रहा है? **(ग)** वर्तमान में सरकार द्वारा रेत की कीमत क्या निर्धारित की गई है एवं इनकी बिक्री हेतु किसे अधिकृत किया गया है? **(घ)** क्या राज्य में महानदी एवं शिवनाथ नदी के घाटों में रेत का उत्खनन वैध या अवैध रूप से किया जा रहा है? यदि अवैध रूप से किया जा रहा है तो अवैध उत्खनन करने वालो के विरूद्ध वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में 30 नवंबर,2024 तक क्या कार्यवाही की गई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख)** प्रदेश में रेत खदान का संचालन गैर अनुसूचित क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2019 के तहत तथा अनुसूचित क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम 2023 के तहत किया जा रहा है। रेत खनिज का भण्डारण छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009 के तहत किया जाता है। **(ग)** रेत की कीमत का निर्धारण विभाग द्वारा नहीं किया जाता है। खदान क्षेत्र से रेत खनिज का विक्रय पट्टेदार द्वारा किया जाता है।**(घ)** प्रदेश अंतर्गत महानदी में कुल 41 रेत खदान तथा शिवनाथ नदी में कुल 04 रेत खदान स्वीकृत होकर संचालित है। वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 में 30 नवम्बर 2024 तक महानदी एवं शिवनाथ नदी में रेत के अवैध उत्खनन के कुल 304 प्रकरण दर्ज किया जाकर 2 करोड़ 05 लाख 35 हजार 952 रूपये समझौता राशि वसूल किया गया है।

मोहला - मानपुर में स्वरोजगार कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण

[कौशल विकास]

3. (क्र. 6) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** स्वरोजगार कौशल विकास योजना अंतर्गत मोहला-मानपुर में वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में संचालित

प्रशिक्षण संस्थाओं के नाम, प्रशिक्षणार्थियों की संख्या एवं स्वरोजगार हेतु दी गई अनुदान राशि की जानकारी देवे? **(ख)** कौशल विकास योजना अंतर्गत कौन-कौन से ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है? कितने दिनों की ट्रेनिंग होती है? इसके लिए पात्र आवदेकों के मापदंड क्या-क्या होते हैं? **(ग)** मोहला-मानपुर अनुसूचित क्षेत्रों के स्थानीय संसाधन जैसे काष्ठ,बांस से संबंधित कौशल विकास की दिशा में और क्या-क्या प्रयास किए गए हैं?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वरोजगार कौशल विकास योजना अंतर्गत मोहला-मानपुर में कौशल प्रशिक्षण का संचालन नहीं किया गया है । मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत स्वरोजगार हेतु अनुदान राशि प्रशिक्षणार्थियों को दिए जाने का प्रावधान नहीं है, अतः स्वरोजगार हेतु दी गई अनुदान राशि की जानकारी निरंक है ।**(ख)** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) आधारित कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाता है । मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत मोहला-मानपुर में सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर, डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, फिल्ड टेक्निशियन एंड अदर होम अप्लायंस कोर्स में प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत हैं। कोर्स की प्रशिक्षण समयावधि एवं पात्र आवदेकों के मापदंड की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है ।**(ग)** मोहला-मानपुर अनुसूचित क्षेत्रों के स्थानीय संसाधन जैसे काष्ठए बांस से संबंधित कौशल विकास की दिशा में वर्तमान में प्रयास नहीं किया जा सका है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

दुर्ग जिला के डी.एम.एफ. मद की राशि का शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में आबंटन

[खनिज साधन]

4. (क्र. 7) श्री ललित चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग जिला में डी.एम.एफ. मद से वित्तीय वर्ष 2019-20 से नवम्बर, 2024 तक वर्षवार कितनी राशि प्राप्त हुई? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में डी.एम.एफ. मद से वित्तीय वर्ष 2020-21 से नवम्बर, 2024 तक कितनी राशि के विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार दुर्ग जिले के दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र एवं अन्य विधानसभा क्षेत्रों में डी.एम.एफ. मद की राशि का आबंटन किस आधार पर किया गया ? क्या शहरी क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र से ज्यादा राशि दी जाती है ? यदि हॉ, तो कारण सहित जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) दुर्ग जिला खनिज संस्थान न्यास मद में वित्तीय वर्ष 2019-20 से नवम्बर, 2024 तक वर्षवार प्राप्त राशि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में डी.एम.एफ. मद से वित्तीय वर्ष 2020-21 से नवम्बर, 2024 तक कुल 62 करोड़ 93 लाख 51 हजार रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं ।**(ग)** डी.एम.एफ. मद की राशि का आबंटन छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 में निहित प्रावधानो के तहत शासी परिषद के अनुमोदन उपरांत प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों मेंउच्च प्राथमिकता सेक्टर हेतु 60 प्रतिशत एवं अन्य प्राथमिकता 40 प्रतिशत के अनुपात में विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर किया किया जाता है। शेष प्रश्नांश उद्भूत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

दुर्ग ग्रामीण वि.खं. क्षेत्र के बांधों एवं एनीकट की मरम्मत

[जल संसाधन]

5. (क्र. 9) श्री ललित चंद्राकर : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नवीन बांधों की आवश्यकता से स्थल परीक्षण किया गया है ? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार कितने बांधों एवं एनीकटों के मरम्मत की आवश्यकता है ? विभाग द्वारा बांधो/एनीकटों की जांच पड़ताल एवं मरम्मत कार्य पूर्ण करने के क्या मापदण्ड है? वर्ष 2021 से नवम्बर, 24 तक कितनों की मरम्मत की गई? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के कितने बांधों में गहरीकरण एवं मजबूतीकरण, अधिक जल भराव संबंधित महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की गई हैं? विस्तृत जानकारी प्रदान करें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नवीन बांधों के निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 09 बांधों के मरम्मत कार्य की आवश्यकता है एवं किसी एनीकट में मरम्मत की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभाग की योजनाओं का वार्षिक निरीक्षण वर्षा पूर्व एवं वर्षा पश्चात करने का मापदण्ड है, इसके अलावा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है तथा मरम्मत कार्य के लिए आवश्यकतानुसार निरीक्षण कर कार्य कराया जाता है। वर्ष 2021 से नवम्बर 2024 तक 13 कार्यो की मरम्मत की गई है। **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 03 बांधों क्रमशः (1) बोरीगारका टारबांध का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य (2) रिसाली उमरपोटी जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य तथा (3) जंजगिरी व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार लाईनिंग एवं पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य से संबंधित योजना तैयार की जा रही है।

जिला-जशपुर अंतर्गत शालाओं में स्वीकृत पदस्थ एवं रिक्त पद

[स्कूल शिक्षा]

6. (क्र. 22) श्रीमती गोमती साय : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-जशपुर में कितनी प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी स्कूल, आश्रमशाला, छात्रावास संचालित हैं? विकासखंडवार विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार संचालित शालाओं में कितने पद स्वीकृत, पदस्थ एवं रिक्त हैं? कितनी शालाएं एकल शिक्षकीय एवं शिक्षकविहीन हैं? **(ग)** रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जायेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न''प्रपत्र अ''**अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र ब''** अनुसार है। **(ग)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

कोरबा जिला के अंतर्गत शासकीय राजस्व/वन भूमि को लीज पर दिया जाना

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

7. (क्र. 36) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ0ग0 भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत अनुसूचित क्षेत्र कोरबा जिले के अंतर्गत अवस्थित शासकीय मद की भूमि को ग्राम सभा की बगैर सहमति के लीज पर दिया जाना क्या विधि सम्मत है? यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में किन-किन निहित शर्तो/निर्देशों अनुसार किन-किन व्यक्तियों एवं किन-किन निजी कंपनियों को कितनी अवधि हेतु लीज पर दिया गया है? यदि नहीं तो संबंधितों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** कोरबा जिला के अंतर्गत किन-किन निजी कंपनियों द्वारा शासकीय मद की भूमि/वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है? उस पर सबंधित विभाग द्वारा कोई कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों? एवं कब तक की जावेगी?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) छ0ग0 भू-राजस्व संहिता, 1959 में शासकीय मद की भूमि को निजी व्यक्ति/कम्पनी को लीज पर दिये जाने के संबध में ग्राम सभा से सहमति लिया जाता हैै। कोरबा जिला अंतर्गत विगत तीन वर्षों में किन्हीं भी व्यक्तियों/निजी कम्पनियों को शासकीय मद की भूमि को लीज पर दिये जाने के संबंध में जानकारी निरंक है। **(ख)** कोरबा जिला 1. अनुभाग कटघोरा के तहसील दीपका अंतर्गत ग्राम दीपका में स्थित शासकीय भूमि ख.न. 316 में से रकबा 0.121 हे. पर ए.सी.बी. कम्पनी द्वारा अवैध कब्जा किया है। जिसमें संहिता की धारा 248 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। संबंधित हल्का पटवारी द्वारा जांच किया गया। 2.अनुभाग कोरबा तहसील कोरबा अंतर्गत शासकीय मद की भूमि/वन भूमि पर भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) कोरबा द्वारा अतिक्रमण किया गया है। उक्त प्रकरण माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है।

अरपा भैंसाझार परियोजना की शेष रॉयल्टी

[जल संसाधन]

8. (क्र. 46) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अरपा भैंसाझार परियोजना के शीर्ष एवं नहर कार्य में गिट्टी, रेत, मुरूम, बोल्डर कितनी मात्रा (क्यू.मी) में उपयोग हुआ है? खनिजवार जानकारी क्या है? **(ख)** खनिज विभाग से कितनी रॉयल्टी क्लीयरेंस, कब कब और कितनी रॉयल्टी प्राप्त हुई है ? शीर्ष एवं नहर कार्य में उपयोग किए गए खनिज से खनिज विभाग को कुल कितनी रॉयल्टी जमा किया जाना था ? रॉयल्टी जमा करने की समयावधि क्या निर्धारित थी? **(ग)** समयावधि तक कितनी रॉयल्टी जमा की गयी है? दिनांक 25/11/2024 तक कुल कितनी रॉयल्टी जमा की गयी है? कितना जमा किया जाना शेष है? **(घ)** समयावधि एवं दिनांक 25/11/2024 तक रॉयल्टी जमा नहीं होने पर खनिज विभाग द्वारा क्या कोई कार्रवाई की गई है? विस्तृत विवरण प्रदान करेंगे?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) अरपा भैंसाझार परियोजना के शीर्ष एवं नहर कार्य में अद्यतन स्थिति में उपयोग किए गये खनिज सामाग्री का विवरण निम्नानुसार हैः-

1	गिट्टी	364543.43 घन मीटर
2	रेत	185846.46 घन मीटर
3	सी.एन.एस.	263692.63 घन मीटर
4	बोल्डर	7263.00 घन मीटर

(ख) खनिज विभाग से रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र का विवरण निम्नानुसार है:-

स.क्र.	कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा का पत्र क्रमांक/दिनांक	सामाग्री का नाम	मात्रा (मि. टन/घन मीटर)
1	2	3	4
1	3454/04.04.2016	गिट्टी	41233 मि. टन / 28634.02 घन मी.
2	3455/04.04.2016	गिट्टी	- / 44691.00 घन मी.
3	Q/08.09.2016	गिट्टी	- /31153.416 घन मी.
4	1638/21.10.2016	गिट्टी	20525.00 मि. टन/ 14253.47 घन मी.
5	1640/21.10.2016	गिट्टी	38313.00 मि. टन / 26606.25 घनमी.
6	580/25.07.2018	गिट्टी	28758.00 मि. टन / 19970.83 घनमी.
7	1580/25.07.2018	गिट्टी	11937.00 मि. टन / 8289.58 घन मी.
8	1941/22.02.2020	गिट्टी	25073.00 मि. टन / 17411.80 घनमी.
9	विभिन्न देयकों से कटौती के अनुसार	गिट्टी	- / 51046.20 घन मी.
	योग:-		242056.566घन मी.
1	358/01.06.2018	रेत	50000.00 घन मी.
2	ग्राम पंचायत जोगीपुर /02.06.2018	रेत	6000.00 घन मी.
3	ग्राम पंचायत भैंसाझार /02.06.2018	रेत	6000.00 घन मी.
	योग:-		62000.00घन मी.

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) के दर दिनांक 19.03.2013 अनुसार राशि रू. 4,20,12,991.00 रायल्टी जमा किया जाना था। सामान्यतः बिल भुगतान के समय ठेकेदार को रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र खनिज शाखा से प्राप्त कर विभाग में प्रस्तुत करना होता है। निविदा के अंतिमीकरण के पूर्व कार्य में उपयोग किए गए

खनिज सामाग्रियों का रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होता है। **(ग)** समयावधि में रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र का विवरण निम्नानुसार है:-

स.क्र.	सामाग्री का नाम	मात्रा(घन मीटर)	राशि
1	2	3	4
1	गिट्टी	242056.566 घन मी.	24931826.00
2	रेत	62000.00 घन मी.	1240000.00
योग			26171826.00

दिनांक 25.11.2024 तक ठेकेदार द्वारा रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र हेतु शेष मात्रा निम्नानुसार है:-

स.क्र.	सामाग्री का नाम	मात्रा(घन मीटर)	शेष रॉयल्टी राशि
1	2	3	4
1	गिट्टी	122486.864 घन मी.	12616147.00
2	रेत	123846.46 घन मी.	2476929.00
3	बोल्डर	7263.00 घन मीटर	748089.00
योग			15841165.00

(घ) दिनांक 25.11.2024 तक रायल्टी जमा नहीं होने पर खनिज विभाग के द्वारा जल संसाधन संभाग कोटा को कार्यवाही संबंधित कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

बालोद जिला में रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के दर्ज प्रकरण पर कृत कार्यवाही

[खनिज साधन]

9. (क्र. 51) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिला में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में नवंबर, 2024 तक रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के कितने-कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं ? जानकारी बतावें ? **(ख)** कितने वाहनों एवं वाहन मालिकों तथा अवैध रेत/मुरूम उत्खनन करने वालों के विरूद्ध शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता

[स्कूल शिक्षा]

10. (क्र. 69) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कितने उच्चतर माध्यमिक/माध्यमिक/पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला संचालित हैं? उपरोक्त में से कितने भवनविहीन/जर्जर/क्षतिग्रस्त हैं? वर्ष 2021 से दिनांक 25/11/2024 तक स्कूलों के नवीन भवन एवं क्षतिग्रस्त तथा जर्जर भवनों के रखरखाव एवं मरम्मत में कितनी राशि व्यय की गई? वर्षवार बतावें? इन वर्षों में कितने छात्र-छात्राओं के द्वारा ड्रापआउट (शाला छोड़ने) के प्रकरण प्राप्त हुए? वर्षवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार विधानसभा क्षेत्र में स्कूलों में प्रत्येक संवर्ग के शिक्षकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं? कितने भरे गये एवं कितने रिक्त हैं? **(ग)** प्रत्येक वित्तीय वर्षों में पात्रतानुसार कुल कितने छात्र-छात्राओं को, कुल कितने सायकल का वितरण किया जाना था, जिस के विरुध्द कितने सायकल तथा विकलांग छात्र-छात्राओं को ट्रायसाईकल का वितरण किया गया एवं कितने शेष हैं एवं कब तक किया जावेगा? बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में शिक्षा विभाग के अंतर्गत 28 उच्चतर माध्यमिक 28 माध्यमिक 109 पूर्व माध्यमिक एवं 277 प्राथमिक शाला संचालित है। उपरोक्त में से 17 भवन विहीन 127 जर्जर 54 क्षतिग्रस्त है। वर्ष 2021 से दिनांक 25.11.2024 तक स्कूलों में व्यय की गई राशि की

वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र के बिन्दु "अ"** अनुसार है। छात्र-छात्राओं के द्वारा ड्रापआउट (शाला छोड़ने) की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र के बिन्दु "ब"** अनुसार है। **(ख)** जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	पदनाम	स्वीकृत	कार्यरत	रिक्त
1	प्राचार्य	28	9	19
2	व्याख्याता	526	423	103
3	प्र.पा.मा.शा.	109	64	45
4	शिक्षक	526	487	39
5	प्रधान पाठक प्रा.शा.	277	426	31
6	सहायक शिक्षक	989	556	433

(ग) जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	वर्ष (2020 से 2024 तक)	सायकल वितरण				ट्रायसायकल	
		पात्र छात्र-छात्राएं	वितरण किया गया था	वितरण किया गया	वितरण शेष	वितरण किया गया	वितरण शेष
1	2020-21	2157	2157	2157	0	0	0
2	2021-22	2035	2035	2035	0	5	0
3	2022-23	2123	2123	2123	0	8	0
4	2023-24	2123	2123	2123	0	3	0
5	2024-25	2139	2139	2139	0	0	0

[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

जिला बलौदाबाजार अंतर्गत उद्योगों हेतु अर्जित भूमि का मुआवजा

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

11. (क्र. 74) श्री जनक ध्रुव : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला बलौदाबाजार अंतर्गत स्थापित निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों द्वारा अधिग्रहित किए गए कितनी भूमि के मुआवजा का वितरण प्रक्रिया लंबित है? खसरा, रकबासहित भूमिस्वामी का विवरण दें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

प्रदेश में की शासकीय शालाओं हेतु शिक्षकों की भर्ती

[स्कूल शिक्षा]

12. (क्र. 80) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तत्कालीन शिक्षा मंत्री द्वारा 16 फरवरी, 2024 को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में घोषित 33000 शिक्षकों की भर्ती कब प्रारंभ होगी और इसकी समय सीमा क्या है? **(ख)** जिला- बिलासपुर अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता (विषयानुसार), ग्रंथपाल एवं सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के रिक्त पदों की जानकारी देवें?। विकासखंडवार विवरण देवें? **(ग)** क्या सरकार स्कूलों का युक्तियुक्तकरण करने पर विचार कर रही है यदि हॉ तो युक्तियुक्तकरण करने वाले स्कूलों की जिलावार एवं विकासखंडवार जानकारी देवें? **(घ)** क्या सरकार स्कूल शिक्षा विभाग सेटअप नियम, 2008 में परिवर्तन कर रही है यदि हॉ तो नियम की जानकारी देवें? **(ड)**एम.ए. छत्तीसगढ़ी योग्यता धारियों की किस-किस पद के लिए भर्ती, कब प्रारंभ होगी, जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ, ब** अनुसार है।। **(ग)** जी हाँ। युक्तियुक्तकरण प्रक्रियाधीन है, अतः युक्तियुक्तकरण किये जाने वाले

विद्यालयों की संख्या बताया जाना सम्भव नहीं है। **(घ)** जी नहीं। **(ङ)** समय सीमा बताया जाना सम्भव नहीं है। **[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]**

छत्तीसगढ़ राज्य के लावारिस पशुओं का रख-रखाव

[पशुधन विकास]

13. (क्र. 89) श्री फूलसिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छत्तीसगढ़ राज्य में लावारिस पशुओं के रख-रखाव के लिए शासन के द्वारा क्या उपाय किये गये हैं ? क्या यह सही है कि लावारिस पशुओं के सड़कों में रहने के कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है ? यदि हॉ तो इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : छत्तीसगढ़ राज्य में गौसेवा आयोग के द्वारा लावारिस/घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन हेतु प्रमुख मार्गों के निकटस्थ स्थित पंजीकृत 62 गौशालाओं को अतिरिक्त शेड निर्माण हेतु राशि रू. 5.00 लाख प्रति गौशाला प्रदाय कर गौशाला सुदृढ़ीकरण किया गया है, जिससे गौशालाओं में 4474 अतिरिक्त पशुओं को संरक्षित किया गया। आदर्श गौशाला एवं गौअभ्यारण्य ग्राम झालम जिला-बेमेतरा में संचालित है, जिसमें स्वच्छंद विचरण वाले 140 पशुओं को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। विभाग द्वारा सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं की पहचान हेतु 45118 पशुओं में टैगिंग, 74617 पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट तथा 1514 पशुओं का बधियाकरण किया गया है। जिला स्तर पर आवारा पशु प्रबंधन के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे 978 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन, मवेशियों को बांध कर रखने तथा सड़कों में जाने से रोकने के लिए पशु मालिकों के समझाईशहेतु 627 जन चौपाल व 397 चरवाहा संगोष्ठी आयोजन, 112 कॉउ कैचर के माध्यम से आवारा पशुओं को सड़कों से हटाकर कांजी हॉउस मे रखने, 149 वालेंटियर की व्यवस्था एवं 482 निगरानी दल का गठन किया गया है। सड़कों से आवारा पशुओं को हटाये जाने के संबंध में अभियान चलाया जाकर, पशु पालकों को समझाईश व नोटिस की कार्यवाही की जा रही है। सड़क दुर्घटना होने के कई कारण है, जिनमें एक कारण आवारा पशुओं का सड़क में रहना भी है। पशुपालकों द्वारा पशुओं को खुला छोड़ना इसका एक प्रमुख कारण है।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शा.उ.मा.वि. करतला में कृषि व कॉमर्स संकाय प्रारंभ करना

[स्कूल शिक्षा]

14. (क्र. 90) श्री फूलसिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शा.उ.मा.वि. करतला जिला–कोरबा में कृषि व कॉमर्स संकाय को किस कारणवश बंद किया गया है ? कोरबा जिले के अधीन कुल कितने स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं और कितने स्कूलों में कृषि एवं कॉमर्स संकाय को बंद कर दिया गया है और क्यों? इस हेतु जिम्मेदार कौन है ? जिले के अधीन समस्त बंद किये गये संकायों को पुन: तक प्रारंभ कराएंगे ? **(ख)** कोरबा जिले में कुल कितने हायर सेकण्डरी /हाई स्कूल/माध्यमिक शाला/प्राथमिक शाला/ जर्जर /भवन विहीन व अहाता विहिन हैं ? इनके भवनों तथा अहाता की कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेगी ? **(ग)** क्या कोरबा जिले के अधीन वि.खं. करतला ग्राम पंचायत साजापानी के आश्रित ग्राम भंवलखोल में प्रा.शा. खम्हारपारा संचालित है? यदि हॉ, तो क्या इसके लिए नवीन भवन स्वीकृत हुआ है, जिसका निर्माण कलार पारा में कराया जा रहा है? यदि हॉ तो उक्त भवन प्रा. शा. खम्हारपारा में क्यों नहीं बनाया जा रहा ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शा.उ.मा.वि.करतला जिला कोरबा में कृषि व कॉमर्स संकाय को बंद नहीं किया गया है, शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। कोरबा जिले के अधीन कुल 55 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित है, किसी भी स्कूलों में कृषि एवं कॉमर्स संकाय को बंद नहीं किया गया है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	शाला का स्तर	जर्जर	भवन विहीन	अहाता विहीन
1	प्राथमिक	137	0	510

2	पूर्व माध्यमिक	37	0	113
3	हाईस्कूल	1	2	46
4	हायर सेकेण्डरी	5	1	36
		180	3	705

निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** जी हां। जी हां, जी नहीं। वर्तमान में वार्ड/मोहल्ले का नाम कलारपारा कर दिया गया है।

महासमुंद जिले में अवैध खनिज भंडारण उत्खनन और परिवहन

[खनिज साधन]

15. (क्र. 100) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 21 नवंबर, 2024 तक अवैध खनिज भंडारण, उत्खनन और परिवहन के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं और उन प्रकरणों पर क्या कार्रवाईयां की गई है ? प्रकरण क्रमांक, दिनांक, आरोपी का नाम, जब्त वाहन का क्रमांक, वाहन मालिक की जानकारी और समझौता राशि की पूर्ण जानकारी विस्तार से बताएं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' में उल्लेखित समयावधि के दौरान क्या पड़ोसी राज्य उड़ीसा से अवैध खनिज भंडारण, उत्खनन और परिवहन के प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं ? यदि हां, तो इस पर कब-कब, क्या कार्रवाई की गई है? विस्तार से जानकारी दें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)महासमुंद जिले के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 21 नवम्बर 2024 तक अवैध खनिज भंडारण/ अवैध उत्खनन/अवैध परिवहन के कुल 411 प्रकरण दर्ज किया गया है। शेष जानकारी **"पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ"** अनुसार है।**(ख)**प्रश्नांश ''क'' में उल्लेखित समयावधि में पड़ोसी राज्य उड़ीसा से अवैध भण्डारण एवं उत्खनन के प्रकरण दर्ज नही हुए हैै। उड़ीसा से आने वाले खनिजयुक्त वाहनों के विरूद्ध अवैध परिवहन के 05 प्रकरण दर्ज किए गए है। की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी **"पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब"** अनुसार है।

महासमुंद जिले के अंतर्गत वन विभाग द्वारा फिनिशिंग तार, खंभा, बारबेट वायर की खरीदी

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

16. (क्र. 101) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले के अंतर्गत वन विभाग द्वारा विगत 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 20/11/2024 तक फिनिशिंग तार, खंभा, बारबेट वायर की खरीदी किन-किन फर्मों से कब- कब, किस-किस दर से की गई है ? उपरोक्त खरीदी के एवज में किन-किन फर्मों को कब-कब, कितनी राशि का भुगतान किया गया है? जानकारी वनपरिक्षेत्रवार बताएं ? **(ख)** प्रश्न **(क)** में उल्लेखित समयावधि के दौरान नियम विरुद्ध खरीदी, अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार की कितनी शिकायत की गई ? शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई है ? वर्षवार वनपरिक्षेत्रवार जानकारी दें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) महासमुन्द जिले के अंतर्गत वन विभाग द्वारा विगत 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 20/11/2024 तक फिनिशिंग तार, खंभा, बारबेट वायर की दिनांकवार फर्मो से खरीदी, दर, दिनांकवार फर्मो को भुगतान की वन परिक्षेत्रवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख)** प्रश्न **(क)** में उल्लेखित समयावधि के दौरान महासमुन्द जिले के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा फैसिंग पोल की खरीदी किये जाने के संबंध में श्री जसवंत पवार, महासमुंद से उनके पत्र दिनांक 09.01.2024 के द्वारा शासन के समक्ष शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच कराई जाकर शासन द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया गया है। जांच प्रतिवेदन पर अंतिम निर्णय हेतु कार्यवाही प्रकियाधीन है।

भ्रष्टाचार निरोधक शाखा एवं राज्य आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज प्रकरण

[सामान्य प्रशासन]

17. (क्र. 106) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कैलेण्डर वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 तथा 2024 में 25 नवम्बर,2024 तक कितने भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा, भारतीय राजस्व सेवा, भारतीय दूरसंचार सेवा, तथा अन्य अखिल भारतीय सेवाओं एवं राज्य प्रशासनिक सेवाओं तथा अन्य सेवाओं के अधिकारीगणों को रिश्वतखोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया ? इस अवधि में ऊपर उल्लेखित कितने लोगों के विरूद्ध छापामार कार्रवाई की गई ? **(ख)** प्रश्नांक "क" में उल्लेखित वर्षों में की गई कार्रवाई में आए आधिकारी-कर्मचारी का नाम, पदनाम तथा उनसे जब्त चल-अचल सम्पत्ति की जानकारी देवें? **(ग)** इनमें से कितने प्रकरणों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किये गये ? कितनों को सजा हुई ? विवरण दें? **(घ)** इसके अतिरिक्त प्रश्नांश "क" के कैलेण्डर वर्षों में कुल कितने मामले दर्ज किये गये तथा उनकी अद्यतन स्थिति क्या है ? पूर्ण विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नांश के दिये गये कैलेण्डर वर्षों में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा, भारतीय राजस्व सेवा, भारतीय दूरसंचार सेवा तथा अन्य अखिल भारतीय सेवाओं के किसी भी अधिकारियों को रिश्वत लेते नहीं पकड़ा गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के 02 तथा अन्य सेवाओं के 124 अधिकारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकडा गया है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र "अ"** अनुसार है। इस अवधि में 14 अधिकारियों के विरूद्ध छापामार की कार्यवाही की गई है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र "ब"** अनुसार है। **(ग)** विवेचना उपरांत कुल 87 प्रकरणों में चालान पेश किया गया है तथा 02 को सजा हुई है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र "ब"** अनुसार है। । **(घ)** इसके अतिरिक्त प्रश्नांश **(क)** के कैलेण्डर वर्षों में कुल 77 मामले (अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने के 35 व पद का दुरूपयोग कर भ्रष्टाचार करने के 42 मामले) दर्ज किये गये हैं। जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र "स"** अनुसार है। ।

अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी, रायपुर (छ.ग.) की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

18. (क्र. 121) श्री अजय चंद्राकर : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी, रायपुर (छ.ग.) की स्थापना कब की गयी? क्या इसके सेटअप में स्वीकृत पद के अतिरिक्त और कौन-कौन से विषय विशेषज्ञ एवं कोच कार्यरत् हैं? कोच किस प्रक्रिया के तहत भर्ती किए गए? उनके वेतनमान/मानदेय क्या हैं? 31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति में कितने खिलाड़ी इस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं? अकादमी के नियमों के अनुसार खिलाड़ियों को क्या-क्या सुविधाएं दी जा रही हैं? **(ख)** उक्त अकादमी के निर्माण में कितनी लागत आयी व कौन-कौन सी एजेंसी के द्वारा निर्मित किया गया, उसका नाम, पता सहित बतायें? 31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति में इसके निर्माण कार्य की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति क्या है? **(ग)** उक्त अकादमी आवासीय है या गैर आवासीय है? यदि आवासीय है तो उसकी क्षमता कितनी है एवं कितने खिलाड़ी आवासरत् हैं तथा अब तक कितने खिलाड़ी प्रशिक्षण ले चुके हैं और कितने प्रशिक्षणरत् हैं? **(घ)** उक्त अकादमी के अध्यक्ष, सदस्य व सचिव कौन हैं? इनका कार्यकाल कितना होता है तथा इनको क्या-क्या सुविधायें प्राप्त है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) स्थापना नहीं की गई। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** अकादमी के निर्माण हेतु राशि रूपये 1775.20 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। राशि रूपये 2307.20 लाख का पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 01 रायपुर। प्रश्नाधीन अवधि में निर्माण कार्य की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति आंशिक अपूर्ण है। **(ग)** एवं **(घ)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

कोरबा जिला अंतर्गत कोयला से प्राप्त खनिज राजस्व

[खनिज साधन]

19. (क्र. 122) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोरबा जिले में किस-किस खदान से, कितनी मात्रा में अधिक कोयला निकालने के लिए जिला प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स को कितनी राशि अतिरिक्त खनिज राजस्व के रूप में जमा करने के लिए कब-कब नोटिस दिया गया है? **(ख)** 31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति में उक्त नोटिस देने के बाद संबंधित कंपनियों द्वारा कितनी-कितनी राशि कब-कब राज्य सरकार के खाते में जमा की गयी है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** साउथ इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमि. द्वारा कोई राशि राज्य सरकार के खाते में जमा नहीं की गयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

प्रदेश के शासकीय भवनों की गोबर पेंट से पोताई

[पशुधन विकास]

20. (क्र. 133) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 1 दिसंबर, 2018 से 30 नवंबर, 2023 तक गोबर से पेंट बनाने की कितनी मशीनें, किन-किन मदों से खरीदी गयी और कुल कितनी लागत आयी? जिलावार बतावें? **(ख)** दिनांक 28/11/2024 तक की अवधि में कितने लीटर पेंट का उत्पादन हुआ और प्रति लीटर कितना मूल्य निर्धारित किया गया था? **(ग)** क्या तत्कालीन सरकार ने सभी शासकीय भवनों को गोबर की पेंट से पोताई करना अनिवार्य किया था? **(घ)** प्रश्नाधीन अवधि में कुल कितने लीटर पेंट का उत्पादन हुआ और कौन-कौन से शासकीय विभाग द्वारा कौन-कौन से मद से कितने लीटर पेंट का क्रय किया गया? (ड.) वर्तमान में कितनी ईकाई बंद/चालू हैं? जिलावार बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) 01 दिसम्बर, 2018 से 30 नवम्बर 2023 तक गोबर से पेंट बनाने की 70 मशीनें, विभिन्न मदों से खरीदी गई जिसमें कुल राशि रु. 1769.06 लाख की लागत आई। जिलावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** दिनांक 28/11/2024 तक की अवधि मे 3,51,453 लीटर पेंट का उत्पादन हुआ। प्रतिलीटर पेंट के मूल्य का निर्धारण शासन स्तर से नहीं किया गया। **(ग)** जी हाॅ। **(घ)** प्रश्नाधीन अवधि मे कुल 3,31,133 लीटर पेंट का उत्पादन हुआ। विभिन्न शासकीय विभागो द्वारा विभिन्न मदों से 2,17,402 लीटर पेंट का क्रय किया गया। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** (ङ) वर्तमान मे 53 पेंट ईकाई बंद एवं 17 पेंट ईकाई चालू हैं। जिलावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

महासमुंद जिला अंतर्गत मछली पालन हेतु दी जाने वाली सब्सिडी

[मछली पालन]

21. (क्र. 138) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- महासमुंद जिला अंतर्गत मछली पालन एवं मछली परिवहन हेतु वाहन खरीदी के लिए दी जाने वाली सब्सिडी की राशि कितने हितग्राहियों को वित्तीय वर्ष 2022-2023 एवं 2023-2024 से नहीं दी गयी है,तथा क्यों जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : वित्तीय वर्ष 2022-23 में दी जाने वाली सबसिडी हेतु 2 हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए थे । दोनो हितग्राहियों को सबसिडी का भुगतान किया जा चुका है । योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 में सबसिडी प्राप्त नहीं करने वाले हितग्राहियों की संख्या निरंक है । वित्तीय वर्ष 2023-24 में 08 हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से कुल 04 हितग्राहियों को बजट उपलब्धता के अनुसार प्राथमिकता क्रम (पहले आओ, पहले पाओ) के आधार पर सब्सिडी का भुगतान कर दिया गया है। शेष 04 हितग्राहियों को बजट आबंटन प्राप्त होने पर सब्सिडी की राशि का भुगतान किया जावेगा। वित्तीय वर्ष 2023-

24 में उक्त योजनांतर्गत सब्सिडी प्राप्त नहीं होने वाले 04 हितग्राहियों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]**

वन्य प्राणियों की मृत्यु तथा घोर लापरवाही पर कृत कार्यवाही

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

22. (क्र. 153) डॉ. चरण दास महंत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि : **(क)** दिसम्बर,2023 से 25 नवम्बर, 2024 तक किन-किन, कितने-कितने तथा कहां-कहां वन्य प्राणियों की मृत्यु हुई है,? मृत्यु के कारणों सहित बताएं? **(ख)** वन्य प्राणियों की मृत्यु की घटना की जांच हेतु कोई कार्यवाही की गई हो और कर्त्तव्य परायणता के अभाव के कारण कार्यवाहियां की गई हों तो उसका विवरण देवे? **(ग)** किसी घटना को गंभीर मानकर वरिष्ठ अधिकारियों ने कोई विशेष पहल की हो तो उसका भी विवरण दीजिए?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) दिसम्बर 2023 से 25 नवम्बर 2024 तक कुल 314 वन्यप्राणियों की मृत्यु हुई है। **विस्तृत जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है।(ख)** प्रदेश में वन्यप्राणियों की मृत्यु की घटना की जांच के संबंध में की गयी कार्यवाही का विवरण **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है** एवं कर्तव्य परायणता के अभाव में अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है।(ग)** प्रश्नांश 'ग'की **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-स" अनुसार है।**

ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों से गौण खनिज रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र लिया जाना

[खनिज साधन]

23. (क्र. 168) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों से गौण खनिज रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र लिया जा रहा है? क्या जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों का अंतिम भुगतान हेतु गौण खनिज की रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र के बिना भुगतान पर रोक लगाई गई है ? क्या यदि हाँ, तो क्यों ?**(ख)** क्या ग्राम पंचायतों के तकनीकी स्वीकृति में रॉयल्टी भुगतान करने का प्रावधान नहीं है ? **(ग)** क्या ग्राम पंचायतों को छोटी-छोटी लागत के कार्यों के लिए एजेंसी बनाया जाता है, इस कारण ग्राम पंचायतों को गौण खनिज की रा ॅयल्टी चुकता प्रमाण पत्र से छूट दिये जाने की सरकार की मंशा है या नहीं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वयन एजेन्सी के रुप में किये/कराये जा रहे कार्यो को छोड़कर अन्य निर्माण एजेन्सियों के द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यो में रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वयन एजेन्सी के रूप में किये/कराये जा रहे कार्यो में रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र के बिना अंतिम भुगतान पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।**(ख)** जी नहीं। पंचायत द्वारा निर्माण एजेन्सी के रुप में किये जा रहे कार्यो की तकनीकी स्वीकृति में रायल्टी भुगतान करने के प्रावधान नही है।**(ग)** जी हॉ। छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के परिपत्र दिनांक 29.08.2022 द्वारा राशि रुपये 50 लाख तक की ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के निर्माण कार्य के क्रियान्वयन करने के अधिकार दिये गये है। छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 3(तीन) के तहत संबंधित पंचायतो द्वारा किये जाने वाले कार्यो के लिये ग्राम पंचायतो, जनपद पंचायतो एवं जिला पंचायतों द्वारा सार्वजनिक निर्माण कार्यो के लिए शासकीय भूमि से गौण खनिजो को निकालने के लिये छूट प्राप्त है।

नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में डी.एम.एफ.मद का गठन

[खनिज साधन]

24. (क्र. 169) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खनिज संस्थान न्यास (डी.एम.एफ.) का गठन किया गया है? पूर्ववर्ती

जिला रायगढ़ एवं बलौदाबाजार-भाटापारा से बंटवारा में कितनी-कितनी राशि वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 में प्राप्त हुई है? कितनी राशि शेष है और अभी तक क्यों नहीं दी गई है? कब तक दी जावेगी ? इस राशि के उपयोग पर क्यों रोक लगाई गई हैं ? जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हां। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास का गठन किया गया है। पूर्ववर्ती जिला रायगढ़ से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास को हस्तांतरित राशि का वर्षवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास को राशि हस्तांरण का प्रावधान नही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत माह अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक की राशि रूपये 11 करोड़ 44 लाख 41 हजार 219 रूपये पूर्ववर्ती रायगढ़ जिला खनिज स्थान न्यास द्वारा हस्तांतरित नही किया गया है, कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष प्रश्नांश उद्भूत नही होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में पर्यटन विकास हेतु किए गए प्रयास

[पर्यटन]

25. (क्र. 186) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत मैनपाट में व अन्य क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं ? **(ख)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2021-22 से 25 नवम्बर, 2024 तक कितनी योजनायें व राशि प्रदान की गई है ? अगर नहीं तो क्यों ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत मैनपाट में व अन्य क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कार्य किए गए हैं- मैनपाट में पर्यटकों के लिए सैला टूरिस्ट रिसॉर्ट एवं कर्मा एथनिक रिसॉर्ट तथा अम्बिकापुर-पत्थलगांव मार्ग में ग्राम सोनतरई में पर्यटक मोटल का संचालन किया जा रहा है।मैनपाट के दर्शनीय स्थलों-मछलीपाइंट, जलजली एवं परपटिया में पर्यटक सुविधाओं के विकास कार्य कराये गये हैं। इसके अतिरिक्त यहां मॉल रोड का विकास एवं अन्य दर्शनीय स्थलों के विकास हेतु योजना तैयार की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) सरगुजा के द्वारा मैनपाट, सीतापुर व बतौली के पर्यटन स्थलों में पथ प्रकाश सुविधा हेतु सोलर प्रकाशीकरण का कार्य। केन्द्र सरकार की चैलेंज बेस्ड डेस्टीनेशन डेव्लपमेंट योजना के अंतर्गत मैनपाट हेतु रु. 20.29 करोड़ का प्रस्ताव भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय को प्रेषित किया गया था। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित कोठीपहाड़-खाम्हपहाड़ को पर्यटन स्थल के रुप में चिन्हित करने एव विकसित करने हेतु जिला कलेक्टर से स्थल के संबंध में विस्तृत जानकारी (परीक्षण प्रतिवेदन) मंगाया है। जिसके प्राप्ति उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। नये राजमार्गो एवं बाईपास मार्गो में पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु जिला कलेक्टर से भूमि के प्रस्ताव मंगाये हैं। **(ख)** उत्तर (क) अंतर्गत स्थलों के लिए प्रश्नांकित अवधि में कुल 03 योजनाओं हेतु कुल राशि रु. 628.00 लाख प्रदान की गयी है। विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** में है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत JSPL जिंदल पावर लिमिटेड कंपनी द्वारा 4/6गारे पेलमा निजी जमीन अधिग्रहण का मुआवजा

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

26. (क्र. 193) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या JSPL जिंदल पावर लिमिटेड कंपनी द्वारा 4/6गारे पेलमा में निजी जमीन पर कब्जा कर उक्त जमीनों पर लगे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही हैं ? यदि हां, तो इस संबंध में विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जी नहीं। शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

प्रदेश में रेत उत्खनन नीति

[खनिज साधन]

27. (क्र. 197) श्री उमेश पटेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या प्रदेश में वर्ष 2023 से दिनांक 25/11/2024 तक रेत उत्खनन की कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो नीति की विस्तृत जानकारी देवें? यदि नहीं तो कब तक बना ली जाएगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हां, खनिज साधन विभाग की अधिसूचना का प्रकाशन दिनांक 20.01.2023 द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम 2023 बनाया गया है। नियम की प्रति **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के लंबित मामले

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

28. (क्र. 198) श्री उमेश पटेल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के कितने मामले लंबित हैं ? जिलेवार एवं तहसीलवार जानकारी देवें ? साथ ही लंबित मामलों के प्रकार भी बतावें ? क्या लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामले भी लंबित हैं ? लंबित मामलों की समयावधि भी बतावें । राजस्व मामलों के लंबित होने के क्या कारण हैं ? यह किसकी जिम्मेदारी है? जिम्मेदारों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है और कब तक कर ली जाएगी ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जानकारी एकत्रित की जा रही है ।

जिला-रायगढ़ अंतर्गत भारतमाला परियोजना हेतु अधिग्रहित भूमि

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

29. (क्र. 206) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भारतमाला परियोजना हेतु जिला-रायगढ़ अंतर्गत कितने किसानों की कितनी निजी एवं शासकीय भूमि का अधिग्रहण किया गया है? मुआवज़ा किस दर पर दिया जा रहा हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** कितनी निजी भूमि/शासकीय भूमि पर स्थित वृक्षों की कटाई की गयी है? किस दर मुआवज़ा दिया गया है? शासकीय भूमि पर स्थित वृक्ष की कटाई के एवज़ में कितनी राशि विभाग में जमा की गयी है ?जानकारी देवें? **(ग)** मुआवज़ा वितरण के कितने प्रकरण लंबित है? कब तक पूर्ण कर लिए जाएँगे?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) 578 किसानों की कुल 106.22 हेक्टेयर निजी भूमि एवं 81.818 हेक्टेयर शासकीय भूमि का अधिग्रहण किया गया। मुआवजा गाईडलाईन दर 2019-2020 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में गुणांक 02 व 100 प्रतिशत सोलेशियम के दर से कुल 04 गुना दिया जा रहा है। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** कुल 2788 वृक्षों की कटाई हुई है। मुआवजा गाईडलाईन दर अनुसार व 100 प्रतिशत सोलेशियम अनुसार प्रदाय की गई है। शासकीय भूमि पर स्थित 22214 वृक्षों कटाई के एवज में वनमंडलाधिकारी, धरमजयगढ़ में राशि रूपये 1,49,54,391/-(अक्षरी राशि रूपये एक करोड़ उनचास लाख चौवन हजार तीन सौ इक्यानवे रूपये मात्र) जमा की गई है।**(ग)** कुल 106 प्रकरण लंबित है। मुआवजा वितरण हेतु प्रभावित किसानों को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज मंगाया गया है, निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

पीएम श्री स्कूल योजना में सम्मिलित बिलासपुर जिले के स्कूल

[स्कूल शिक्षा]

30. (क्र. 213) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पीएम श्री स्कूल योजना अंतर्गत विगत वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में बिलासपुर जिला अंतर्गत कुल कितने

स्कूलों को शामिल किया गया है? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" अंतर्गत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के कितने स्कूलों को शामिल किया गया है एवं उनकी अद्यतन स्थिति क्या हैं? विस्तृत विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) पीएम श्री योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 एवं 2024-25 में बिलासपुर जिला अंतर्गत कुल 13 स्कूलों को शामिल किया। सत्र 2023-24 अंतर्गत भारत सरकार द्वारा किसी भी स्कूल का चयन नहीं किया गया। वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** कंडिका "क" अंतर्गत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के 02 स्कूलों को शामिल किया गया है :- (1) पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुरी, वि.ख. तखतपुर प्रथम चरण में शामिल। (2) पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शा.उ.मा.वि. तखतपुर चतुर्थ चरण में शामिल किया गया । वर्तमान में उक्त दोनों विद्यालय सुचारु रुप से पीएमश्री योजना अंतर्गत संचालित हो रहे हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

जल संसाधन विभाग द्वारा निविदा में हस्तगत कार्य को छिपाकर दूसरी निविदा डालने पर कार्यवाही

[जल संसाधन]

31. (क्र. 214) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल संसाधन विभाग अंतर्गत जनवरी, 2023 से अक्टूबर, 2024 तक कुल कितनी निविदाएं आमंत्रित की गई हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका "क" की निविदाओं में ठेकेदारों (construction agency) के द्वारा हस्तगत कार्य को छुपाया गया है या दूसरे विभाग के हस्तगत कार्य को छुपाकर निविदा डाली गयी हैं या निविदा प्राप्त की गयी हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** निविदा प्राप्त कर हस्तगत कार्य को छुपाने वाले के ऊपर कार्यवाही का क्या-क्या प्रावधान है? विस्तृत विवरण देवें? **(घ)** क्या कंडिका "क" की अवधि में निविदा हासिल करने वाले ठेकेदारों (construction agency) के ऊपर हस्तगत कार्य को छुपाने के कारण कार्यवाही की गयी हैं? यदि हां तो विस्तृत विवरण देवें? यदि नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जल संसाधन विभाग अंतर्गत जनवरी, 2023 से अक्टूबर, 2024 तक 938 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** कंडिका "क" की निविदाओं में 108 ठेकेदारों (construction agency) के द्वारा हस्तगत कार्य को छुपाया गया है या दूसरे विभाग के हस्तगत कार्य को छुपाकर निविदा डाली गयी हैं या निविदा प्राप्त की गयी हैं का विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** निविदा प्राप्त कर हस्तगत कार्य को छुपाने वाले के ऊपर कार्यवाही का क्या-क्या प्रावधान है का विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- स अनुसार है। (घ)** कंडिका "क" की अवधि में निविदा हासिल करने वाले 14 ठेकेदारों (construction agency) के ऊपर हस्तगत कार्य को छुपाने के कारण की गई कार्यवाही का विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- द अनुसार है।**

क्रेडा द्वारा सुरक्षा निधि जब्त करने की कार्यवाही

[ऊर्जा]

32. (क्र. 222) श्री धरमलाल कौशिक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह सही है कि विगत 2 वर्षो में क्रेडा से अनुबंधित/क्रय या प्रदाय आदेश प्राप्त करनी वाली संस्था/ईकाईयों के विरूद्ध सुरक्षा निधि जब्त करने, उन्हें नोटिस देने, कार्य निरस्त करने व प्रतिबंधित करने व अन्य दण्डात्मक कार्यवाही की गई है? यदि हॉ, तो किन-किन संस्था के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही, कब-कब व किस आधार पर की गई है? किन संस्थाओं की कितनी सुरक्षा निधि काटी/जब्त की गई है तथा किन-किन को प्रतिबंधित किया गया है? किन-किन संस्थाओं को किन-किन कारणों से नोटिस कब-कब दी गई है और इन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हॉ। विगत 2 वर्षो में क्रेडा से कार्यादेश प्राप्त करनी वाली इकाईयों के विरूध्द सुरक्षा निधि जब्त करने, उन्हें नोटिस देने, कार्य निरस्त करने, प्रतिबंधित करने व अन्य दण्डात्मक

कार्यवाही की गई है, इकाईयों के विरूध्द की गई कार्यवाहियों की जानकारी **''पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत बेलतरा वि.स. क्षेत्र हेतु स्वीकृत राशि

[स्कूल शिक्षा]

33. (क्र. 230) श्री सुशांत शुक्ला : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनांतर्गत वर्ष 2021 से 25 नवम्बर, 2024 तक बेलतरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कितने एवं किन-किन स्कूलों का उन्नयन/ निर्माण/ मरम्मत कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? विकासखण्डवार स्कूल के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं ? अपूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता / गुणवात्ताहीन सामग्री के उपयोग की कितनी शिकायतें कहाँ-कहाँ से प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विकासखण्डवार स्कूल के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र**अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के स्वीकृत कार्यों में से 103 पूर्ण एवं 09 अपूर्ण हैं। अपूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र के कॉलम क्रमांक 07**अनुसार है। **(ग)** स्वीकृत कार्यों में अनियमितता/ गुणवत्ताहीन सामग्री के उपयोग की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

देवरी घाट में डूबने से हो रही मृत्यु को रोकने हेतु उपाय

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

34. (क्र. 238) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** ग्राम-देवरी, वि.खं.-बलौदा में हसदेव नदी में डूबने से वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान वर्ष में नवम्बर,2024 तक कितने लोगों की मृत्यु हुई है? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश **(क)** में पूछे गए स्थल को नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत प्रतिबंधित क्षेत्र/दुर्घटनाजन्य क्षेत्र घोषित किया गया है? यदि हां, तो सुरक्षा के क्या-क्या उपाय किए गए हैं? जानकारी उपलब्ध कराएं? क्या उक्त स्थल पर डूबने से लगातार हो रही मृत्यु को रोकने के लिए लाईफगार्ड की तैनाती की जावेगी? जानकारी उपलब्ध करावें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में ग्राम देवरी वि.खं. बलौदा में हसदेव नदी में डूबने से हुई मृत्यु की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

स.क्र.	वर्ष	मृतकों की संख्या
1	**2**	**3**
1	2021-22	1
2	2022-23	0
3	2023-24	2
4	2024-25 (नवम्बर 2024 तक)	3
योग		06

(ख) जी नहीं। ग्राम पंचायत देवरी द्वारा उक्त स्थल को नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का बोर्ड लगाया गया है। लाईफगार्ड की तैनाती वर्तमान में नहीं की गई है। आगे तैनाती की जावेगी।

छ.ग. राज्य पॉवर कंपनीज के कर्मचारियों की सीधी भर्ती/पदोन्नति

[ऊर्जा]

35. (क्र. 246) श्री ब्यास कश्यप : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 से प्रश्नावधि तक छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनीज में कितने अधिकारी/कर्मचारियों की सीधी भर्ती एवं पदोन्नति की गई है? कितने अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा पदोन्नति से इंकार किया गया है तथा इंकार करने के क्या कारण रहे? कितनों की पदोन्नति निरस्त की गई? कारण सहित जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार कितने अधिकारी/कर्मचारियों को उसी कार्यालय या स्थान में पदोन्नति पश्चात् पदस्थ किया गया है? नाम व पदनाम सहित जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वर्ष 2023-24 से प्रश्नावधि तक ऊर्जा विभाग, छ.ग. शासन अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनीज में कुल 677 कनिष्ठ अभियंताओं की सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति की गई है तथा कुल 1308 अधिकारी/कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है, जिसकी विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनीज के कुल 01 कर्मचारी द्वारा पदोन्नति से इंकार किया गया है एवं 15 कार्मिकों के पदोन्नति आदेश निरस्त किये गये हैं, जिसकी विस्तृतजानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश''क'' के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनीज के कुल 93 अधिकारियों एवं कुल 791 कर्मचारियों को कार्मिकों के अनुपलब्धता के कारण तथा कार्य के सुचारू शीघ्र निष्पादन के दृष्टिगत रिक्त पदों के विरूद्ध उसी कार्यालय में पदोन्नति पश्चात् पदस्थ किया गया है। जिसकी विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** निम्नानुसार है-

1. छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड -**पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 1(अ)** में है।
2. छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड -**पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 1(ब)** में है।
3. छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड - **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 1(स) एवं 1(द)** में है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकानों हेतु फ्री में रेत दिया जाना

[खनिज साधन]

36. (क्र. 253) श्री रामकुमार यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या फरवरी-मार्च, 2024 सत्र के दौरान मान. वित मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बनाये जा रहे मकानों हेतु रेत प्रदान करने संबंधी घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो उक्त घोषणा के अनुरूप शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई विवरण देवें? **(ग)** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास प्राप्त हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु रेत किस प्रकार प्रदाय की जा रही है? बतावें? **(घ)** क्या शासन ऐसे हितग्राहियों से रेत के लिए रॉयल्टी वसूल रही है? यिद हां, तो क्यों और कहां-कहां? विवरण देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)जी हां, माननीय मंत्री महोदय द्वारा की गई घोषणा के संदर्भ में खनिज साधन विभाग के पत्र दिनांक 15.03.2024 द्वारा समस्त कलेक्टर को छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवास निर्माण हेतु हितग्राही को स्वयं के आवास निर्माण के उपयोग के लिए छोटे वाहन अर्थात ट्रैक्टर आदि के माध्यम से रेत परिवहन/उपयोग के लिए छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम-3 क तहत् रायल्टी एवं अन्य करों में छूट हेतु निर्देश जारी किया गया है। **(ख)** स्वीकृत खदान क्षेत्र से छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 03 अंतर्गत रायल्टी एवं अन्य करो से छूट के आधार पर हितग्राही स्वयं के उपयोग हेतु रेत खनिज का परिवहन/उपयोग कर सकता है।**(ग)** जी नहीं, अतः शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जिला सक्ती में किसानों को मुआवजा का भुगतान

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

37. (क्र. 256) श्री रामकुमार यादव : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भू-अर्जन अधिकारी, डभरा जिला सक्ती द्वारा माननीय उच्च न्यायालय एवं प्राधिकरण रायपुर द्वारा पारित आदेशानुसार खसरावार एवं स्लेबवार परिगणित मुआवजा राशि का भुगतान कब तक किया जावेगा तथा

पुनर्वास नीति की कंडिका 11.2.3 के पालन में सिंघीतराई, ओडेकेरा, निमोही के मजदूरों को राशि भुगतान कब तक किया जावेगा? **(ख)** माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एफ.ए.एम. क्रमांक 2/2023 में पारित आदेशानुसार ग्राम नवापारा **(ड)** तहसील डभरा के किसानों को अधिनियम, 2013 की धारा 73 के प्रावधान अनुसार राशि कब तक प्रदाय की जावेगी ? **(ग)** राशि अभाव के कारण घटोई डेम, बसंतपुर घोघरी मार्ग, हरदी, सिरली मार्ग, साराडीह बैराज, बसंतपुर बैराज एवं कलमा बैराज के किन-किन प्रभावित किसानों को मुआवाजा भुगतान नहीं किया जा सका है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जल संसाधन संभाग, रायगढ़ को प्रेषित मांग पत्र के अनुसार राशि प्राप्त होने पर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। ग्राम सिंघीतराई, ओड़ेकेरा, निमोही के विस्थापितों को प्रतिमाह अस्थायी भत्ता प्रदान किया जा रहा है तथा मजदूरी भुगतान के संबंध में कोई मामला लंबित नहीं है। **(ख)** जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैराज निर्माण संभाग क्रमांक 01 खरसिया जिला रायगढ़ को राशि रू. 5,69,51,032.00 का मांग पत्र के संबंध में राशि प्राप्त होते ही, कृषकों को नियमानुसार कार्यवाही कर भुगतान किया जायेगा। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार ।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

जिला-महासमुंद में हाई स्कूल / हायर सेकेण्डरी स्कूल / स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य /अन्य पद

[स्कूल शिक्षा]

38. (क्र. 269) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-महासमुंद में शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी स्कूल, आत्मानन्द स्कूलों में प्राचार्य /अन्य पदों के स्वीकृत कार्यरत व रिक्तता की जानकारी 24/11/24 की स्थिति में बतायें ? **(ख)** प्राचार्य पद पूर्ति हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ?व्याख्याता, शिक्षक, प्रधान पाठक से प्राचार्य पद में पदोन्नति में विलम्ब का क्या कारण है ? कब तक प्राचार्य पद पर पदोन्नति कर दी जावेगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्राचार्य पद को पदोन्नति से भरने की कार्यवाही प्रचलन में है। शिक्षक पद से प्राचार्य पद में पदोन्नति का प्रावधान नहीं है। पदोन्नति एक सतत प्रक्रिया है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

प्रदेश में विद्युत कंपनियों में ठेका कर्मचारियों की सेवा निरन्तरता विषयक

[ऊर्जा]

39. (क्र. 271) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छ. ग. प्रदेश में विद्युत मीटर रीडर, बिजली बिल वसूली तथा अन्य कार्य करने वाले ठेका कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गयी है? यदि हां तो उसके क्या कारण हैं ? **(ख)** वर्तमान प्रश्नांश 'क' के कार्य किनके द्वारा किये जा रहे हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। **(ख)** उत्तरांश 'क' के संदर्भ में प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

बलौदाबाजार - भाटापारा जिला में रेत उत्खनन व भंडारण की स्थिति

[खनिज साधन]

40. (क्र. 278) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्ष 2023- 24 से नवम्बर, 2024 तक की स्थिति में कहां-कहां रेत उत्खनन किया जा रहा है ? संचालित रेत खदान कितनी-कितनी अवधि हेतु, किन-किन को प्रदान की गई है ? वर्ष 2023 से नवंबर, 2024 तक जिले में रेत उत्खनन से प्राप्त रॉयल्टी की वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में वर्ष 2023-2024 से नवम्बर, 2024 तक खनिज विभाग द्वारा रेत भंडारण की अनुमति प्रदान की गई है? यदि हां तो कितने व्यक्ति फर्म या संस्था को किस दर पर एवं

कितनी अवधि हेतु प्रदान की गई है? भंडारण स्थल से शासन को कितनी राशि प्राप्त हुई? जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत सभी आबंटित रेत खदानों में आबंटित दिनाँक से आज दिनांक तक कितने घनमीटर खुदाई की जा चुकी है? अनुबंध अनुसार कितने घनमीटर खुदाई का आदेश जारी किया गया है? विस्तृत जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्ष 2023-24 से नवम्बर, 2024 तक की स्थिति में संचालित रेत खदानों की उत्खनिपट्टाधारी का नाम, स्वीकृत क्षेत्र, अवधि तथा वर्षवार प्राप्त रायल्टी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। वर्ष 2023-24 से नवम्बर, 2024 तक खनिज रेत के 11 भण्डारण अनुज्ञापत्रधारी स्वीकृत किये गये है। भण्डारण अनुज्ञापत्र की अवधि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''ब''** अनुसार है। शासन स्तर पर कोई दर निर्धारित नही है तथापि आवेदन शुल्क के रुप में शासन को प्राप्त राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''ब''** के कॉलम-6 अनुसार है। **(घ)** प्रश्नांश (क) परिप्रेक्ष्य में स्वीकृत रेत खदानों से खनन अनुमति की मात्रा एवं दिनांक 30.11.2024 तक उत्खनित रेत की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''अ''** के कॉलम-6 एवं 7 अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

राज्य में संस्कृति विभाग का बजट व खर्च

[संस्कृति]

41. (क्र. 280) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-2024 एवं 2024-25 में संस्कृति विभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु कितना-कितना बजट प्रावधानित था ? उक्त बजट के आधार पर प्रश्नावधि में कितनी -कितनी राशि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में खर्च हो गयी है तथा कितनी राशि वर्तमान में शेष है? **(ख)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के कौन - कौन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को किस- किस श्रेणी में रखा गया है व किन - किन संस्थाओं को कितने -कितने कार्यक्रमों के लिए कितनी -कितनी राशि स्वीकृत की गईं है ? संस्थावार, श्रेणीवार जानकारी देवें? **(ग)** संस्कृति विभाग द्वारा उक्त वर्षों में कितने नवीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को किन -किन श्रेणी में मान्यता दी गईं तथा उनकी प्रस्तुति के बाद उनको कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 प्रश्नावधि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रावधानित बजट,खर्च एवं शेष की जानकारी –

वित्तीय वर्ष	प्रावधानित बजट	खर्च राशि रू.	शेष राशि रू.
2023-24	61,00,01,000	51,58,26,689	9,41,74,311
2024-25	37,00,00,000	6,27,72,659	30,72,27,341

(ख) सांस्कृतिक कार्यक्रमों के श्रेणी निर्धारित नहीं किये जाते हैं,सांस्कृतिक आयोजनों हेतु विभिन्न संस्थाओं को स्वीकृत राशि का संस्थावार विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है।

वित्तीय वर्ष	अनुदान प्रदत्त संस्था	
	सांस्कृतिक आयोजन संख्या	राशि रूपये
2023-24	147	20793000
2024-25	195	17770000
कुल	342	3,85,63,000

(ग) उत्तर ख अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विभाग द्वारा श्रेणी में मान्यता नहीं दिये जाते हैं अपितु उक्त वर्षों में स्वीकृत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुति के बाद कलाकार दल प्रमुखों को भुगतान शेष की जानकारी निम्नानुसार है:-

वित्तीय वर्ष	भुगतान शेष	
	सांस्कृतिक कार्यक्रम संख्या	राशि रूपये
2023-24	1059	59268102
2024-25	1505	84511000
कुल	2564	14,37,79,102

जनसंपर्क विभाग के अंतर्गत विज्ञापनों में व्यय राशि

[जनसंपर्क]

42.(क्र. 293) श्री मोतीलाल साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनसंपर्क विभाग अंतर्गत वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में समस्त विज्ञापनों पर व्यय राशि की पृथक-पृथक जानकारी देवें ? **(ख)** वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में कितने वेब पोर्टल इंपैनलमेंट हैं ? क्या इंपैनलमेंट के लिये विभाग ने मापदंड ने तय किया है ? यदि हां, तो मापदण्ड की जानकारी दें। **(ग)** विभाग द्वारा किन-किन एजेसियों एवं वेब पोर्टलों को कितनी राशि का भुगतान किया गया ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वर्ष **2019-20, 2020-21, 2021-22** एवं वर्ष **2022-23** में समस्त विज्ञापनों पर व्यय राशि निम्नानुसार है:-

(राशि रूपए में)

माध्यम	विज्ञापनों पर व्यय राशि वर्षवार			
	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
प्रिंट मीडिया	30,28,85,634	45,81,66,351	49,30,94,175	74,07,95,875
डिजिटल एवं सोशल मीडिया	3,67,05,235	6,27,68,794	7,18,94,660	25,61,66,899
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	35,94,01,771	39,72,18,855	41,37,79,134	73,12,74,628
वर्गीकृत विज्ञापन	16,85,80,576	16,06,35,249	18,64,46,052	17,65,72,221
क्षेत्र प्रचार	37,93,21,484	25,68,84,840	36,79,06,928	10219,26,558
आदिवासी उप योजना	2,39,69,125	1,31,82,906	1,04,38,373	2,63,54,965
कुल	**127,08,63,825**	**134,88,56,995**	**154,35,59,322**	**295,30,91,146**

(ख) वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में इंपैनलमेंट वेब पोर्टल निम्नानुसार है:-

वर्ष	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
इंपैनलमेंट वेबपोर्टल की संख्या	97	165	243	243 (नवीन इंपैनल नहीं किया गया)

वेब पोर्टलों को इंपैनलमेंट के लिये विभाग द्वारा मापदंड तय किया गया है। मापदण्ड की **प्रति पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ"अनुसार है। (ग)** विभाग द्वारा एजेसिंयों एवं वेब पोर्टलों को भुगतान की गई राशि की सूची **पुस्तकालय में रखेप्रपत्र "ब"**अनुसार है।

जिला धमतरी में रेत भण्डारण की प्रदत्त अनुमति

[खनिज साधन]

43. (क्र. 301) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जिला धमतरी में वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक खनिज विभाग द्वारा रेत भण्डारण की अनुमति प्रदान की गई है? यदि हां तो कितने व्यक्ति, फर्म या संस्था को अनुमति प्रदान की गई है? नाम/स्थान/खसरा नं./जारी दिनांक/भण्डारण की मात्रा सहित जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' से संदर्भित रेत भंडारण की अनुमति किस दर पर एवं कितनी अवधि के लिए प्रदान की गई हैं ? भंडारित रेत का विक्रय किस दर पर किया जा रहा है ? क्या रेत भंडारण स्थल से शासन को राशि प्राप्त हुई है ? यदि हां तो कितनी राशि कब-कब प्राप्त हुई

है? **(ग)** क्या उक्त जिले में प्रश्नांश अवधि में रेत के अवैध भंडारण किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो दोषी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है ? कृपया जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार प्रदत्त रेत भण्डारण अनुज्ञा अवधि का विवरण **संलग्न प्रपत्र -''अ''** अनुसार है। रेत भण्डारण की अनुमति हेतु कोई दर निर्धारित नहीं होता, अपितु मात्रानुसार आवेदन शुल्क लिया जाता है। इसी प्रकार भण्डारित रेत के विक्रय हेतु खनिज विभाग द्वारा कोई दर निर्धारित नहीं किया जाता है। भण्डारण स्थल में रायल्टी भुगतान युक्त (रायल्टी पेड) रेत का भण्डारण किया जाता है, अतः रेत भण्डारण स्थल से रेत के विक्रय पर शासन को कोई राषि प्राप्त नहीं होती है। अपितु रेत भण्डारण अनुज्ञाओं की मात्रानुसार बतौर आवेदन शुल्क, राशि प्राप्त होता है, जिसकी जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''अ''** के कॉलम-10 एवं 11 अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

धमतरी जिले मेंओव्हरलोड परिवहन की जांच हेतु चौकी की स्थापना

[परिवहन]

44. (क्र. 308) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले में विभिन्न माल वाहक वाहनों में ओव्हर लोड परिवहन की जांच हेतु कितनी जांच चौकी की स्थापना की गई है तथा जिले में जांच हेतु, कितनी-कितनी संख्या में उड़नदस्ता दल बनाया गया है? **(ख)** कौन-कौन से प्रकार के मालवाहक वाहन में ओव्हरलोड परिवहन करते पकड़े जाने पर कितनी-कितनी राशि अर्थदण्ड के रूप में वसूली किए जाने के नियम बनाएं गए हैं ? कृपया पूरी जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) धमतरी जिले में विभिन्न माल वाहक वाहनों में ओव्हर लोड परिवहन की जांच चौकी की स्थापना नहीं की गई है। परिवहन संबंधी जांच हेतु एक उड़नदस्ता दल बस्तर संभाग में बनाया गया है, जो जिला-जगदलपुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव एवं धमतरी जिला में वाहनों का निरीक्षण कार्य समय-समय पर आवश्यकता अनुसार चेकिंग प्वाईंट लगाकर करता है। **विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार है। (ख)** मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 194 एवं 194 **(क)** में प्रावधानित अनुसार वाहन में ओव्हरलोड परिवहन करते पकड़े जाने पर परिवहन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 5-5/आठ-परि./2021, दिनांक 25.10.2021 के अनुसार कार्यवाही के नियम बनाए गए हैं। **विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

धमतरी जिले में संचालित देशी-विदेशी मंदिरा दकानें

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

45. (क्र. 309) श्री ओंकार साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले में वर्तमान में कुल कितनी देशी विदेशी मंदिरा दुकान, किस-किस स्थान व किसकी जमीन पर संचालित है? इसमें कितनी दुकान किराये पर हैं एवं कितनी दुकानें शासकीय भूमि पर हैं? किराये की भूमि का कितना-कितना किराया, किस किस व्यक्ति/संस्था को प्रतिमाह भुगतान किया जाता है? भुगतान की गयी राशि में शासन के नियम अनुसार TDS/GST की कटौती की जाती है, अथवा नही? यदि नहीं तो क्यों ? **(ख)** धमतरी जिले की शासकीय शराब दुकानों में कितने कर्मचारी, किस दर पर कार्यरत हैं? कर्मचारियों की संख्या, पदवार वेतन की जानकारी देवें? कार्यरत कर्मचारियों की चयन की प्रकिया क्या है, विगत 05 वर्षो में कितने कर्मचारियों को किस किस दुकानों में पदस्थ किया गया है? दुकानवार पदस्थ कर्मचारियों की संस्था की जानकारी देवें ? **(ग)** धमतरी जिले में विगत 05 वर्षो में अमानक शराब, मिलावटी शराब के कितने प्रकरण कहां-कहां और दर्ज किये गये हैं ? उक्त प्रकरणों में कौन कौन दोषी पाया गया और उस पर क्या कार्यवाही की गई ? **(घ)** अमानक शराब/ मिलावटी शराब के प्रकरण पाए जाने पर शराब बनाने वाली कंपनी के विरुद्ध विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) धमतरी जिले में वर्तमान में 02 देशी मदिरा दुकान, 09 विदेशी मदिरा दुकान एवं 15 कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं 01 प्रीमियम मदिरा दुकान सहित कुल 27 मदिरा दुकानें संचालित है। उक्त 27 मदिरा दुकानों में से 17 मदिरा दुकानें किराये के भवन पर तथा शेष 10 मदिरा दुकानें शासकीय भूमि पर संचालित है। संचालित दुकान का स्थान एवं भवन स्वामी, किराये भुगतान आदि की विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। भुगतान की गयी राशि में शासन के नियम अनुसार टी.डी.एस./जी.एस.टी. की कटौती की जाती है। **(ख)** राज्य शासन के पूर्ण स्वामित्व वाले सार्वजनिक उपक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा धमतरी जिले की संचालित शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारी की संख्या एवं पदवार वेतन की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब**अनुसार है। कार्यरत कर्मचारियों का चयन संबंधित एजेंसी के द्वारा निविदा में निर्धारित अर्हताओं के आधार पर जिला प्रबंधक को प्रस्तावित किया जाता है एवं अनुमोदन पश्चात संबंधित एजेंसी द्वारा कर्मचारियों को नियुक्त किया जाता है। दुकानवार पदस्थ कर्मचारियों की संख्या की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ग)** धमतरी जिले में विगत 05 वर्षों में अमानक शराब एवं मिलावटी शराब के दर्ज प्रकरण की स्थानवार जानकारी तथा उक्त प्रकरणों में पाये गये दोषियों पर की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-द** एवं **प्रपत्र-इ** अनुसार है। **(घ)** अमानक शराब/मिलावटी शराब के प्रकरण पाए जाने पर शराब बनाने वाली कंपनी/दोषियों के विरुद्ध विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-द** एवं **प्रपत्र-इ** अनुसार है।

धमतरी विधानसभा क्षेत्र में भूमि विवाद, नामान्तरण, विलोपन, अवैध प्लाटिंग, अवैध रूप से विक्रय कर रजिस्ट्री की शिकायतों पर कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

46. (क्र. 310) श्री ओंकार साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी विधानसभा क्षेत्र में भूमि विवाद, नामान्तरण, विलोपन के कितने प्रकरण लंबित हैं ? लंबित होने के क्या कारण है? लंबित प्रकरणों की संख्या प्रदान करें? फर्जी तरीके से भूमि का नामान्तरण, विलोपन में कितनी शिकायत प्राप्त हुई है ? प्राप्त शिकायत पर प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? कौन कौन दोषी पाए गये? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गयी ? जानकारी देवें? **(ख)**धमतरी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से नवंबर 2024 तक अवैध रूप से भूखंड के क्रय-विक्रय के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं? स्थान व खसरा नंबर सहित पृथक-पृथक बताएं? **(ग)** क्या अवैध रूप से विक्रय कर रजिस्ट्री पर रोक लगाने हेतु वर्ष 2021 से नवंबर 2024 तक जिला प्रशासन द्वारा पंजीयक से पत्राचार किया गया था? यदि हां तो उन पत्रों पर क्या कार्यवाही की गई तथा कितने प्रकरणों में अवैध कब्ज़ा हटाए गए व पंजीयन निरस्त किया गया और कितने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई एवं कितने खसरों के पंजीयन पर बैन (ब्लॉक) किया गया?पृथक पृथक बतायें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) धमतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद, नामांतरण के कुल 579 प्रकरण लंबित है। प्रकरण दस्तावेज/साक्ष्य/पक्षकारों की उपस्थिति/प्रतिवेदन/अंतिम तर्क एवं जवाब हेतु आदि कार्यों से लंबित है। लंबित प्रकरणों की संख्या की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। फर्जी तरीके से भूमि के नामांतरण विलोपन की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः शिकायत पर कार्यवाही एवं दोषियों पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी निरंक मानी जावे। **(ख)** धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2021 से नवंबर 2024 तक अवैध रूप से भूखण्ड के क्रय विक्रय के प्रकरणों की जानकारी निरंक है। **(ग)** जी हां। कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक 1844/अपर कले./2023-24 धमतरी दिनांक 08.12.2023 के माध्यम से पंजीयन से पत्राचार किया जाकर12 खसरों के पंजीयन पर रोक लगाया गया था। पुनःकार्यालय कलेक्टर धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक 12/अपर कले./2023-24 धमतरी दिनांक 04.01.2024 के माध्यम से उपरोक्त 12 खसरों के पंजीयन पर लगे रोक को निरस्त किया गया।रोक अवधि में उक्त खसरो का पंजीयन नहीं किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

निजी विश्वविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम

[उच्च शिक्षा]

47. (क्र. 317) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग की राजपत्र दिनांक 06/07/2022 को जारी अधिसूचना में क्रमांक 02 पर उल्लेखित आयुर्वेद/हेल्थ एंड एलाइड साईस/पैरामेडिकल/नर्सिंग/फार्मेसी इत्यादि निजी पाठ्यक्रम दर्शित हैं? क्या उच्च शिक्षा विभाग ऐसा राजपत्र जारी कर सकतीं है ? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग का राजपत्र दिनांक 06/07/2022 में उल्लेखित **(क)** व **(ख)** के शर्तों के अनुसार क्या बिना अध्यादेश लागू किये छत्तीसगढ़ में कोई निजी विश्वविद्यालय इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ कर सकता है ? यदि हाँ तो नियम की प्रति प्रदान करें? प्रस्तुत करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हाँ। जी हाँ। **(ख)** जी नहीं। बिना अध्यादेश के किसी भी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ नहीं कर सकता है। प्रति प्रदान करने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

कबीरधाम जिला अंतर्गत राजस्व विभाग के लम्बित प्रकरणों का निराकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

48. (क्र. 334) श्रीमती भावना बोहरा : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिला अंतर्गत संभागायुक्त, कलेक्टर, अनुविभागीय तहसील कार्यालय में राजस्व विभाग के कितने प्रकरण लंबित हैं ? तहसीलवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु क्या प्रयास किये जा रहे हैं ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) दिनांक 05.12.2024 की स्थिति में कुल 4154 प्रकरण लंबित है। न्यायालयवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के संबंध में लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाता है एवं न्यायालय में प्रति सप्ताह पेशी तिथि का निर्धारण कर विधिवत सुनवाई करते हुए निराकरण किया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

जिला राजनांदगांव एवं के.सी.जी. में स्थाई/अस्थाई बिजली कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदन

[ऊर्जा]

49. (क्र. 341) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगांव एवं के.सी.जी. में वर्ष 2021-22 से 2024-25 में नवम्बर, 2024 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन एवं निर्मित पानी टंकियों के उपयोग/निर्माण हेतु स्थाई/अस्थाई बिजली कनेक्शन के लिये आवेदन कब-कब और कहां-कहां के लिये प्राप्त हुये? प्राप्त आवेदनों पर कौन-कौन से ग्रामों में स्थाई/अस्थाई बिजली कनेक्शन कब-कब प्रदाय किया गया?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला राजनांदगांव एवं के.सी.जी. (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) में वर्ष 2021-22 से 2024-25 में नवम्बर 2024 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत दिये गये स्थाई एवं अस्थाई कनेक्शनों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र-''क'' अनुसार** है। वर्ष 2021-22 से 2024-25 में नवम्बर, 2024 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन एवं निर्मित पानी टंकियों के उपयोग/ निर्माण हेतु स्थाई/अस्थाई बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कब-कब और कहां-कहां के लिए एवं कब-कब प्रदाय किया गया, जिला राजनांदगांव की जानकारी **पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र 'अ' एवं 'ब' अनुसार** है एवं जिला के.सी.जी. (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) की जानकारी **पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र 'स' एवं 'द' अनुसार** है।

डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में रेत, मुरूम, पत्थर के परिवहन की प्रदत्त अनुमति

[खनिज साधन]

50. (क्र. 354) श्री दलेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023-24 से 25-11-2024 तक सड़क, पुलिया एवं भवन निर्माण हेतु ठेकेदारों को मुरुम परिवहन हेतु अनुमति प्रदान की गयी है? यदि हां तो अनुमति दिनॉक, स्थान का नाम व कितनी मात्रा (क्यूबिक मी.) की अनुमति किन-किन ठेकेदारों को जारी की गयी है तथा उक्त अवधि में अवैध मुरुम, पत्थर एवं रेत उत्खनन व परिवहन के कितने प्रकरण दर्ज किए गये? वर्षवार, प्रकरणवार, ठेकेदारवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रश्नांश अवधि में शासकीय निर्माण कार्य हेतु मुरूम परिवहन की अनुमति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। उक्त अवधि में डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत में मुरूम, पत्थर एवं रेत के अवैध उत्खनन एवं अवैध परिवहन पर की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब''**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत अधिग्रहित जमीन की मुआवजा

[जल संसाधन]

51. (क्र. 357) श्री भोलाराम साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनियाटोला तक खातूटोला बैराज के द्वारा नहर नाली निर्माण हेतु किन-किन किसानों की कितनी-कितनी जमीन अधिग्रहित की गई है और किन-किन किसानों को कितना-कितना मुआवजा राशि प्रदान की गयी है ? कितने किसान भुगतान हेतु शेष हैं ? नाम पता सहित जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनियाटोला तक खातूटोला बैराज के द्वारा नहर नाली निर्माण हेतु 15 किसानों की जमीन 1.513 हेक्टेयर अधिग्रहित की गई है, जिसमें से 09 किसानों कोरू. 26,94,276.00 (रू. छब्बीस लाख चौरानबे हजार दो सौ छिहत्तर) का मुआवजा राशि प्रदान की गयी है तथा 06 किसानों का भुगतान शेष है। किसानों को भुगतान की गई मुआवजा राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र—अ अनुसार** एवं भुगतान किया जाना शेष है की **जानकारी संलग्न प्रपत्र—ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

प्रदेश में स्वीकृत विद्युत सब स्टेशन

[ऊर्जा]

52. (क्र. 358) श्री भोलाराम साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2023- 24 एवं 2024 -25 में नवम्बर, 2024 तक कुल कितने विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत किए गए हैं? कितनी निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, और कितनी निविदाएं खोली गई हैं ? खोली गई कितनी निविदाओं का कार्यादेश जारी किया गया है ? कृपया बताएं ? **(ख)** कंडिका "क" अनुसार एल-वन आने के बाद भी कितनी निविदाओं को रोक कर रखा गया है ? कारण बताएं ? **(ग)** कंडिका"क" में रोकी गई एल-वन निविदा का कब तक कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा तथा विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारी कौन है ? जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर क्या कार्यवाही की गई है ? कृपया बताएं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 में 37 नग 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र स्वीकृत कर निविदा जारी की गई थी उसमें से सभी निविदाएं खोलकर 36 नग उपकेन्द्र के कार्यादेश जारी किया गया है। वर्ष 2024-25 हेतु 100 नग 33/11 के.व्ही विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना की प्रशासनिक स्वीकृत प्राप्त हुई है जिनमें से मात्र 01 नग 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र की निविदा जारी की गई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 में 02 नग अति उच्चदाब उपकेन्द्र स्वीकृत कर निविदा जारी की गई, उसमें से 01 नग निविदा खोली गई एवं कार्यादेश जारी की गई एवं 2024-25 में नवम्बर, 2024 तक कुल 03 नग अति उच्चदाब विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत किये गये हैं। निविदा प्रक्रियाधीन है। **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा एल-वन आने के बाद 01 नग 33/11 के.व्ही विद्युत सब स्टेशन ग्राम-कोटाडोल विकासखंड भरतपुर जिला-मनेन्द्रगढ़ का कार्यादेश अत्यधिक वनबाधा होने के कारण नहीं किया गया है। **(ग)** कंडिका 'क' में से 01 नग रोकी गई एल-वन निविदा को उत्तरांश ''ख'' के परिप्रेक्ष्य में निरस्त करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

<u>विधान सभा क्षेत्र बीजापुर में सिंचाई परियोजनाओं से डुबान प्रभावित गांव</u>

[जल संसाधन]

53. (क्र. 365) श्री विक्रम मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधान सभा क्षेत्र बीजापुर अन्तर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन कितनी सिंचाई परियोजनाएं हैं ? इन परियोजनाओं से बीजापुर विधान सभा क्षेत्र के कितने गांव डूबान प्रभावित चिन्हित किए गए हैं ? गांव के नाम सहित बतावें? **(ख)** डूबान प्रभावित गांवों के पुनर्वास हेतु विभाग द्वारा योजनाओं का निर्माण प्रारंभ तिथि से अब-तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है? डूबान प्रभावित गांवों के रहवासियों को अब तक शासन या विभाग द्वारा क्या-क्या सहायता उपलब्ध कराई गई है? जानकारी वर्षवार देवें? **(ग)** क्या डूबान प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के पुनर्वास एवं आजीविका हेतु शासन द्वारा स्थायी समाधान किया जा रहा है तथा प्रभावित ग्रामीणों को समुचित लाभ कब से मिलना प्रारंभ होगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) विधानसभा क्षेत्र बीजापुर अन्तर्गत विभाग द्वारा 37 निर्मित एवं 04 निर्माणाधीन परियोजनाएं हैं। निर्मित एवं निर्माणाधीन योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है।** इन परियोजनाओंसे बीजापुर विधान सभा क्षेत्र में कोई भी गांव डूबान प्रभावित चिन्हित नहीं किए गए हैं, अपितु तेलंगना राज्य द्वारा मुलुगु जिले में गोदावरी नदी पर निर्मित देवधूमूला उदवहन सिंचाई योजना के डाऊनस्ट्रीम में लगभग 04 कि.मी. नीचे निर्माणाधीन तुपाकुलागुडम बैराज (सम्मका सागर परियोजना) के बेकवाटर से छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के 02 ग्राम कोत्तूर एवं तारलागुड़ा प्रभावित हो रहे हैं। **(ख)** उक्त दोनों ग्रामों के कुल किसान 47, खसरा 73, कुल रकबा 13.061 हेक्टेयर एवं शासकीय भूमि कुल खसरा 03, रकबा 60.390 हेक्टेयर हेक्टेयर हेतु भू—अर्जन एवं अन्य अभिष्ट कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ग)** उपरोक्त प्रश्नांश 'ख' अनुसार प्रभावित ग्रामीणों को समुचित लाभ दिये जाने हेतु वर्तमान में समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

<u>बस्तर संभाग में विद्युतिकरण के संबंध में</u>

[ऊर्जा]

54. (क्र. 373) श्री कवासी लखमा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग के सभी जिलों में 15 नवम्बर, 2024 की स्थिति में कौन-कौन से ग्राम, पारा, मजरा टोला विद्युत विहीन हैं ? जिलेवार, ग्राम, विकासखण्डवार, ग्राम व पारा, मजरा टोला अनुसार जानकारी देवें ? **(ख)** दिसम्बर, 2024 के पश्चात 15 नवम्बर, 2024 तक क्या नवीन विद्युतिकरण कार्य स्वीकृत किये गये ? **(ग)** अविद्युतिकृत ग्रामों के विद्युतिकरण हेतु शासन की क्या योजना है ? कब तक विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किया जाएगा ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) 15 नवम्बर 2024 की स्थिति में बस्तर संभाग के सभी ग्राम परंपरागत/अपरंपरागत स्त्रोतों से विद्युतीकृत है। इन ग्रामों के विद्युतविहिन पारा, मजराटोला की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)** दिसम्बर 2024 नहीं अपितु दिसम्बर 2023 के पश्चात् 15 नवम्बर 2024 तक बस्तर संभाग में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत कार्यों का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** बस्तर संभाग के

सभी ग्राम ग्रिड अथवा ऑफ ग्रिड माध्यम से विद्युतीकृत है तथापि ग्रामों में स्थित अविद्युतीकृत मजरोटोलों, पारा आदि के अविद्युतीकृत आवासों को विद्युतीकृत करने हेतु केन्द्र सरकार की पी.एम.जन.मन.,धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (पी.एम.जुगा) योजनाए संचालित है। विद्युतीकरण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने के प्रयास हैं।

सुकमा जिले में स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[स्कूल शिक्षा]

55. (क्र. 374) श्री कवासी लखमा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सुकमा में स्कूल जतन योजना अंतर्गत कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए ? इनका निर्माण एजेंसी कौन-कौन हैं ? स्थलवार, लागत सहित, प्रशासकीय स्वीकृति सहित जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत सभी कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है ? उक्त सभी कार्यों के भुगतान की 15 नवम्बर, 2024 तक की जानकारी देवें ? **(ग)** क्या उक्त सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराया गया है ? यदि नहीं तो जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गयी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र के कॉलम क्रमांक 03, 04, 05, 06 एवं 07** अनुसार है। ख) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र के कॉलम क्रमांक 08 एवं 09** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं, 58 कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण नहीं किया गया है। 01 कार्य हेतु ठेकेदार एवं उपअभियंता को नोटिस जारी किया गया है, शेष 57 कार्य हेतु अति संवेदनशील एवं दुर्गम क्षेत्र होने के कारण अतिरिक्त समय दिया गया है।

शिक्षा विभाग जिला बालोद को विभिन्न मदों में प्राप्त एवं व्यय राशि

[स्कूल शिक्षा]

56. (क्र. 382) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2020-21 से दिनांक 24 नवम्बर, 2024 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद को किन-किन मदों में कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई है? आबंटित राशि में से उनके द्वारा कितनी-कितनी राशि किन-किन मदों में व्यय की गयी है एवं कितनी राशि शेष है? वर्षवार, मदवार जानकार देवें? **(ख)** कण्डिका 'क' की समयावधि में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद द्वारा किन-किन मदों से कितनी राशि की कौन-कौन सी सामग्रियॉ, कितनी-कितनी मात्रा में किस एजेंसी/फर्म से क्रय की गयी है? वर्षवार, मदवार विवरण देवें ? **(ग)** कण्डिका 'क' की समयावधि में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद द्वारा किन-किन मदों से कब-कब, कौन-कौन से आयोजन, शिविर, कैम्प इत्यादि कहॉ-कहॉ पर आयोजित किये गये एवं प्रत्येक आयोजन में कितनी राशि का व्यय हुआ है? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''स''** अनुसार है।

कुरूद(थूहा) से राजिम(कोमा) तक 220 के.व्ही.डी.सी.डी.एस लाईन निर्माण कार्य

[ऊर्जा]

57. (क्र. 388) श्री अनुज शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**छत्तीसगढ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमि. द्वारा जिला धमतरी में कुरूद (थूहा) से राजिम (कोमा) तक 220 के.व्ही. डी.सी.डी.एस लाईन निर्माण कार्य किस ऐजेंसी/ठेकेदार को, किन-किन शर्तों पर, कितनी अवधि के लिये दिया गया है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या कार्य आंबंटित ऐजेंसी/ठेकेदार द्वारा प्रस्तावित नक्शे के आधार पर ही लाईन विस्तार का कार्य किया जा रहा है? यदि नहीं तो क्या उक्त ऐजेंसी/ठेकेदार के द्वारा नक्शा परिवर्तन हेतु समस्त नियमानुसार अनुमति लिये जाने की कार्यवाही एवं विभागीय सहमति प्राप्त की गई है? यदि नहीं तो

विभाग द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या उक्त कार्य हेतु अन्य विभागों से एन.ओ.सी. लिये जाने का प्रावधान है? यदि हां, तो क्या कार्य ऐजेंसी द्वारा सभी विभागों से एन.ओ.सी. ली गई ? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जिला धमतरी में कुरूद (थूहा) से राजिम (कोमा) तक 220 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. लाइन का निर्माण कार्य मेसर्स आर.एस. इन्फ्राप्रोजेक्टस् प्रा. लिमि., न्यू दिल्ली को ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा जारी कार्यादेश क्रमांक 1601 एवं 1603 दिनांक 21.09.2022 की शर्तो पर दिया गया हैै जो कि **पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र**अनुसार है। उक्त निर्माण कार्य कार्यादेश दिनांक से 18 (अठारह) माह की समयावधि हेतु प्रदान की गई है। **(ख)** जी हाँ। शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ग)** जी हाँ। ट्रांसमिशन कंपनी के द्वारा उक्त लाइन के निर्माण हेतु विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-68 के अंतर्गत राज्य शासन से अनुमति एवं धारा-173 सहपठित धारा-174 के अधीन भारतीय रेल से एन0ओ0सी0 प्राप्त की गई है।

बस्तर संभागांतर्गत अवैध रूप से जंगल के दर्ज प्रकरण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

58. (क्र. 397) श्री बघेल लखेश्वर : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में विगत दो वर्षो में जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई के कितने मामले दर्ज हुये ? कितने पेड़, कौन-कौन से पेड़ काटे गए, इसकी जानकारी जिलेवार देवें ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** मामलों में विभाग के द्वारा क्या कार्यवाही की गई की जानकारी दें ? **(ग)** जंगलों में अवैध कटाई की रोकथाम में वन सुरक्षा समिति की भूमिका के संबंध में बतावें ? **(घ)** क्या वन सुरक्षा समिति को उपलब्ध धनराशि का उपयोग वन सुरक्षा में किया जा सकता है अथवा किया गया है ? कृपया बतावें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में विगत दो वर्षों में जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई के 6050 मामले दर्ज हुये हैं। पेड़ों की संख्या, प्रजाति की जिलेवार **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।(ख)** प्रश्नांश ''क" के मामलों में काष्ठ 1528.415 घ.मी., जलाऊ 1033 चट्टा तथा बल्ली 8699 नग जप्त की गई है। दर्ज 6050 प्रकरणों में से 3611 प्रकरण अभिसंधानित एवं 11 प्रकरण माननीय न्यायलय में प्रस्तुत किया गया है तथा शेष 2428 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।(ग)** वन विभाग में वन सुरक्षा समिति गठित नहीं है, अपितू वन प्रबंधन समिति कार्यरत है। छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के संकल्प क्रमांक /एफ 7-36/2001/व.सं./10 दिनांक 22.10.2001 में किये गये प्रावधानों के अनुसार वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा वनों का अवैध कटाई से बचाव किया जाएगा तथा वन विभाग को इसमें सहयोग किया जाएगा। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु समिति अपने सदस्यों की सहायता से वनों की सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाएगी। वनक्षेत्रों की सुरक्षा हेतु वन प्रबंधन समितियों को पृथक-पृथक क्षेत्रों का आबंटन किया गया है। वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों द्वारा सुरक्षा हेतु वन क्षेत्रों का दैनिक भ्रमण अवैध कटाई के प्रकरणों में अकुंश लगाने हेतु प्रयास किया जाता है।**(घ)** वन प्रबंधन समिति में उपलब्ध धनराशि का उपयोग वनों की सुरक्षा में किया जा सकता है एवं किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

बस्तर ओलंपिक के आयोजन हेतु प्रावधानित राशि

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

59. (क्र. 398) श्री बघेल लखेश्वर : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में बस्तर ओलंपिक अंतर्गत विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तरीय कौन-कौन से खेल को रखा गया है एवं इन खेलों के आयोजन हेतु किस-किस मद में कितनी राशि का प्रावधान रखा गया है तथा कितनी बंटन राशि जारी की गयी है ? कृपया बतावें ? **(ख)** विकासखण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय एवं संभागस्तरीय के आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए क्या-क्या सुविधायें/व्यवस्था मुहैया कराये जाने का प्रावधान है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) बस्तर ओलंपिक अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, बालीबॉल, रस्साकसी खेल एवं जिला एवं संभाग स्तर पर एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग कराते, कबड्डी, खो-खो, बालीबॉल, रस्साकसी खेल को रखा गया है। शेष जानकारी **प्रपत्र में संलग्न** है। **(ख)** प्रश्नाधीन आयोजन में प्रतिभागियों के लिए सुविधायें/व्यवस्था हेतु प्रावधान निम्नानुसार हैः-
01. विकासखण्ड स्तरः-पेयजल आवश्यक खेल सामग्री, भोजन, निःशुल्क भागीदारी, खेल मैदान, प्राथमिक चिकित्सा, प्रमाणपत्र, विजेता को मोमेंटो।
02 जिला स्तरः- पेयजल आवश्यक खेल सामग्री, प्रमाणपत्र, प्रतियोगिता में निःशुल्क भागीदारी, खेल परिधान टी शर्ट निकर, आवास, खेल मैदान, भोजन, पुरस्कार राशि
03 संभाग स्तरः-पेयजल आवश्यक खेल सामग्री, प्रतियोगिता में निःशुल्क भागीदारी, आवास, खेल मैदान, भोजन, पुरस्कार राशि, खेल परिधान, ट्रैकशूट, टीशर्ट निकर, जूता एवं प्रमाणपत्र।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

बैकुण्ठपुर जिला कोरिया अन्तर्गत प्रेमाबाग मे संचालित शासकीय पोल्ट्री फार्म का अन्यत्र विस्थापन

[पशुधन विकास]

60. (क्र. 406) श्री भईया लाल राजवाड़े : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला कोरिया अंतर्गत प्रेमाबाग मंदिर से लगे शासकीय पोल्ट्री फार्म को शहर के बाहर विस्थापित किया जाना प्रस्तावित है यदि हाँ तो कब तक ? **(ख)** पोल्ट्री फार्म में मुर्गी दाना की सप्लाई कहां और कौन सी कंपनी द्वारा की जाती है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नही। जिला कोरिया अंतर्गत प्रेमाबाग मंदिर से लगे शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र को शहर के बाहर विस्थापित किया जाना प्रस्तावित नही है। **(ख)** शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया में मेसर्स सी.जी. न्यूट्रिवेट फीड्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कुक्कुट आहार का प्रदाय छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जाता है।

शक्कर कारखाना केरता जिला सूरजपुर द्वारा किसानों के उपलब्ध कराई गई सुविधा

[सहकारिता]

61. (क्र. 409) श्री प्रबोध मिंज : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** शक्कर कारखाना केरता, जिला सूरजपुर द्वारा गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु क्या-क्या सुविधा दें दी जाती हैं? **(ख)** सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में 25 नवम्बर, 2024 तक कितने किसानों को क्या-क्या सुविधा /सहायता उपलब्ध कराई गई है ? **(ग)** उक्त शक्कर कारखाना में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में कितनी-कितनी खरीदी कियी गयी ? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(घ)** वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में उक्त शक्कर कारखाना में कितनी राशि का लाभ या घाटा हुआ ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) शक्कर कारखाना केरता, जिला सूरजपुर द्वारा गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु उचित लाभकारी मूल्य (एफ.आर.पी.) पर किसानों से गन्ना क्रय, उधार (ब्याज रहित) पर उन्नतशील गन्ना बीज प्रदाय, रियायती दर पर प्रेसमड (खाद) प्रदाय, वैज्ञानिक विधि से गन्ना खेती हेतु जानकारी देना, कृषकों के समस्याओं के निराकरण हेतु टोल फ्री नम्बर तथा पेराई सत्र के दौरान यार्ड में कृषकों के रूकने/विश्राम हेतु किसान घर की सुविधाएं दी जाती है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है **(घ)** वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में उक्त शक्कर कारखाना में क्रमशः राशि रूपये 4.06 करोड़, राशि रूपये 20.03 करोड़ एवं राशि रूपये 21.76 करोड़ का घाटा हुआ ।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में तालाब खनन की स्वीकृति

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

62. (क्र. 422) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वन विभाग अंतर्गत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में वर्ष 2020 से दि.25/11/24 तक कुल कितने तालाब खनन की स्वीकृति कितनी राशि की प्रदाय की गई? इसमें किन -किन तालाबों में कार्य पूर्ण/अपूर्ण है तथा कितनी राशि का भुगतान किस- किस फर्म को किया गया है व कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है? **(ख)** उक्त के संबंध में कितनी शिकायतें की गई है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है व कौन दोषी पाया गया तथा जांच किसके द्वारा की गई? **(ग)** जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही क्षेत्र अंतर्गत कैम्पा मद अंतर्गत वर्ष 2020 से दि. 25/11।24 तक कितनी राशि जारी की गई तथा उक्त राशि का किन-किन कार्यों में उपयोग किया गया ? कार्यवार/वर्षवार जानकारी देवें? **(घ)** क्या जिले में पेड़ों की कटाई की शिकायत प्राप्त हुई है? अगर हां तो कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और कितने निराकृत किये गये हैं ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वन विभाग अंतर्गत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में वर्ष 2020 से दि. 25/11/24 तक कुल 278 तालाबों के खनन की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्यो हेतु प्रदाय राशि, कार्यो के पूर्ण/अपूर्ण होने की जानकारी, फर्मों को भुगतान राशि एवं भुगतान हेतु शेष राशि का विवरण **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ " अनुसार है ।(ख)** उक्त के संबंध में प्राप्त शिकायतें, उन पर की गई कार्यवाही तथा दोषी एवं जांच से संबंधित **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है ।(ग)** जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही क्षेत्र अंतर्गत कैम्पा मद अंतर्गत वर्ष 2020 से दि. 25/11/24 तक कुल राशि रू. 14350.90 लाख जारी की गई एवं उक्त राशि के उपयोग की कार्यवार/वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-स " अनुसार है ।(घ)** हॉ । 11 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 01 निराकृत किया गया है।

पूर्व में निर्मित गौठानों का गौ अभ्यारण्य या गौशालाओं में परिवर्तन

[पशुधन विकास]

63. (क्र. 426) श्री राजेश अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आवारा मवेशियों एवं पशुओं की सुरक्षा एवं संरक्षण की दृष्टि से पूर्व में निर्मित गौठानों को गौ-अभ्यारण्य या गौशालाओं में परिवर्तन कर सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु शासन की क्या योजनाएं है? **(ख)** प्रश्नांश (क) अनुसार योजनाओं के अनुरूप प्रत्येक गौशालाओं पर कितनी लागत राशि का प्रावधान तय किया गया है तथा प्रत्येक गौशालाओं में कितनी गायों को पालने का प्रावधान तय किया गया है ? **(ग)**अंबिकापुर विधान सभा क्षेत्र में संचालित कौन-कौन से चिकित्सालयों व उपकेंद्रों में पशुओ की जांच हेतु लेबोरेटरी की सुविधा किन कारणों से उपलब्ध नहीं है? विवरण देवें? क्या पशुओं की जांच हेतु संचालित चिकित्सालयों व उपकेंद्रों में नवीन लेबोरेटरी खोलने का प्रस्ताव है? यदि हाँ तो कब तक?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) आवारा मवेशियो एवं पशुओं की सुरक्षा एवं संरक्षण की दृष्टि से पूर्व में निर्मित गौठानों को गौ-अभ्यारण्य या गौशालाओं में परिवर्तन कर सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु वर्तमान में कोई योजना स्वीकृत नही है। **(ख)** निरंक। **(ग)** अंबिकापुर विधान सभा क्षेत्र में पशुओं की जांच हेतु जिला स्तरीय लेबोरेटरी (पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला) की सुविधा उपलब्ध है। पशुओं की जांच हेतु संचालित चिकित्सालयों व उपकेंद्रों में नवीन लेबोरेटरी खोलने का प्रावधान नही है।

सरगुजा संभाग के मंदिरों का विकास एवं मंदिरों को पुरातत्विक तथा पर्यटन से जोड़ा जाना

[पर्यटन]

64. (क्र. 427) श्री राजेश अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- सरगुजा संभाग के मंदिरों को पुरातात्विक तथा पर्यटन से जोड़े- जाने एवं विधान सभा क्षेत्र अंबिकापुर के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर जैसे माँ महामाया मंदिर अंबिकापुर, देवगढ़ व महेशपुर धाम शिव मंदिर उदयपुर, राम वन गमन पथ रामगढ़ उदयपुर, आदि स्थानों का जीर्णोद्धार कर पर्यटन के रूप में विकसित करने हेतु शासन की क्या -

क्या योजनाएं है? पुरातत्विक सर्वेक्षण विभाग के आदर्श स्मारकों में हेरिटेज कॉरिडोर का निर्माण कर पर्यटन सुविधाओं का उन्नयन किये जाने हेतु शासन की क्या योजना है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : मंदिरों को राज्य के चिन्हांकित पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल करने के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों/सुझावों के आधार पर संबंधित जिला प्रशासन से उन स्थलों के विषय में विस्तृत जानकारी जिला स्तरीय पर्यटन समिति की अनुशंसा से प्राप्त कर परीक्षण उपरान्त पर्यटन की दृष्टि से उपयुक्त पाये जाने पर चिन्हांकित पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल किया जाता है। पुरातात्विक महत्व के मंदिरों को पुरातात्विक, धार्मिक श्रेणी के पर्यटन स्थलों में शामिल किया जाता है।विधान सभा क्षेत्र अम्बिकापुर में माँ महामाया मंदिर अंबिकापुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु वर्तमान में कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। देवगढ़ व महेशपुर धाम शिव मंदिर उदयपुर, राम वन गमन पथ रामगढ़ उदयपुर में पर्यटन विकास के कार्य कराये गये है जिसकी सूची **संलग्न प्रपत्र** में है। सरगुजा संभाग में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग के आदर्श स्मारकों में हेरिटेज कॉरिडोर के निर्माण हेतु वर्तमान में कोई योजना प्रस्तावित नही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

गिरौदपुर धाम के संबंध में

[पर्यटन]

65. (क्र. 442) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या गिरौदपुरी धाम वि.ख.कसडोल, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा को तीर्थ स्थल बनाने की शासन स्तर पर कोई योजना स्वीकृत है ? यदि हां तो इसके लिए क्या क्या कार्य योजना बनाई गई है, जानकारी बतावें? पूर्व में वर्ष 2021 से दिनांक 25.11.2024 तक गिरौदपुरी में निर्माण/जीर्णोध्दार/मरम्मत एवं अन्य संर्वांगीण विकास हेतु कितनी राशि, किस मदवार स्वीकृत की गयी थी /है? उपरोक्त राशि में से कितनी राशि का व्यय किया गया एवं कितनी राशि शेष है, वर्षवार जानकारी प्रदान करें। **(ख)** क्या तत्कालीन राष्ट्रपति महोदय के द्वारा 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति एवं अन्य निर्माण एवं जीर्णोध्दार कार्य हेतु कोई अनुशंसा/स्वीकृति की गई थी ? यदि हां, तो दिनांक 25.11.2024 तक उस पर राज्य शासन के द्वारा कितना व्यय एवं अधूरे निर्माण कार्यों के लिए कार्यवाही की गई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) गिरौदपुरी अमृत कुंड से पंचकुण्डि होते हुए छातापहाड़ को "सतनाम मार्ग" के रुप में विकसित करने तथा गिरौदपुरी धाम एवं छाता पहाड़ को तीर्थ स्थल में विकसित करने की योजना हेतु जिला प्रशासन से रू. 128.20 लाख का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को प्राप्त हुआ है। जिसका स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। उक्त योजना में कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार-भाठापारा द्वारा प्रस्तावित कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-"अ"** में दर्शित है। गिरौदपुरी में वर्ष 2021 से दिनांक 25.11.2024 तक स्वीकृत कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-"ब"** एवं **संलग्न प्रपत्र-"स"** में दर्शित है। **(ख)** माननीय राष्ट्रपति महोदय के द्वारा गिरौदपुरी धाम हेतु 2 करोड़ रूपये की अनुशंसा/स्वीकृति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

वि.स. क्षेत्र सामरी अंतर्गत जल संसाधन विभाग के अधूरे जलाशय कार्यों की पूर्णता अवधि

[जल संसाधन]

66. (क्र. 460) श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सामरी जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत जल संसाधन विभाग में वर्ष 2020-21 से दिनांक 25-11-24 तक कितने कार्य स्वीकृत हुए हैं? स्वीकृत हुए कार्यों में से कुल कितने पूर्ण हुए हैं? **(ख)** वर्तमान में कितने अधूरे जलाशय के कार्य लंबित हैं? तथा क्यों? **(ग)** अधूरे जलाशय के कार्य जैसे खुठ्पाली, ढोडीचुआ शंकरगढ़, बिनगंगा जलाशय कुसमी, सूर्या डायवर्सन जम्होर शंकरगढ़ गेउर डायवर्शन, पत्रापारा राजपुर, दात्रम जलाशय कुसमी आदि को कब पूर्ण किया जावेगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) विधानसभा क्षेत्र सामरी जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत जल संसाधन विभाग में वर्ष 2020-21 से दिनांक 25-11-24 तक कुल 27 कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 09 नवीन योजनाएं एवं 18 जीर्णोद्धार कार्य की योजनाएं हैं। स्वीकृत हुए कुल कार्यों में 04 जीर्णोद्धार के कार्य पूर्ण हुए हैं। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** वर्तमान में कुल 03 अधूरे जलाशय के कार्य लंबित हैं। पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** सभी उल्लेखित अधूरे कार्यों की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के प्रकरण प्रक्रियाधीन है। पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के 02 वर्ष के भीतर पूर्ण करने की योजना है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

छतीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूलों में कृषि संकाय विषय का अध्यापन

[स्कूल शिक्षा]

67. (क्र. 462) श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या छतीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूलों में कृषि संकाय विषय प्रांरभ किया गया है? **(ख)** यदि नहीं तो कब तक प्रांरभ किया जावेगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हॉ। **(ख)** शेषांश का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

कैम्पा के अंतर्गत जशपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

68. (क्र. 464) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 01 अप्रैल, 2022 से दिनांक 24.11.2024 तक कैम्पा के अंतर्गत जशपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्यो का कार्यवार, ग्रामवार, स्वीकृत राशिवार, व्यय राशिवार ब्यौरा दें? **(ख)** क्या दिनांक 24.11.2024 की स्थिति में उपरोक्त सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं? यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा दें? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं? अपूर्ण कार्यो को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) 01 अप्रैल, 2022 से दिनांक 24.11.2024 तक कैम्पा के अंतर्गत जशपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्यों का कार्यवार, ग्रामवार, स्वीकृत राशिवार, व्यय राशिवार **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।**

बादलखोल अभ्यारण्य मे वन्य जीवों के लिये पेयजल सुरक्षा एवं अन्य सुविधाये

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

69. (क्र. 465) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा बादलखोल अभ्यारण्य में वन्य जीवों के लिये पेयजल की उपलब्धता, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के लिये योजनायें एवं कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं? यदि हाँ, तो 01 अप्रैल 2021 से दिनांक 24.11.2024 तक बादलखोल अभ्यारण्य में वन्य जीवों के लिये उपरोक्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन के लिये किये गये कार्यो का कार्यवार, स्वीकृत राशिवार, भुगतान वार, एजेन्सी वार, व्यौरा दें? **(ग)** क्या दिनांक 24.11.2024 की स्थिति में कुछ कार्य अपूर्ण हैं? यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा दें तथा अपूर्ण कार्यो को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हॉ, बादलखोल अभ्यारण्य में वन्यजीवों के लिये पेयजल की उपलब्धता, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के लिये कार्य कराये जाते हैं। दिनांक 01 अप्रैल 2021 से दिनांक 24.11.2024 तक बादलखोल अभ्यारण्य में वन्यजीवों के लिए कराये गये कार्यों की **जानकारी संलग्न 'प्रपत्र'**

में दर्शित है। बादलखोल अभ्यारण्य में स्वीकृत समस्त कार्यों को वन विभाग द्वारा कराया गया है। कोई भी कार्य बाहरी एजेन्सी से नहीं कराया जाता है ।**(ग)** जी हॉ । **जानकारी संलग्न 'प्रपत्र' में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

शिक्षकों की पदन्नोति/पदस्थापना में आर्थिक अनियमितता

[स्कूल शिक्षा]

70. (क्र. 481) श्री गजेन्द्र यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** माह - जुलाई-अगस्त, 2023 में शिक्षा विभाग में पदोन्नति पश्चात् पदस्थापना आदेश में शासन की नीति के विरूद्ध संशोधन किए जाने के आरोप में कितने अधिकारियों को निलंबित किया गया था? नाम, पदनाम, पदस्थापना स्थल सहित बतावें? **(ख)** निलम्बन पश्चात् कितने अधिकारियों को बहाल किया जा चुका है, तथा पदस्थापना कहां की गई है, बतावें? क्या आरोप पत्र जारी हुआ था? क्या विभागीय जांच पूर्ण हो चुकी है? **(ग)** क्या निलम्बित अधिकारियों को बहाल करने के पश्चात् विभागीय जांच पूर्ण हुए बिना उसी कार्यालय में पुनः पदस्थापना किए जाने का प्रावधान छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण तथा अपील) नियम 1956 के तहत् है? यदि नहीं तो पुनः उसी कार्यालय में पदस्थापना दिए जाने का कारण बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। श्री हेमन्त उपाध्याय निलम्बित प्रभारी संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग सरगुजा के द्वारा छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश दिनांक 01.08.2023 के विरूद्ध मान. छ.ग. उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक WPS No.9251/2023 में पारित आदेश दिनांक 14.12.2023 के द्वारा निलम्बन आदेश को निरस्त किए जाने के कारण शासन आदेश दिनांक 13.11.2024 द्वारा श्री हेमन्त उपाध्याय का एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर में किए गए स्थानांतरण आदेश को निरस्त करते हुए प्रभारी संयुक्त संचालक, सरगुजा में यथावत पदस्थ किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

जिला बालोद में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम स्कूल का संचालन

[स्कूल शिक्षा]

71. (क्र. 487) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बालोद में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम स्कूल कितने एवं कहां-कहां पर संचालित हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** संचालित स्कूलों में विभिन्न वर्गो के शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ के कितन-कितने पद स्वीकृत हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ग)** सेटअप अनुसार वर्तमान में किस-किस वर्ग के कितने-कितने शिक्षक पदस्थ हैं तथा कितने पद रिक्त हैं? पद रिक्त हैं तो रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी? **(घ)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में नवम्बर 2024 की स्थिति में संचालित स्कूलों में कौन-कौन से कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई है? एवं कौन-कौन से कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है। मदवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला बालोद में 30 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित है। जानकारी **संलगन प्रपत्र अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र स** अनुसार है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र द** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

किसानों को मुआवजा भुगतान

[जल संसाधन]

72. (क्र. 488) श्रीमती गोमती साय : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला सक्ती अंतर्गत भू-अर्जन अधिकारी, डभरा द्वारा कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैरॉज

निर्माण संभाग क्रमांक 01, खरसिया, जिला रायगढ़ को मांग पत्र क्रमांक 2442/अ.वि.अ./भू-अर्जन/ 2024 डभरा, दिनांक 21.10.2024 के अनुसार विभाग द्वारा राशि मांग की गई थी? यदि हां तो क्या उक्त राशि प्रदान की गई? यदि नहीं तो राशि प्रदान नही किये जानें का क्या कारण है? राशि कब तक उपलब्ध करा दी जायेगी? **(ख)** माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के डब्ल्यू पी.सी.क्रमांक 5480/2022 में पारित आदेश दिनांक 12.12.2022 के अनुसार समय सीमा में राशि भुगतान नही करने हेतु कौन-कौन अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदार हैं? विवरण देवें। **(ग)** राशि के अभाव में साराडीह बैरॉज एवं कलमा बैरॉज के किन-किन ग्रामों के कितने किसानों को मुआवजा भुगतान नही किया जा सका है? विवरण देवें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) हां, जिला सक्ती अंतर्गत भू-अर्जन अधिकारी, के पत्र क्रमांक 2442/अ.वि.अ./भू-अर्जन/2024 डभरा, दिनांक 21.10.2024 द्वारा राशि रू. 14.73 करोड़ मांग किया गया है। कार्यपालन अभियंता के पत्र दिनांक 07.11.2024 द्वारा भू-अर्जन अधिकारी, डभरा द्वारा प्रस्तुत गणना पत्रक के गणना अवधि विसंगति पूर्ण होने के कारण तथ्यात्मक जानकारी से अवगत कराते हुए संशोधित गणना पत्रक हेतु लेख किया गया है। संशोधित गणना पत्रक प्राप्त होने पर राशि उपलब्ध करा दी जायेगी। **(ख)** माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के डब्ल्यू पी.सी.क्रमांक 5480/2022 में पारित आदेश दिनांक 12.12.2022 के अनुसार, याचिकाकर्ता को एक माह के अंदर आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि की स्थिति में प्रतिवादी क्र. 3 कलेक्टर, जिला-सक्ती (छ.ग.) या प्रतिवादी क्र. 4 अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) को 90 दिवस के अंदर नियमानुसार उचित निर्णय लिये जाने हेतु आदेश पारित किया गया था। आदेश के परिपालन में भू-अर्जन अधिकारी, डभरा द्वारा दिनांक 17.10.2024 को आवार्ड पारित, भू-अर्जन राशि रू. 1,41,09,092.00 के परिगणित ब्याज की राशि रू. 1,39,48,191.00 का मांग किया गया है, जो विभाग द्वारा परिगणित ब्याज गणना की विसंगति होने के कारण अमान्य करते हुए कार्यपान अभियंता, जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैराज निर्माण संभाग क्रमांक-01, खरसिया, जिला-रायगढ़ द्वारा दिनांक 23.10.2024 को पुनः प्रेषित करने हेतु भू-अर्जन अधिकारी, डभरा को लेख किया गया है। भू-अर्जन अधिकारी, डभरा, जिला-सक्ती द्वारा उपरोक्त पत्र के संबंध में किसी प्रकार का निर्णय नहीं लिया गया है। **(ग)** साराडीह बैराज से प्रभावित ग्रामों के भूमि का अवार्ड पारित होने के पूर्व ही संबंधित भू-अर्जन अधिकारी के मांग अनुसार अग्रिम में भू-अर्जन राशि भू-अर्जन कार्यालय में जमा करा दिया गया है। साराडीह बैराज से प्रभावित किसी भी किसान का मुआवजा भुगतान राशि के अभाव में लंबित नहीं है। कलमा बैराज अंतर्गत जिला सक्ती के प्रभावित ग्राम चन्द्रपुर, गोपालपुर, हीरापुर, चंदली, महादेवपाली, बिलाईगढ़, पलसदा, सिरौली, बरहागुड़ा एवं जिला सारंगढ़ के ग्राम टिमरलगा के कुल 284 किसानों में से 121 किसानो के मुआवजा भुगतान की कार्यवाही प्रगति पर है। शेष 163 किसानों को मुआवजा भुगतान के पूर्व पंचनामा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

महासमुंद वन मंडल के अंतर्गत पौधारोपण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

73. (क्र. 497) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद वन मंडल के अंतर्गत पिछले दो वित्तीय वर्ष से वर्तमान वित्तीय वर्ष में 25 नवम्बर, 2024 तक कहां-कहां पर, कितनी लागत से, किस-किस प्रजाति के कितने पौधों का रोपण किया गया है? **(ख)** उपरोक्त प्रॉफिट पौधे में से कितने प्रतिशत पौधे आज दिनांक की स्थिति में जीवित हैं? कितने प्रतिशत पौधे मर गए हैं? मरने का कारण क्या है? जानकारी बताएं।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) महासमुंद वनमंडल के अंतर्गत पिछले दो वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 से वर्तमान वित्तीय वर्ष में 25 नवम्बर 2024 तक स्थलवार किए गए रोपण की लागतवार, प्रजातिवार **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।(ख)** उपरोक्त रोपित पौधों में से जीवित एवं मृत पौधों का प्रतिशत तथा मृत होने संबंधी कारण का **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।**

जांजगीर चाम्पा व सक्ती जिले के क्रेशर खदानों को विस्फोटक उपयोग हेतु प्रदत्त लाइसेंस

[खनिज साधन]

74. (क्र. 537) श्री बालेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चाम्पा व सक्ती जिला अंतर्गत संचालित क्रेशर व डोलोमाईट खदानों में कौन-कौन से क्रेशर व डोलोमाईट खदानों को विस्फोटक उपयोग किये जाने हेतु लाइसेंस दिया गया है? तहसीलवार, खदानवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या उक्त क्रेशर व डोलोमाईट खदानों में हो रहे विस्फोटों से आम जन का जीवन प्रभावित होने के सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा उन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)जांजगीर चाम्पा व सक्ती जिला अंतर्गत डोलोमाईट खदानें जिनमें विस्फोटक उपयोग किये जाने हेतु लाइसेंस प्राप्त है अथवा अनुबंधित लायसेंस धारको द्वारा विस्फोटक का उपयोग किया जाता है की तहसीलवार, खदानवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र अ''** अनुसार है। खनन क्षेत्र के अतिरिक्त संचालित क्रेशर में विस्फोटक का उपयोग नहीं किया जाता है।**(ख)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण एवं रोजगार प्राप्ति की जानकारी के सम्बंध में

[कौशल विकास]

75. (क्र. 628) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020 से दिनांक 26/11/2024 तक मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिला कौशल विकास अभिकरणों द्वारा प्रशिक्षण पर कुल कितनी राशि खर्च की गई एवं कितना भुगतान लम्बित है? कितने लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ? वर्षवार, जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें । **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" के खर्च की गई राशि के सम्बंध में आडिट रिपोर्ट में ऐसे प्रकरण प्रकाश में आये है, जिसमें प्रशिक्षुओं को बिना रोजगार उपलब्ध कराये प्रशिक्षण प्रदाता VTP संस्थाओं को भुगतान किया गया है ? यदि हाँ तो प्रकरणों की जिलेवार संख्या , राशि सहित उपलब्ध करावें। **(ग)** क्या उपरोक्त प्रकरणों पर विभाग के द्वारा भी जांच कराई गई ? यदि हां तो जांच कब एवं किस स्तर के अधिकारीयों द्वारा कराई गई एवं जांच में क्या पाया गया ? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्ष 2020 से दिनांक 26/11/2024 तक मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षण पर कुल राशि रू 31,97,43,117/- खर्च की गई एवं कुल राशि रू 3,63,21,752/- भुगतान लम्बित है । कुल 8937 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ । वर्षवार, जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है ।**(ख)** प्रश्नांश ''क'' के खर्च की गई राशि के संबंध में आडिट रिपोर्ट में प्रशिक्षुओं को बिना रोजगार उपलब्ध कराये प्रशिक्षण प्रदाता VTP संस्थाओं को भुगतान सम्बंधित जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, अतः जानकारी निरंक है । **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के अनुक्रम में प्रश्नांश ''ग'' की जानकारी निरंक है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई हेतु लगाये गये कृषि पंप, विद्युत कनेक्शन एवं सोलर पम्प

[ऊर्जा]

76. (क्र. 773) श्रीमती भावना बोहरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से दिनांक 30 नवंबर, 2024 तक अस्थाई व स्थाई कृषि पंप कनेक्शन हेतु विभाग को कितने आवेदन प्राप्त हुए ? इनमें से कितने अस्थाई एवं कितने स्थाई कनेक्शन दिए जा चुके हैं ? वर्तमान स्थिति में कितने कनेक्शन किन कारणों से लंबित हैं ? वर्षवार/ विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** 30 नवंबर, 2024 की स्थिति में कितने आवेदकों को कार्यादेश जारी होने के बाद भी विद्युत कनेक्शन प्रदान नहीं किया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ग)** सौर सुजला योजना के

तहत कृषि विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत अब तक कुल कितने कृषकों का चयन किया गया है ? योजना के तहत कृषि भूमि में 3 और 5 एचपी क्षमता के कुल कितने सोलर पम्प लगाये जा चुके हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से दिनांक 30 नवंबर, 2024 तक कृषि पंपों हेतु अस्थाई व स्थाई कृषि पंप कनेक्शन के लिए क्रमशः 2091 एवं 1440 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से अस्थायी कनेक्शन हेतु प्राप्त सभी 2091 तथा स्थाई कनेक्शन हेतु प्राप्त 1440 में से 386 स्थाई कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है। विभाग को प्राप्त आवेदन एवं प्रदाय किये गये कनेक्शनों तथा लंबित आवेदनों की कारण सहित जानकारी वर्षवार/विकासखण्डवार **संलग्न प्रपत्र 'अ' एवं 'ब' अनुसार** है। **(ख)** 30 नवंबर, 2024 की स्थिति में 597 आवेदकों को कार्यादेश जारी होने के बाद भी विद्युत कनेक्शन प्रदान नहीं किया जा सका है, की जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ'** तथा **प्रपत्र 'ब' अनुसार** है। **(ग)** प्रश्नावधि में सौर सुजला योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 196 कृषकों का चयन किया गया है। योजना के तहत कृषि भूमि में 3 एचपी क्षमता के 68 और 5 एचपी क्षमता के 12 इस प्रकार कुल 80 सोलर पम्प लगाये जा चुके है। शेष चयनित 116 कृषकों को सौर सुजला योजना वर्ष 2024-25 में शामिल कर सोलर पम्प स्थापित किये जाने का प्रयास है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

राज्य में संचालित प्राथमिक शालाओं में स्वीकृत/रिक्त पद

[स्कूल शिक्षा]

1. (क्र. 3) श्री दीपेश साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ में कितनी प्राथमिक शाला शिक्षक विहीन हैं? **(ख)** कितनी शालाएं एक शिक्षकीय हैं? **(ग)** कितनी ऐसी शालाएं हैं जिनमें स्वीकृत पद के विरूद्ध शिक्षा के अधिकार के नियमावली के अनुरूप शिक्षक कार्यरत हैं एवं कितने शिक्षक के पद रिक्त हैं? संख्यात्मक जानकारी देवें? **(घ)** राज्य में कितने सहायक शिक्षकों की कमी है? **(ड)** क्या शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर नवीन भर्ती किये जाने हेतु शासन की कोई कार्ययोजना है? यदि हां तो जानकारी देवें? **(च)** विभाग में कितने प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक के पद रिक्त हैं? इन पदों पर पदोन्नति हेतु शासन की कोई कार्ययोजना है? यदि हां तो कब तक, जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ में 327 प्राथमिक शाला शिक्षक विहीन है। **(ख)** 4822 शालाएं एक शिक्षकीय है। **(ग)** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश एफ 6-22/2008/20,रायपुर दिनांक 13/05/2008 के द्वारा प्राथमिक,माध्यमिक,हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए निर्धारित की गई रचनाक्रम अनुसार शिक्षक कार्यरत है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(घ)** राज्य में 24636 सहायक शिक्षक के पद रिक्त है। **(ड)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नही होता। **(च)** विभाग में प्राचार्य 2856,व्याख्याता 13024,प्रधान पाठक माध्यमिक शाला 3217,प्राथमिक शाला 3724 के पद रिक्त है उक्त पदो पर पदोन्नति हेतु शासन की सत्त प्रक्रिया के अधीन है जिस हेतु शासन की कोई पृथक से कार्ययोजना नहीं है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

स्कूल शिक्षा विभाग की उन्नयित शालाओं में स्वीकृत/कार्यरत/ रिक्त पद

[स्कूल शिक्षा]

2. (क्र. 8) श्री ललित चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षो से नवम्बर, 2024 तक की अवधि में उन्नयन किये गये कितने शासकीय स्कूल वर्तमान में भवन विहीन हैं ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार भवन विहीन स्कूलों में भवन निर्माण की स्वीकृति कब तक कर दी जायेगी? **(ग)** क्या प्रश्नांक 'क' अनुसार उन्नयन किये गये स्कूलों में विशेषज्ञ शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पद अनुसार कितने शिक्षक कार्यरत हैं ? रिक्त पद कब तक भर लिये जायेंगे ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षो से नवम्बर, 2024 तक 08 स्कूलों का उन्नयन किया गया जिसमें से 04 स्कूल वर्तमान में भवन विहीन हैं। **(ख)** निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** जी हॉ। 01 पूर्व माध्यमिक शाला में 01 प्रधान पाठक, 04 शिक्षक का पद स्वीकृत है जिसके विरूद्ध 01 प्रधान पाठक एवं 02 शिक्षक कार्यरत् है। 03 हाईस्कूल एवं 04 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विषयवार 58 व्याख्याता का पद स्वीकृत है जिसके विरूद्ध 25 व्याख्याता कार्यरत् है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

दुर्ग ग्रामीण वि.खं. क्षेत्र में कौशल विकास योजना अंतर्गत रोजगार एवं प्रशिक्षण

[कौशल विकास]

3. (क्र. 10) श्री ललित चंद्राकर : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कौशल विकास से संबंधित कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं ? वित्तीय वर्ष 2024-25 के

बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कौशल विकास योजना के अंतर्गत कितनी राशि प्रदान की गई ? किस-किस संस्थाओं के द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन एवं प्रशिक्षण कार्य किया जाता है ? **(ख)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कितने युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया ? क्या प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किये गये? यदि हां तो कितने एवं शेष अभ्यर्थियों को रोजगार दिलाने हेतु क्यों कोई योजना एवं प्रयास किए जा रहे हैं ? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार कौशल विकास योजना के अंतर्गत क्या ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाता है ? इस योजना में महिला स्व सहायता समूहों को भी शामिल किया गया है ? यदि हॉं तो कितने महिला समूहों को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया गया है?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क)छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कौशल विकास से संबंधित राज्य शासन की मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (लाईवलीहुड कॉलेजों द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023, छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (उद्योगों द्वारा रोज़गार की गारंटी के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023 तथा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023 का संचालन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु राशि रू 25.00 करोड़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (लाईवलीहुड कॉलेजों द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023, छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (उद्योगों द्वारा रोज़गार की गारंटी के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023 तथा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023 अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु शिक्षित बेरोजगारों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण मद में राशि रू 5.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है । दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के विरूद्ध प्रशिक्षण संस्थाओ को कुल राशि रू. 26,97,280/- (छब्बीस लाख संतानवे हजार दो सौ अस्सी) का भुगतान किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में योजनाओं का क्रियान्वयन एवं प्रशिक्षण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है ।**(ख)**वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुल 129 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित युवाओं में से 37 युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये गये हैं। शेष युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु जिले में समय-समय पर आयोजित रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से नियोजित करने का प्रयास किया जाता है। वर्ष 2024-25 में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (लाईवलीहुड कॉलेजों द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023, छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (उद्योगों द्वारा रोज़गार की गारंटी के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023 तथा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण) विनियम, 2023 में कौशल प्रशिक्षण नहीं दिया गया है ।**(ग)**कौशल विकास योजनांतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवाओं के चिन्हांकन हेतु ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाता है। इस योजना में महिला स्व सहायता समूहों को शामिल नहीं किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार में स्थापित हाईमास्ट, सोलर डयूल पंपो की अद्यतन स्थिति

[ऊर्जा]

4. (क्र. 12) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार में वर्ष 2020-21 से दिनांक 25/11/24 तक कहां-कहां सोलर हाईमास्ट व सोलर डयूल पंपों की स्थापना की गई? **(ख)** अद्यतन स्थिति में इनके कार्य संचालन की स्थिति बतावें? यदि बंद है? यदि खराब हैं तो कब से? **(ग)** बंद पड़े व खराब मशीन कब तक सुधार लिए जायेंगे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नांश 'क' की जानकारी **''पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

(ख) प्रश्नांश 'ख' की जानकारी **''पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** बंद पड़े व खराब संयंत्रों के सुधार हेतु स्थापनाकर्ता इकाईयों को नोटिस जारी किया जा चुका है। बंद पड़े व खराब संयंत्रों के सुधार संबंधी जानकारी **''पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र''** के कॉलम क्रमांक- 08 अनुसार है।

मत्स्य विभाग जिला कोरबा अंतर्गत विकासखंड पोंडी उपरोड़ा में विभिन्न मदों से प्राप्त एवं व्यय राशि

[मछली पालन]

5. (क्र. 13) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 25/11/24 तक मत्स्य विभाग जिला-कोरबा के अंतर्गत विकासखंड पोंडी उपरोड़ा को किन-किन मदो में, कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई एवं प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन कार्यों में किया गया है? मदवार, वर्षवार प्राप्त राशि एवं व्यय राशि का विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" की अवधि में कोरबा जिला की विकासखंड पोंडी उपरोड़ा में किन-किन जलाशयों में मछली पालन हेतु किन-किन योजनांतर्गत, किन-किन व्यक्ति/समूह के नाम से, कितनी-कितनी लागत के, कितने कितने केज लगाये गये थे? इन केजों से कितनी मात्रा में मछली का उत्पादन हुआ? वर्षवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 25.11.2024 तक मछली पालन विभाग, जिला-कोरबा के अंतर्गत विकासखण्ड पोंडी उपरोड़ा को प्राप्त राशि का मदवार, वर्षवार एवं व्यय राशि की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ अनुसार है** एवं प्राप्त राशि का उपयोग मदवार उसी कार्य हेतु किया गया है। **(ख)** कण्डिका 'क' की अवधि में कोरबा जिला की विकासखण्ड पोंडी उपरोड़ा में जलाशयों में मछली पालन हेतु हितग्राहियों द्वारा लगाये गये केज कल्चर की लागत राशि एवं मत्स्योत्पादन की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब अनुसार है**।

बेमेतरा जिले में अवैध प्लाटिंग या छोटे भूखण्डों की नकल जारी करने हेतु जारी निर्देश

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

6. (क्र. 18) श्री दीपेश साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** शासन द्वारा छोटे भूखण्डों की नकल जारी करने हेतु वर्ष 2022-23 से 2024-2025 में नवम्बर, 2024 तक क्या-क्या गाईडलाईन जारी की गयी हैं? वर्तमान में किस गाईडलाईन के आधार पर छोटे भूखण्डों की नकल जारी की जाती हैं ? **(ख)** भूखण्डों की नकल जारी करने हेतु उनके आकार की न्यूनतम सीमा क्या है? **(ग)** क्या कलेक्टर या अनुविभागीय अधिकारी द्वारा छोटे भूखण्डों की नकल जारी करने संबंधित निर्देश/आदेश दिया जा सकता है? **(घ)** क्या उक्त अवधि में बेमेतरा जिले में कलेक्टर या अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा छोटे भूखण्डों की नकल जारी करने संबंधित निर्देश या आदेश दिये गये हैं ? यदि हां तो क्या इसके तहत् एक से अधिक भूमिस्वामी द्वारा अपनी कृषि भूमि को एक से अधिक टुकडों में विभाजित कर आवासीय प्लाट के लिए नकल जारी करवायी जा सकती है अथवा नहीं? **(ड)** प्रश्नांश (घ) के प्रकाश में ऐसे अवैध भूखण्ड काटने वालों के कारण विगत 03 वर्षों में शासन को कितने राजस्व की हानि हुई है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 256 एवं इसके अंतर्गत बने नियमों में भूमि के अभिलेखों के नकल जारी करने के प्रावधान है। इन्हीं के तहत् नकल जारी की जाती है। **(ख)** नकल हेतु भू-खण्ड की सीमा निर्धारित नहीं की गई है। **(ग)** जी हां। विधियों के अधीन रहते हुए छोटे भूखण्डों की नकल जारी करने संबंधित निर्देश/आदेश दिया जा सकता है। **(घ)** जी हां।उक्त अवधि में बेमेतरा जिले में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा के द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ले-आउट एवं TNC अनुमोदन के बिना एवं कोलोनाईजर्स एक्ट 1998 में विहित प्रावधानों के पालन हेतु छोटे भूखण्डों की नकल जारी करने के संबंध में आदेश/निर्देश दिये गये हैं। इसके तहत् एक से अधिक भूमिस्वामी द्वारा अपनी कृषि भूमि को एक से अधिक टुकड़ों में विभाजित कर आवासीय प्लाट के लिए नकल जारी नहीं करवायी जा सकती। (ड.) प्रश्नांश **(घ)** के प्रकाश में ऐसे अवैध भूखण्ड काटने संबंधी प्रकरण दर्ज नहीं हुए हैं। अतः शासन को राजस्व हानि की गणना निरंक है।

जिला जशपुर के घोषित दार्शनिक, धार्मिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल

[संस्कृति]

7. (क्र. 21) श्रीमती गोमती साय : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जशपुर में कौन-कौन से स्थल दार्शनिक, धार्मिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल घोषित है? **(ख)** कंडिका ''क'' के स्थलों के सुरक्षित रखरखाव एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2023-24 से दिनांक 25/11/24 तक क्या-क्या प्रयास किये गये है? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका ''क'' के स्थलों में पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं? विस्तृत विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला जशपुर में निम्नलिखित स्थलों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत पर्यटन स्थल के रुप में चिन्हांकित किया गया हैः-

स.क्र.	चिन्हांकित पर्यटन स्थल	पर्यटन स्थल की श्रेणी	मुख्य दर्शनीय स्थल
1-	जशपुर नगर	प्राकृतिक,ऐतिहासिक, धार्मिक	लोरोघाट,रानीदाहप्रपात,दमेराप्रपात,इंदिरा घाट
2-	पत्थलगांव	धार्मिक,प्राकृतिक	किलकिला,घाटियां,नंदनझारियां,कोसला पाठदेवता (तमता पहाड़)
3-	कुनकुरी	धार्मिक,प्राकृतिक	महागिरिजाघर,बेनेप्रपात
4-	बगीचा	प्राकृतिक	नाशपाती,लीची,आम के बगीचों की घाटियां,खुड़िया रानी की गुफा,एवं प्रपात
5-	सन्ना	प्राकृतिक	प्राकृतिक अभयारण्य
6-	बादलखोल	प्राकृतिक	वन्य प्राणी अभयारण्य

(ख) उत्तर "क" में अंकित स्थलों के सुरक्षित रखरखाव एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु निम्नलिखित प्रयास किये गये:-

पर्यटन स्थल जशपुर अंतर्गत बाला छापर में निर्मित किये गये पर्यटक रिसार्ट एवं कुनकुरी में निर्मित वेसाईड ऐमेनिटी ईकाईयों को लीज पर दिये जाने की योजना है जिससे पर्यटकों को एक स्तरीय सुविधा प्राप्त हो एवं शासन को लीज रेंट भी प्राप्त हो।

मयाली-बगीचा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय से राशि रु 10.00 करोड की स्वीकृत प्राप्त हुयी है। साथ ही इसका क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाएगा।

दिनांक 18 अक्टूबर को मयाली में तथा दिनांक 20 अक्टूबर को देश देखा में आयोजित जंबूरी कार्यक्रम के दौरान पर्यटन का प्रचार-प्रसार किया गया।

इसके अतिरिक्त समय-समय पर राज्य में तथा राज्य के बाहर होने वाले विभिन्न आयोजनों, मेला महोत्सव में तथा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया के माध्यम से जिला जशपुर के पर्यटन स्थलों का प्रमुखता से निरंतर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

(ग) उत्तर "क" में अंकित स्थलों में निम्नलिखित पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं:-

जशपुर अंतर्गत बालाछापर में एथनिक टूरिस्ट रिसॉर्ट संचालित है।

कुनकुरी में वेसाईड ऐमेनिटी का संचालन किया जा रहा है।

दमेरा में मंच, शेड एवं सी.सी. रोड निर्माण कराया गया है।

किलकिला मंदिर में सौंदर्यीकरण एवं शेड निर्माण कराया गया है।

टमटापहाड़ से मंदिर तक सीढी निर्माण कराया गया है।

कैलाशगुफा (बगीचा) में सोलर प्रकाशीकरण, डोरमेट्री, शेड, पचरी घाट, सी.सी. रोड, नाली निर्माणकार्य (मंच से नदी तक) का निर्माण कराया गया है।

उक्त के अतिरिक्त वर्तमान में बगीचा वि.ख. में रु. 56.22 लाख से निम्नलिखित विकास कार्य कराये जा रहे हैं:-

क्र	स्थल का नाम	कार्य का विवरण
1-	कैलाशगुफा	ट्यूबवेल,रेलिंग एवं सिटींग प्लेटफार्म
2-	खुड़ियारानी	सेप्टिकटैंक,ट्यूबवेल,महिला पुरुष शौचालय एवं सिटींग प्लेटफार्म
3-	दनगरी	ट्यूबवेल,रेलिंग एवं सिटींग प्लेटफार्म
4-	राजपुरी	सेप्टिकटैंक,ट्यूबवेल,महिला पुरुष शौचालय एवं सिटींग प्लेटफार्म

जिला सक्ती अंतर्गत खनिज न्यास मद से स्वीकृत निर्माण कार्य

[खनिज साधन]

8. (क्र. 24) श्रीमती गोमती साय : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सक्ती अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 25 नवम्बर, 2024 तक खनिज न्यास मद से किन-किन जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से क्या-क्या निर्माण कार्य कहॉं-कहॉं स्वीकृत किये गये हैं? विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार किन-किन जनप्रतिनिधियों के द्वारा अनुशंसा किये गये निर्माण कार्यों की स्वीकृति नहीं की गई है? इसका क्या कारण है? **(ग)** क्या प्रश्नाधीन अवधि में खनिज न्यास मद के विभागीय अधिकारी/कर्मचारी पर भ्रष्टाचार के आरोप या शिकायत लिखित/मौखिक रूप से प्राप्त हुई है? यदि हां तो विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) खनिज न्यास मद अंतर्गत जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाती, वरन् शासी परिषद् की अनुशंसा के आधार पर कार्य स्वीकृत किये जाते है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार निर्माण एवं अन्य कार्य, शासी परिषद के अनुमोदन उपरांत स्वीकृति प्रदान की जाती है। **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि वर्ष 2024-25 में 25 नवम्बर 2024 तक जिला खनिज संस्थान न्यास के विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप या शिकायत, लिखित अथवा मौखिक रूप से प्राप्त नही हुई है।

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में रोपित पौधों का रकबा

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

9. (क्र. 39) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विगत पांच वर्ष में कौन-कौन से कंपार्टमेंट में पौधों रोपे गए ? पौधों के नाम एवं संख्या कंपार्टमेंटवार बताएं ? **(ख)** वर्तमान में जीवित पौधों का प्रतिशत रकबा एवं खसरा सहित बताएं? **(ग)** जिले में अवैध कटाई के अब तक कुल कितने प्रकरण बने हैं? **(घ)** रोपित पौधों के रखरखाव हेतु किए गए उपाय बताएं? **(ड)** मोहला-मानपुर में वन विकास निगम के माध्यम से संचालित योजनाओं के नाम बताएं ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौंकी में विगत पांच वर्ष में रोपित किए गए पौधों का कंपार्टमेंटवार, प्रजातिवार, पौधों की संख्या की **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।(ख)** वर्तमान में जीवित पौधों का प्रतिशत, रकबा एवं खसरे की **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है। (ग)** जिले में अवैध कटाई के अब तक कुल 4182 प्रकरण हुए हैं ।**(घ)** रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु निंदाई एवं गुड़ाई, बारबेड वायर फेंसिंग, अग्नि बचाव हेतु लाईन-कटाई सफाई एवं सुरक्षा श्रमिक रखकर क्षेत्र की सुरक्षा एवं टूटे फूटे फेंसिंग को मरम्मत कार्य कर रखरखाव कार्य किया जाता है।**(ड)** मोहला-मानपुर में वन विकास निगम अंतर्गत निगम मद तथा हरियर छ.ग. योजना संचालित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

मोहला-मानपुर-अंबागढ़. चौकी के धान खरीदी / उपार्जन केन्द्रों में किए गए निर्माण कार्य

[सहकारिता]

10. (क्र. 41) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-मोहला-मानपुर-अं. चौकी में संचालित धान खरीदी एवं उपार्जन केन्द्रों में नवम्वर, 2024 तक किसानों की सुविधा हेतु निर्मित

किसान कुटीर, नल खनन, चबूतरा निर्माण एवं शेड की जानकारी देवें ? यदि निर्मित किए गए है क्यों और कब तक किए जांएगे?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में संचालित धान खरीदी एवं उपार्जन केन्द्रों में नवम्बर, 2024 तक किसानों की सुविधा हेतु 01 किसान कुटीर, 07 नल खनन, 104 चबूतरे एवं 13 शेड़ निर्मित हैं ।

जिला बिलासपुर अंतर्गत जिला खनिज न्यास से स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

11. (क्र. 44) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बिलासपुर अंतर्गत जिला खनिज न्यास योजनांतर्गत जनवरी, 2024 के शासी परिषद की बैठक में कोटा विकासखंड की कितने और कौन-कौन से कार्यो एवं राशि का अनुमोदन कर स्वीकृति प्रदान की गई है? **(ख)** प्रश्न ''क'' के उत्तर में स्वीकृत कार्यो में से कितने और कौन-कौन से कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है? **(ग)** उक्त स्वीकृत कार्यो में से कौन-कौन से कार्यो की प्रथम किस्त कब-कब जारी की गई है? **(घ)** स्वीकृत कार्यो में से कितने और कौन-कौन से कार्यो की प्रथम किस्त दिनांक 25/11/2024 तक जारी नहीं की गयी है? प्रथम किस्त जारी नहीं करने का कारण क्या है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)जिला बिलासपुर अंतर्गत जिला खनिज न्यास योजनांतर्गत जनवरी, 2024 के शासी परिषद की बैठक में कोटा विकासखंड से 48 कार्यो हेतु 04 करोड़ 91 लाख 25 हजार रूपये की राशि का अनुमोदन कर स्वीकृति प्रदान की गई है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र में** है।**(ख)** प्रश्न ''क'' में 48 स्वीकृत कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।**(ग)** उक्त स्वीकृत कार्यो की प्रथम किस्त एवं जारी दिनांक की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** के कॉलम संख्या 6 एवं 7 अनुसार है। **(घ)** स्वीकृत कार्यो में से 10 कार्यो में प्रथम किस्त जारी नहीं की गई है की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** के कॉलम संख्या एवं 8 अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

अचानकमार टाईगर रिजर्व में निर्मित तालाब, एनीकट, स्टापडेम, रोड एवं नाली

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

12. (क्र. 47) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अचानकमार टाईगर रिजर्व में कितने तालाब, एनीकट, स्टापडेम, रोड एवं नाली का निर्माण विगत 05 वर्षो में किया गया है? किन-किन स्थानों में, किन-किन योजना, वर्ष एवं राशि द्वारा किया गया है? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के उत्तर में कौन-कौन से तालाब, एनीकट, स्टापडेम, रोड एवं नाली जर्जर, जीर्णशीर्ण अथवा गुणवत्ताहीन हो चुके हैं? उक्त जर्जर, जीर्णशीर्ण अथवा गुणवत्ताहीन तालाब, एनीकट, स्टापडेम, रोड एवं नाली का निर्माण की योजना वर्ष एवं राशि क्या है?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) अचानकमार टाईगर रिजर्व अंतर्गत विगत 05 वर्षों में तालाब, एनीकट, स्टापडेम, रोड एवं नाली का निर्माण कार्यों की **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।(ख)** जी नहीं, सभी 45 कार्य उपयोगी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

गौ-वंशों के प्राकृतिक विकास हेतु गौ अभ्यारण्य निर्मित/विकसित करने की योजना

[पशुधन विकास]

13. (क्र. 49) श्री रोहित साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या गौ-सुरक्षा, गौधन विकास हेतु गौ-वंशों को प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु गौ-अभ्यारण्य निर्मित/विकसित किया जा रहा है? यदि हां तो कहॉ विवरण दें। **(ख)** क्या मुक्त विचरण करने वाले गौ-वंशों हेतु जतमई-घटारानी,

जिला गरियाबंद के निकटतम अभ्यारण्य में उपयुक्त गौ-अभ्यारण्य निर्मित/विकसित करने की योजना प्रस्तावित है ? यदि हॉ तो कब तक पूर्ण होगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हां। गौ-सुरक्षा, गोधन विकास हेतु गौ-वंशों को प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु गौ-अभ्यारण्य ग्राम झालम, जिला बेमेतरा में संचालित किया जा रहा है। **(ख)** मुक्त विचरण करने वाले गौ-वंश हेतु जतमई-घटारानी, जिला गरियाबंद के निकटतम अभ्यारण्य में उपयुक्त गौ-अभ्यारण्य विकसित करने के लिए वर्तमान में कोई योजना स्वीकृत नहीं है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, परिसीमन के प्राप्त आवेदन

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

14. (क्र. 52) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से नवंबर, 2024 तक नजूल के अंतर्गत सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, पट्टा के नवीनीकरण, नजूल पट्टा से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ? तहसीलवार जानकारी देवें ? **(ख)** कितने प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं कितने प्रकरण नवंबर, 2024 की स्थिति में लंबित हैं ? लंबित रहने का क्या कारण है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तहसील डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा अंतर्गत वर्ष 2023-24 से नवंबर 2024 तक नजूल के अंतर्गत सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, पट्टा के नवीनीकरण, नजूल पट्टा से संबंधित एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में स्वीकृत/रिक्त पद

[स्कूल शिक्षा]

15. (क्र. 53) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्राथमिक/माध्यमिक/हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रधानपाठक/प्राचार्य/व्याख्याता तथा विभिन्न वर्गो के शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** सेटअप अनुसार वर्तमान में किस-किस वर्ग के कितने-कितने शिक्षक पदस्थ हैं तथा कितने पद रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ? **(ग)** कितने स्कूलों में प्रश्नावधि तक बिजली, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध है ? कितने स्कूल सुविधा विहीन हैं ? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]**

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत राशि का आबंटन

[सामान्य प्रशासन]

16. (क्र. 63) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वित्तीय वर्ष 2023-2024 में खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में माननीय मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत राशि का आबंटन प्राप्त हुआ है? **(ख)** यदि हाँ, तो क्या प्राप्त आबंटन राशि का आहरण कर उसका अनुदानग्राहिताओं को वितरण किया जा चुका है? यदि नहीं, तो लंबित होने का क्या कारण है? **(ग)** क्या उक्त अवधि में स्वेच्छानुदान राशि को वितरण नहीं किये जाने के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पत्र जारी किया किया गया है? अवितरित स्वेच्छानुदान राशि का वितरण कब तक कर दिया जायेगा? जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हां। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 268 हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण किया गया है। छत्तीसगढ विधानसभा निर्वाचन-2023 में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के कारण शेष अनुदानग्रहिताओं को राशि का वितरण नहीं किया जा सका है। **(ग)** जी नहीं। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों की स्थिति

[जल संसाधन]

17. (क्र. 68) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2019-2020 से नवम्बर, 2024 तक जल संसाधन विभाग द्वारा मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने स्टापडेम/नाली निर्माण/नहर विस्तार/स्टापडेम तथा नहर के दोनों ओर सीसी रोड निर्माण एवं लाईनिंग तथा अन्य निर्माण कार्यों में कितनी राशि स्वीकृत की गई है? उक्त निर्माण में कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कितने अपूर्ण हैं? **(ख)** कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है? कितना शेष है? स्वीकृति नहीं होने के क्या कारण हैं तथा कब तक दी जावेगी? समयावधि बतावें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वित्तीय वर्ष 2019-2020 से नवम्बर, 2024 तक मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में एनीकट निर्माण के लिए 04 कार्य, लाइनिंग के 05 कार्य तथा अन्य निर्माण के 03 कार्य, कुल 12 कार्य के लिए राशि रू. 10771.18 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्य में 03 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, और 09 कार्य अपूर्ण हैं। **(ख)** उक्त वित्तीय वर्ष के अंतर्गत 39 कार्य बजट में शामिल हैं, इसमे से 12 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है। 14 कार्यों के प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, 10 कार्यों का डी.पी.आर. तैयार किया जा रहा है एवं 03 कार्य का स्थल अनुपयुक्त पाया गया। कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण विद्युतीकरण

[ऊर्जा]

18. (क्र. 79) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अतंर्गत वर्ष 2020 से दिनांक 25/11/2024 तक कितने ग्रामों में पूर्ण विद्युतीकरण का कार्य किया जा चुका है, कितने गांव,पारा,मजरा,टोला शेष हैं? कितने ट्रांसफार्मर चालू हैं तथा कितने नये ट्रांसफार्मर हेतु आवेदन के विरूद्ध कितने नये लगाये गये एवं कितने लंबित का निराकरण कब तक किया जाना है? समयावधि बतावें? **(ख)** विद्युत खम्बों एवं तारों को बदलने हेतु कितनी समय सीमा निर्धारित है? कितने ग्रामों से खराब तारों को बदले जाने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई है एवं क्षतिग्रस्त तारों को बदलने हेतु दिनांक 25/11/2024 तक कितने आवेदन प्राप्त हुये व कितने का निराकरण किया गया और कितना शेष हैं एवं कब तक किया जावेगा? समयावधि बतावें? **(ग)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के कितने कृषकों द्वारा सौर ऊर्जा/सुजला योजना हेतु आवेदन किया गया है, के विरुध्द कितने किसानों को उक्त योजना का लाभ दिया गया है एवं कितने शेष हैं? क्या उक्त योजना में राज्य शासन एवं केन्द्र शासन द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती है? यदि हॉ, तो कितने कृषकों को प्रदान की गयी? ग्रामवार बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के श्सभी ग्रामों में पूर्ण विद्युतीकरणश् (गांव, पारा, मजरा-टोला एवं अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण) का कार्य मार्च 2019 की स्थिति में ग्रिड अथवा ऑफ ग्रिड के माध्यम से किया जा चुका है। इस विधानसभा क्षेत्रातंर्गत 1278 नग वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित है एवं सभी क्रियाशील है। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु प्राप्त 18 आवेदनों के विरूद्ध 16 ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं शेष 02 के कार्य प्रगतिरत् है। **(ख)** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 66 के.व्ही. (प्रदेश में 33 के.व्ही.) के नीचे की लाइनों का जीवनकाल 25 वर्ष निर्धारित किया गया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में 25 वर्ष या उससे अधिक समय से लगी विद्युत लाइनों को आवश्यकतानुसार बदलने/सुधारने की प्रक्रिया के अंतर्गत विद्युत लाइनों का एक निश्चित अंतराल पर रखरखाव किया जाता है एवं खराब पायी गई लाइन सामग्री को बदला जाता है। प्रश्नाधीन अवधि में 16

ग्रामों में 16 आवेदन/शिकायत खराब तारों को बदले जाने के संबंध में प्राप्त हुए जिनका निराकरण कर तार बदल दिया गया है विवरण **संलग्न प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। तकनीकी कारणों से 33 ग्रामों के तारों को बदल दिया गया है एवं 05 ग्रामों के तारों को बदलने का कार्य प्रगति पर है, जिसे मार्च, 2025 तक बदल लिया जायेगा। ग्रामवार विवरण **संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नावधि में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के 391 कृषकों द्वारा सौर सुजला योजना अंतर्गत सौर सिंचाई पंप हेतु आवेदन किया गया है जिसके विरूद्ध 331 किसानों को उक्त योजना का लाभ दिया गया गया है एवं 60 आवेदन शेष है। जी हॉ उक्त योजना में राज्य शासन द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत 331 कृषकों को सब्सिडी प्रदान की गई है। लाभांवित कृषकों की ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'स'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. बिलासपुर क्षेत्र के मस्तुरी वि.के. में वित्तीय अनियमितता संबंधी

[ऊर्जा]

19. (क्र. 82) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी कार्यालय रायपुर के पत्र कमांक / एसई/आरटीपीसी सेल-2/988, रायपुर, दिनांक 04.08.2021 के माध्यम से मस्तुरी वि.के. में हुई वित्तीय अनियमितता का जाँच प्रतिवेदन प्रदान किया गया था? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अनियमितता संबंधी प्रभावित उपभोक्ताओं के बिजली बिल को किस अधिकारी के निर्देश पर पुनः उपभोक्ताओं के बिल में जोड़कर वसूली की कार्यवाही की जा रही है? अवगत कराये ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हॉ, यह सत्य है । **(ख)** प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अनियमितता संबंधी प्रभावित उपभोक्ताओं के बिजली बिल को कार्यपालन अभियंता (संचारण/संधारण) संभाग, बिलासपुर के आदेश द्वारा कनिष्ठ यंत्री मस्तूरी वितरण केन्द्र को उपभोक्ताओं के बिल में जोड़कर वसूली हेतु निर्देश पर प्रभावित विद्युत उपभोक्ताओं के बिल में जोडा गया था। वर्तमान में प्रभावित उपभोक्ताओं के बिल में अनियमितता संबंधी राशि पुनः जोड़ने की कार्यवाही नहीं की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला- बिलासपुर अंतर्गत स्वीकृत 33/11 के व्ही. सब स्टेशन की निविदा

[ऊर्जा]

20. (क्र. 83) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला-बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों में 33/11 के व्ही. सब स्टेशन की स्थापना हेतु कुल कितने सब स्टेशन स्वीकृत किये गये थे? कितने की निविदा आमंत्रित की गयी और कितनी निविदा खोली गयी? कितनों में कार्यादेश जारी किया गया? क्या एल. वन आने के बाद भी निविदाओं को रोक कर रखा गया ? यदि हॉ तो क्यो? रोकी गयी एल. वन निविदा का कब तक कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा तथा इस विलम्ब के लिए जिम्मेदार कौन हैं तथा उन पर-पर क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला-बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 04 नग 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र स्वीकृत कर निविदा आमंत्रित की गई थी। सभी 04 निविदाओं को खोलकर निविदा की शर्ते एवं पात्रतानुसार स-समय कार्यादेशित कर दिया गया था। अतः एल-वन आने के बाद भी निविदाओं को रोकना, रोके गये निविदा का कार्यादेश जारी किया जाना तथा विलंब के लिए जिम्मेदारी अधिकारी से संबंधित प्रश्न उदभूत नहीं होता है।

देशी व अंग्रेजी शराब की आपूर्ति, ओवर रेट व अवैध विक्रय पर कार्रवाई

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

21. (क्र. 107) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि तारांकित प्रश्न 11 (क्र. 2311), दिनांक 27 फरवरी, 2024 के पूरक प्रश्न पर चर्चा के दौरान शासन

की ओर से यह घोषणा की गई थी कि प्लेसमेंट एजेंसी की जाँच कराई जायेगी ? यदि हाँ तो क्या जाँच हुई? यदि जाँच हो गई है तो जाँच रिपोर्ट विधानसभा में कब प्रस्तुत की जायेगी ? **(ख)** यदि घोषणा के उपरांत जाँच नहीं करायी गई तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है तथा उसके विरूद्ध क्या कार्रवाई प्रस्तावित है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) हॉ, यह सही है कि तारांकित प्रश्न 11 (क्र. 2311), दिनांक 27 फरवरी, 2024 के पूरक प्रश्न पर चर्चा के दौरान शासन की ओर से घोषणा की गई थी कि प्लेसमेंट एजेंसी की जाँच कराई जायेगी। प्लेसमेंट एजेंसी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ**, **प्रपत्र-ब** एवं **प्रपत्र-स** अनुसार है। विषय की गंभीरता को देखते हुए आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 24.09.2024 को जांच समिति का गठन किया गया। आदेश की प्रति **संलग्न प्रपत्र-द** अनुसार है। समिति की बैठक दिनांक 26.09.2024 को हुई है, जिस पर समिति द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड से जानकारी चाही गई थी, जिसकी प्रति **संलग्न प्रपत्र-इ** अनुसार है। **(ख)** जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का संचालन

[स्कूल शिक्षा]

22. (क्र. 108) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में विभिन्न जिलों में चल रहे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग या जिला कलेक्टरों द्वारा अथवा किसके माध्यम से किया जा रहा है ? **(ख)** यहाँ पदस्थ शिक्षकों का वेतन आहरण किस मद से किया जा रहा है ? **(ग)** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों में दैनंदिन के छोटे-छोटे कार्यों के लिए राशि कहाँ से आबंटित की जाती है ? **(घ)** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों में अन्य छोटे-छोटे पद यथा लिपिक, भृत्य एवं सफाई कामगारों की पदस्थापना तथा उनके वेतन भुगतान के क्या नियम हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों का संचालन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जा रहा है। **(ख)** यहां पदस्थ शिक्षकों का वेतन आहरण स्थापना अनुदान मद/स्थानीय निधि से किया जा रहा है। **(ग)** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों में दैनंदिन के छोटे-छोटे कार्यों के लिये सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त राशि आबंटित की जाती है। **(घ)** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों में अन्य छोटे-छोटे पद यथा लिपिक एवं भृत्य की पदस्थापना प्रतिनियुक्ति/संविदा से तथा सफाई कामगारों की पदस्थापना कलेक्टर दर पर की जाती है तथा इनका वेतन भुगतान स्थापना अनुदान मद/स्थानीय निधि से किया जाता है।

समग्र शिक्षा अंतर्गत पत्रिका प्रकाशन के नियम-शर्ते व ''किलोल' पत्रिका की खरीदी संबंधी

[स्कूल शिक्षा]

23. (क्र. 123) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** समग्र शिक्षा अंतर्गत पत्रिका प्रकाशन के लिये क्या-क्या नियम-शर्ते एवं प्रक्रिया हैं तथा पत्रिका में क्या-क्या विषय होगा, यह किनके द्वारा, किस आधार पर तय किया जाता है? प्रकाशक का पंजीयन होना अनिवार्य है कि नही? यदि हां, तो राज्य/राष्ट्रीय किस स्तर पर पंजीयन होना चाहिये तथा पत्रिका की खरीदी किस मद से होना तय की गयी है? **(ख)** क्या मासिक बाल पत्रिका ''किलोल' की खरीदी हेतु उक्त नियम-शर्ते व प्रक्रिया का पालन किया गया है? यदि हां, तो ''किलोल'' पत्रिका को चयन करने वाली समिति का नाम, उनके सदस्यों का नाम व विशेषज्ञ कौन-कौन है? इसका पंजीयन किस स्तर का था? इसकी खरीदी किन-किन मदों से, कितनी राशि की, कितनी प्रतियां खरीदी गयी? **(ग)** वर्तमान में ''किलोल'' पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है कि नहीं ? यदि हां, तो कौन-कौन सी पत्रिका (साप्ताहिक/मासिक/वार्षिक/आजीवन सदस्यता) प्रकाशित की जा रही है? यदि नहीं, तो उसका क्या कारण है और जिन्होंने सदस्यता ली है, उसके लिये क्या निर्देश है? क्या उनके शुल्क को लौटाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक और नहीं तो क्यों?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) समग्र शिक्षा के द्वारा पत्रिका प्रकाशन के लिए नियम शर्तें निर्धारित नहीं की गई है। अतः शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता । **(ख)** दिनांक 24/01/2022 को प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, रायपुर छ.ग. द्वारा जारी की गयी, प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश के पृष्ठ 02 पर CRC अनुदान राशि उपयोग करने के संबंध में जारी दिशा-निर्देश के आकस्मिक व्यय में उल्लेख किया गया था कि "सभी संकुलों में बाल पत्रिका की आजीवन सदस्यता ग्रहण की जाते हुए संकुल समन्वयकों द्वारा अपने संकुल की शालाओं में भ्रमण के दौरान प्रत्येक शाला में बच्चों को पत्रिका के विभिन्न गीत, कविता, कहानियों का वाचन करवाते हुए परीक्षण करवाया जाएं । संकुल के बच्चों एवं शिक्षकों को पत्रिका में अपने आलेख भेजने हेतु प्रेरित किया जाएं। इस हेतु राज्य में प्रकाशित मासिक पत्रिका "किलोल" की आजीवन सदस्यता रू. 10000.00 इस मद से व्यय करने हेतु निर्देशित किया जाता है।" निर्देश की प्रति **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है । **(ग)** वर्तमान में किलोल पत्रिका का मासिक प्रकाशन हो रहा है। अतः शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता ।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर के विरूद्ध अनियमितता की जॉच

[सामान्य प्रशासन]

24. (क्र. 124) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा सत्र दिनांक 22 जुलाई, 2024 के तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 41) के परिप्रेक्ष्य में उल्लेखित ''आंशिक रूप से प्रमाणित पाये गये'' का अर्थ क्या है? कृपया विवरण दें **(ख)** आरोप क्रमांक 1, 2 व 3 को किस आधार पर आंशिक रूप से प्रमाणिकता पर रखा गया? **(ग)** अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1969 के अनुसार ऐसे दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही करने के नियम हैं? क्या उसके अनुरूप आरोप क्रमांक 9, 10 व 11 में प्रमाणित पाये गये हैं जिसमें तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के विरूद्ध की गयी कार्यवाही समुचित है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विभाग द्वारा विधान सभा सत्र दिनांक 22.07.2024 के तारांकित प्रश्न-41 के प्रश्नाश ख के संबंध में उत्तर प्रेषित किया गया था कि श्री टामन सिंह सोनवानी तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के विरूद्ध संस्थित विभागीय जॉच में जॉचकर्ता अधिकारी द्वारा अधिरोपित 12 आरोपों में से आरोप क्र. 01, 02, एवं 03 आंशिक रूप से प्रमाणित पाये गये थें। आरोप क्रमांक 01, 02, एवं 03 क्रमशः श्री सोनवानी के द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों से प्राप्त रोजगार की मांग को ध्यान में न रखकर निर्माण कार्य स्वीकृत किया जाना, ग्राम पंचायत की कार्ययोजना से बाहर के कार्य स्वीकृत किया जाना एवं स्वीकृत कार्यों मे मजदूरी एवं सामाग्री अनुपात में 60ः40 के नियम का उल्लंघन किया जाना था। उक्त आरोपों के संबंध में अपचारी अधिकारी द्वारा प्रतिरक्षा में जॉचकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कथन में लेख किया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के द्वारा महात्मा गॉधी नरेगा अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतों से प्राप्त प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रस्तुत होते है। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के द्वारा रोजगार की मांग, ग्राम पंचायत की कार्ययोजना में शामिल होना तथा मजदूरी एवं सामाग्री का अनुपात 60ः40 अनुसार होने के संबंध में परीक्षण ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के स्तर पर ही संभव है। उनके द्वारा स्वीकृत कार्यों के लिए अपचारी अधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी को दोषी बाताया गया। भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जारी दिशा निर्देश 2013 के अध्याय 4 के कंडिका 4.4.1 में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक को मुख्य रूप से निम्नांकित जिम्मेदारी दी गई हैः-
(1) अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा के दैनिक कार्यों को देखेगा और जिला स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की अगुवाई करेगा।
(2) अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक कार्य वित्त और लेखा, गुणवत्ता नियंत्रण और सतर्कता, सामाजिक लेखा परीक्षा, एम.आई.एस., बगवानी प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, क्षमता निर्माण आदि जैसे क्रियात्मक स्कंधों से मिलकर बनी जिला ई.जी.एस. इकाई का नेतृत्व करेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महात्मा गॉधी नरेगा अंतर्गत अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक होते है। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक होने के कारण जॉचकर्ता अधिकारी द्वारा उपरोक्त आरोप क्रमांक 01, 02 एवं 03 के संबंध में कार्यों का प्रस्ताव प्रेषित करने वाले अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी पूर्ण रूप से दोषी नही मानते हुए अपचारी अधिकारी को भी सहदोषी माना है। इसी कारण जॉचकर्ता अधिकारी द्वारा उक्त आरोप क्रमांक 01, 02 एवं 03 आंशिक रूप से प्रमाणित पाया है।
(ख) प्रश्नांश 'क' अनुसार। **(ग)** अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1969 के नियम 6 द्वारा दोषी पाये गये अपचारी अधिकारियों के विरूद्ध शास्तियां निर्धारित की गई है। नियमानुसार आरोपों की गंभीरता, जॉचकर्ता अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट एवं जांच में पाये गये तथ्यों के आधार पर नियम 6 में वर्णित शास्तियों में से उचित शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाती है। शास्ति अधिरोपित करने के पूर्व उपरोक्त नियम के विभिन्न प्रावधानों अनुसार संघ लोक सेवा आयोग तथा आवश्यकतानुसार भारत सरकार का परामर्शप्राप्त किया जाता है। जांचकर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार श्री सोनवानी के विरूद्ध संस्थित आरोपो में आरोप क्र. 01, 02 एवं 03 आंशिक प्रमाणित एवं आरोप क्र. 09, 10 एवं 11 प्रमाणित पाये जाने के फलस्वरूप विभाग द्वारा श्री टामन सिंह सोनवानी, तत्का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जांजगीर-चांपा के विरूद्ध संस्थित विभागीय जॉच में उपरोक्त नियम के 9(3) अनुसार पत्र दिनांक 25.05.2018 द्वारा श्री सोनवानी की 02 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति प्रस्तावित कर संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली से प्रकरण में परामर्श प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। आयोग द्वारा दिनांक 16.10.2018 को श्री सोनवानी पर "एक (01) वर्ष की अवधि के लिये समय वेतनमान में एक (01) स्तर से निचले स्तर में कटौती, आगे इन निर्देशों के साथ कि सेवा के सदस्य ऐसी कटौती की अवधि के दौरान वेतन वृद्धि अर्जित नही करेंगें और इस अवधि की समाप्ति पर, कटौती का उनकी भावी वेतनवृद्धियों को स्थगित करने पर प्रभाव नही पड़ेगा" का परामर्श दिया गया। राज्य शासन द्वारा संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त परामर्श से सहमत होते हुए विभागीय आदेश दिनांक 03.07.2019 के द्वारा उपरोक्तानुसार शास्ति अपचारी अधिकारी के विरूद्ध अधिरोपित की गई।

महासमुंद जिले में आबकारी विभाग के द्वारा दर्ज वित्तीय अनियमितता के प्रकरणों पर कार्यवाही

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

25. (क्र. 139) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-महासमुंद जिले में आबकारी विभाग में वर्ष जनवरी, 2018 से अक्टूबर, 2024 तक वित्तीय अनियमितता के प्रकरण के कितने मामले बनाए गए हैं? कौन-कौन अधिकारी-कर्मचारी इसके लिए दोषी पाए गए और उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई?किन-किन अधिकारी-कर्मचारियों व सम्बंधित एजेंसियों से राशि की वसूली की जानी है और बकाया राशि कितनी-कितनी है?विवरण सहित बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : महासमुंद जिले में आबकारी विभाग में वर्ष जनवरी, 2018 से अक्टूबर, 2024 तक वित्तीय अनियमितता के 13 प्रकरण बनाए गए हैं, जिसकी जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

महासमुंद जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं स्वीकृत एवं कार्य राशि

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

26. (क्र. 140) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-महासमुन्द जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष जनवरी, 2020 से अक्टूबर, 2024 तक खेल एवं युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए संचालित योजनाओं में खेल प्रतियोगिताओं में पुरस्कार, खेल सामग्री, समारोह आयोजन, मानदेय, भोजन, टेंट आदि व खेल के लिए अन्य आवश्यक मदों के लिए स्वीकृत राशि एवं व्यय की जानकारी आयोजनवार प्रदान की जाए ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** में है । **[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]**

महासमुंद जिले में धान खरीदी केन्द्रों में प्रदत्त एवं व्यय राशि

[सहकारिता]

27. (क्र. 143) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-महासमुंद जिले में धान खरीदी केंद्रों की संख्या कितनी है और वर्ष 2021 से 2024 तक इन खरीदी केंद्रों को धान की सुरक्षा व रख रखाव के लिए कितनी राशि प्रदान की गई? कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? तारपोलीन, ड्रेनेज के लिए प्लास्टिक बोरी, भुसी, प्लास्टिक बोरी में भुसी भराई की मजदूरी, अस्थाई विद्युत कनेक्शन, चौकीदार, अस्थाई तार फेसिंग, फड साफ-सफाई व सुरक्षा में कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है? समितिवार जानकारी प्रदान करें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : महासमुद जिले में धान खरीदी केंद्रों की संख्या की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :-

क्रमांक	वर्ष	धान खरीदी केन्द्रों की संख्या
1	2020-21	138
2	2021-22	152
3	2022-23	169
4	2023-24	182
5	2024-25	182

शेष प्रश्नांश की **जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार** है ।

आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत पदत्त लाइसेंस एवं प्राप्त राजस्व आदि

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

28. (क्र. 154) डॉ. चरण दास महंत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आबकारी अधिनियम एवं उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अन्तर्गत राज्य में कितने प्रकार के, क्या-क्या और किन-किन प्रयोजनों के लिए लाइसेंस दिये जाते हैं?दिये गये लाइसेंसों में से नवम्बर, 2024 की स्थिति में प्रभावशील लाइसेंसों का जिलेवार विवरण भी दीजिए? **(ख)** देशी एवं विदेशी मदिरा पर अधिरोपित शुल्कों/करों के विवरण तथा दरें क्या -क्या है? वर्ष 22-23 तथा 2023-24 (नवम्बर तक) में कितना-कितना राजस्व प्राप्त हुआ? सभी शुल्कों का अलग-अलग बतावें? **(ग)** 2019-20 से 2024-25 की अवधि में राजस्व का वार्षिक लक्ष्य तथा पूर्ति का विवरण बताइए? इसी अवधि में मदिरा का प्रदेश में उत्पादन, आयात, निर्यात तथा विक्रय की मात्राएं क्या-क्या रहीं?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) आबकारी अधिनियम एवं उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अन्तर्गत राज्य में 41 प्रकार के लायसेंस दिये जाते हैं। लायसेंस के प्रकार एवं लायसेंस दिये जाने का प्रयोजन की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। दिये गये लायसेंसों में से नवम्बर, 2024 की स्थिति में प्रभावशील लाइसेंसों का जिलेवार विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ख)** देशी एवं विदेशी मदिरा पर अधिरोपित शुल्कों/करों के विवरण तथा दर की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-स** अनुसार है एवं वर्ष 22-23 तथा 2023-24 (नवम्बर तक) सभी शुल्कों से प्राप्त राजस्व की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-द** अनुसार है। **(ग)** वर्ष 2019-20 से 2024-25 (माह नवम्बर तक) की अवधि में राजस्व का वार्षिक लक्ष्य तथा प्राप्ति की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-इ** अनुसार है। इसी अवधि में मदिरा का प्रदेश में उत्पादन, आयात, निर्यात तथा विक्रय की मात्रा की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ई** अनुसार है।

वन भूमि पर अतिक्रमण की स्थिति एवं कार्यवाहियां

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

29. (क्र. 155) डॉ. चरण दास महंत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वन भूमि पर अतिक्रमणों की वर्तमान में क्या स्थिति है ? आर.एफ., पी.एफ., टाईगर रिजर्व, सामान्य, अभ्यारण्य आदि

का पृथक-पृथक संख्या सहित बताएं? **(ख)** वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु क्या-क्या कार्यवाहियां की जाती रही है? कितनी भूमि मुक्त कराई गई है? वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की स्थिति बताइए? **(ग)** उक्त अवधि में अतिक्रामकों के विरूद्ध दर्ज वैधानिक प्रकरणों, गिरफ्तारियों तथा दोष सिद्धि की संख्या बताइए?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्तमान स्थिति में वन भूमि पर 4030.494 हे.पर अतिक्रमण किया गया है। आर.एफ. (आरक्षित वन), पी.एफ. (संरक्षित वन), टाईगर रिजर्व, सामान्य, अभ्यारणय आदि का पृथक-पृथक संख्या **जानकारी संलग्न "प्रपत्र-अ" में दर्शित है।(ख)** वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80अ के अंतर्गत बेदखली की कार्यवाही की जाती है। मुक्त करायी गयी भूमि की जानकारी वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की स्थिति **जानकारी संलग्न "प्रपत्र-ब" में दर्शित है।(ग)** वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की अवधि में अतिक्रामकों के विरूद्ध दर्ज वैधानिक प्रकरणों, गिरफ्तारियों तथा दोष सिद्ध की संख्या की **जानकारी संलग्न "प्रपत्र-ब" में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) की स्थापना संबंधी

[स्कूल शिक्षा]

30. (क्र. 170) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) कब तक स्थापित होगा? क्या अगले शिक्षण सत्र से यहां बच्चों को लाभ मिल पायेगा? जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : समय बताया जाना संभव नहीं है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में संचालित विभाग

[सामान्य प्रशासन]

31. (क्र. 171) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कितने विभाग संचालित हैं तथा कितने विभाग अभी तक पूर्ववर्ती जिला-रायगढ़ व बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालित हैं तथा वे कब तक सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला में स्थानांतरित होंगे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत 25 विभाग जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ से संचालित हो रहे हैं। 23 विभाग पूर्ववर्ती जिला-रायगढ़ एवं बलौदाबाजार-भाटापारा से संचालित हो रहे हैं, इनके नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में स्थानांतरित होने की संभावित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। उपरोक्तानुसार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** में है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में मछली पालन हेतु प्रदत्त अनुदान

[मछली पालन]

32. (क्र. 184) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में अब तक कितने किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा के तहत अनुदान दिया गया है ? **(ख)** इसे वृहद् रूप से तालाब, कुआं, डबरी एवं जलाशय का निर्माण कर बढ़ाने हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? अब तक कितने तालाब, जलाशयों का निर्माण मत्स्य पालन के लिए किया गया है? **(ग)** कितने किसानों को नाव, जाल वितरित किया गया है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में अब तक 176 किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत् अनुदान दिया गया है। **(ख)** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत किसानों द्वारा स्वयं के भूमि पर स्वयं के व्यय से तालाब/संवर्धन पोखर/बायोफ्लॉक निर्माण का सत्यापन पश्चात् पात्रतानुसार अनुदान राशि प्रदान की गई है। अब तक 124 तालाब, 45 संवर्धन पोखर तथा 16 बायोफ्लॉक का निर्माण मत्स्य पालन के लिए किसानों द्वारा किया गया है। **(ग)** राज्य पोषित योजना में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में विगत 05 वर्षों में अब तक कुल 95 किसानों को नाव जाल सहायता योजनान्तर्गत जाल वितरित किया गया है।

<u>विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के दूरवर्ती क्षेत्रों में सूचना व संचार व्यवस्था</u>

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

33. (क्र. 185) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में मैनपाट जैसे दूरवर्ती ऐसे क्षेत्र हैं जो दूरसंचार मोबाईल नेटवर्क न होने से सूचना व संचार से कटे हुए हैं ? विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ऐसे कुल कितने ग्राम हैं, जहाँ मोबाईल नेटवर्क की समस्या है? इसे दूर करने के क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? विस्तृत जानकारी प्रदान करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जिला से प्राप्त जानकारी अनुसार सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत मैनपाट के 10 ग्राम पंचायतों के 02 ग्रामों में एवं जनपद पंचायत बतौली के 07 ग्राम पंचायतों के 11 ग्रामों में मोबाईल नेटवर्क की समस्या है। (सीतापुर विधानसभा क्षेत्र की जानकारी **संलग्न प्रपत्र में** है) चूंकि संचार सुविधाएं संविधान के संघ सूची का विषय है, अतः टॉवर लगाने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

<u>विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत वन परिक्षेत्र उत्पादन इकाई लैलूंगा कार्यालय की स्थापना</u>

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

34. (क्र. 189) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय लैलूंगा में वन परिक्षेत्र उत्पादन इकाई लैलूंगा कार्यालय की स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी ? यह कार्यालय धरमजयगढ़ में क्यों स्थापित है? इस कार्यालय को कब तक लैलूंगा स्थानांतरित किया जावेगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : हॉ, वन परिक्षेत्र उत्पादन ईकाई लैलूंगा कार्यालय की स्थापना वर्ष 2010 में हुई है। यह कार्यालय धरमजयगढ़ मे स्थापित नही है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।

<u>जिला रायगढ़ अंतर्गत लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में DMF फंड से कार्य स्वीकृति</u>

[खनिज साधन]

35. (क्र. 190) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में DMF फंड से 2023-2024 तथा वर्ष 2024-2025 में कितने और कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किए गए? कार्यों की वर्तमान प्रगति क्या है?DMF मद से कार्यों की स्वीकृति हेतु किया नियम एवं शर्ते हैं? **(ख)** रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र से DMF के तहत वर्ष 2024-2025 में कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ है तथा इसे कहां-कहां खर्च किया गया है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) रायगढ़ जिला अंतर्गत लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफ फंड से वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि एवं कार्यों की वर्तमान प्रगति की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे कोई कार्य स्वीकृत नही किए गये है। डीएमएफ मद से कार्यों की स्वीकृति छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 में निहित प्रावधानों के तहत् दी

जाती है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2024-2025 में रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित खानों से रायगढ़ जिला खनिज संस्थान अंशदान निधि में कुल 24.12 करोड़ रूपये का अंशदान प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे कोई कार्य स्वीकृत नही किए गये है। अतः व्यय का प्रश्न उद्‌भूत नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

वि.ध. क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूल भवनों की मरम्मत एवं पुन:निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

36. (क्र. 191) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत "मुख्यमंत्री जतन योजना" के तहत लैलूंगा वि. ख में कितने स्कूल भवनों की मरम्मत एवं पुनः निर्माण कराया गया है? कुल कितने स्कूलों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कितने स्कूल में मरम्मत कार्य अप्रारभ हैं तथा इन्हें कब तक प्रारंभ किया जायेगा ? स्कूलवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : स्कूलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।अप्रारंभ कार्यो को प्रारंभ करने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

रायगढ़ जिला में हाथियों से जनहानि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

37. (क्र. 199) श्री उमेश पटेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिलांतर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में नवम्बर, 2024 तक किन-किन वनमण्डलों में कब-कब और कितने-कितने हाथियों के दल ने विचरण किया है ? रेंजवार जानकारी देवें? यह भी बताऐं कि हाथी विचरण के दौरान जन-हानि को रोकने के लिए विभाग द्वारा क्या-क्या उपाय किये गये हैं ? **(ख)** किन-किन रेंजों में हाथियों ने आमजन को क्या नुकसान पहुंचाया ? कितने दुर्घटनाग्रस्त हुए और कितनों की मृत्यु हो गई है ? मृत परिवारों को राज्य शासन के द्वारा कितना मुआवजा दिया जाता है और कितनों को दे दिया गया है? क्या दिये जाने वाला मुआवजा संतोषजनक है ? **(ग)** हाथियों के झुण्ड से आमजन को हानि ना हो, इसके लिए क्या-क्या उपाय किये गए हैं? भविष्य में आम-जन की दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति ना आए, इस हेतु विभाग द्वारा क्या कार्ययोजना है ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी, हॉ, रायगढ़ जिला अंतर्गत प्रश्नावधि में रायगढ एवं धरमजयगढ़ वनमण्डल में हाथियों का विचरण हुआ है। वन परिक्षेत्रवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है** । हाथी विचरण के दौरान विभाग द्वारा जनहानि के रोकथाम हेतु उठाए गये उपायों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-स" अनुसार है**।**(ख)** रायगढ़ जिला में प्रश्नावधि में हाथी के विचरण के दौरान पहुंचाये गये जन-धन क्षति के कुल 6067 प्रकरण दर्ज किये गये है जिसमे 16 जनहानि एवं जनघायल के 05 प्रकरण दर्ज किए गये है। राज्य शासन द्वारा जनहानि के प्रकरण में मृतक के परिवारों को रूपये 6,00,000/- की दर से मुआवजा भुगतान किया जाता है और रूपये 90,25,000/- कुल मुआवजा दिया गया है। जनहानि के प्रकरण में विभाग द्वारा दिये जाने वाला मुआवजा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (आर.बी.सी.) द्वारा दिये जाने वाले मुआवजा से रूपये दो लाख अधिक होने से आश्रित परिवार को दिए जाने वाली सहायता राशि संतोषजनक है। वन परिक्षेत्रवार विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है।(ग)** हाथियों के दल (झुण्ड) से आमजन को हानि ना हो, इसके लिए विभाग द्वारा द्वारा किये जा रहे उपाय की जानकारी प्रश्नांश ''क" **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-स" अनुसार है**। भविष्य में आम-जन की दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति ना आए इस हेतु विभाग द्वारा इन्ही कार्यो को और गति देकर ग्रामीणों को और सजग किया जायगा और ग्रामीणों को मुनादी का पालन कराये जाने हेतु हर संभव प्रयास किया जायगा।

जिला रायगढ़ अंतर्गत बँटवारा सीमांकन डायवर्सन के लंबित प्रकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

38. (क्र. 207) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत दिनांक 25/11/24 की स्थिति में बँटवारा, सीमांकन, डायवर्सन के कितने आवेदन प्राप्त हुए है? कितने का निराकरण किया गया है? कितने प्रकरण लंबित हैं? तहसीलवार जानकारी देवें? **(ख)** लंबित प्रकरण कब तक निराकृत कर लिए जाएँगे ? **(ग)** क्या बँटवारा सीमांकन डायवर्सन के लिए अनिमियतता की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो उन पर क्या कार्यावाही की गयी है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जिला रायगढ़ अंतर्गत राजस्व वर्ष 2024-25 में दिनांक 01/10/2024 से 25/11/2024 की स्थिति में बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन की जानकारी निम्नानुसार हैः-

मद	दर्ज	निराकृत	लंबित
बंटवारा	585	258	327
सीमांकन	150	12	138
डायवर्सन	193	128	65
योग	928	398	530

तहसीलवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** निर्धारित समय सीमा में । **(ग)** बंटवारा सीमांकन डायवर्सन के लिए अनिमियतता की शिकायत प्राप्त नही हुई है।

जिला रायगढ़ अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

39. (क्र. 208) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024 -25 में दिनांक 25/11/24 की स्थिति में जिला-रायगढ़ अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद के तहत कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी लागत से स्वीकृत किए गये हैं? वर्षवार कार्य का नाम, स्वीकृत राशि सहित जानकारी देवें? **(ख)** वर्तमान स्थिति में ज़िले को कितनी राशि प्राप्त हुई है? कितना व्यय हुआ है? कितना शेष है? जानकारी देवे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 25/11/24 की स्थिति में जिला-रायगढ़ अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद के तहत कोई कार्य की स्वीकृति नहीं की गई है। अतः शेष जानकारी निरंक है।**(ख)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 25/11/24 तक रायगढ़ जिला खनिज संस्थान अंशदान निधि में कुल रूपये 80 करोड़ 19 लाख राशि प्राप्त हुई है। उक्त अवधि में रायगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से 7 करोड़ 15 लाख 25 हजार 794 रूपये व्यय उपरांत न्यास निधि में राशि 90 करोड़ 78 लाख 20 हजार 423 रूपये शेष है।

आरटीई के तहत प्राईवेट स्कूलों को किये जाने वाले भुगतान में वृद्धि का प्रस्ताव

[स्कूल शिक्षा]

40. (क्र. 215) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** आरटीई के तहत विगत 3 वर्षों में कितने प्राइवेट स्कूलों को राशि का भुगतान किया गया है एवं कितने स्कूलों की कितनी राशि भुगतान हेतु शेष है? वर्षवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के तहत जिन स्कूलों का भुगतान बाकी है, उन्हें कब तक भुगतान कर दिया जाएगा? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** क्या शिक्षा विभाग द्वारा आरटीई के तहत स्कूलों को दिए जाने वाले अनुदान में वृद्धि करने का प्रस्ताव शासन के समक्ष लंबित है? यदि हां तो कब तक किया जाएगा? विस्तृत विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) आर.टी.ई. के तहत् विगत् 3 वर्षों में प्राईवेट स्कूलों को भुगतान की गई राशि एवं भुगतान हेतु शेष राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	वर्ष	भुगतान किये गये प्राईवेट स्कूलों की संख्या एवं जारी राशि		भुगतान हेतु शेष राशि एवं प्राईवेट स्कुलों की संख्या	
		स्कूल की संख्या	कुल जारी राशि	स्कूलों की संख्या	भुगतान हेतु शेष राशि
1	2021-22	5520	165.58 करोड़	95	2.10 करोड़
2	2022-23	5395	177.97 करोड़	414	11.04 करोड़
3	2023-24	भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।		5274	202.23 करोड़

(ख) समय-सीमा बताया जाना संभव नही है। **(ग)** जी नही। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नही होता है।

बिलासपुर जिला अंतर्गत भवनविहीन शालाएं

[स्कूल शिक्षा]

41. (क्र. 216) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत कुल कितनी प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवनविहीन एवं जर्जर हैं? विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के अंतर्गत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौन-कौन से स्कूल भवनविहीन एवं जर्जर हैं? विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "ख" के भवनविहीन एवं जर्जर स्कूलों के लिए कब तक नवीन भवन स्वीकृत कर लिया जाएगा? विस्तृत विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	शाला का स्तर	भवन विहीन	जर्जर
1	प्राथमिक शाला	15	199
2	पूर्व माध्यमिक शाला	6	46
3	हाईस्कूल	10	2
4	हायर सेकेण्डरी स्कूल	0	0
योगः-		31	247

(ख) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ग)** निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

रेतघाट के संचालन संबंध में नियम/निर्देश

[खनिज साधन]

42. (क्र. 223) श्री धरमलाल कौशिक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में रेतघाट आबंटित एवं संचालित किये जाने हेतु क्या नियम व निर्देश हैं? वर्तमान में रेतघाट का संचालन एवं परिवहन किस प्रक्रिया व नियमों से आबंटितों द्वारा किया जा रहा है? **(ख)** प्रदेश के किन-किन जिलों में कितनी क्षमता की कौन-कौन सी रेतघाट हैं? इनमें से कौन-कौन सी रेतघाट को संचालित किये जाने हेतु, किन-किन को, कितनी अवधि हेतु आबंटित किया गया है? जिलावार व रेतघाटवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)वर्तमान में प्रदेश अंतर्गत रेत उत्खननपट्टा आंबटन, संचालन एवं परिवहन गैर अनुसूचित क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय), नियम 2019 के तहत तथा अनुसूचित क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु), नियम 2023 के तहत किया जा रहा है। **(ख)** प्रदेश में जिलावार व रेत उत्खननपट्टावार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।**[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]**

वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत वनभूमि व्यपवर्तन

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

43. (क्र. 224) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022 से दिनांक 25/11/2024 तक वन संरक्षण अधिनियम, 1980 अंतर्गत वन-भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु व्यपवर्तन के किस जिले/क्षेत्र की कितनी भूमि व किस कार्यो के लिए किस संस्था/फर्म द्वारा पंजीयन करायी गयी हैं? **(ख)** प्रश्नांश -'क' अवधि में वन संरक्षण अधनियम, 1980 अंतर्गत किन-किन प्रकरणों में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रमुख रूप से किन शर्तो के आधार पर जारी की गई है? उक्त प्रकरणों में अधिरोपित शर्तो के अनुसार कितनी भूमि व किन-किन मद में राशि जमा कराए जाने की मांग एजेंसी से की गई है? किन-किन एजेंसी द्वारा अधिरोपित शर्तो का पालन समय सीमा के भीतर किया जाकर किसी भूमि एवं राशि जमा कराई गई है? किन-किन एजेंसी के द्वारा शर्तो का पालन दिनांक 25/11/2024 तक नहीं किया गया है? प्रकरणवार जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्ष 2022 से दिनांक 25/11/2024 तक वन संरक्षण अधिनियम, 1980 अंतर्गत वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु व्यपवर्तन के वर्षवार एवं कार्यवार संस्था/फर्म द्वारा पंजीयन करायी गयी प्रकरणवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश-''क" अवधि में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में जिन- जिन प्रकरणों में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति जारी की गई है उसका **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है।** मुख्य शर्त निम्नानुसार हैः-1. वन भूमि का वैधानिक स्वरूप अपरिवतर्नीय रहेगा। प्रस्तावित कार्य के अलावा किसी भी प्रकार का कार्य वर्जित रहेगा।2. शर्त अनुसार वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि कैम्पा खाता में जमा किया जाता है।3. प्रत्याशा मूल्य की राशि कैम्पा खाता में जमा कराया जाता है।4. वन्यप्राणी प्रबंधन योजना तैयार कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) के द्वारा अनुमोदित राशि कैम्पा खाता में जमा कराया जाता है।5. खनन प्रकरणों में अनुमोदित माईनिंग प्लान अनिवार्य है।6. व्यपवर्तित वन भूमि के परिधि में मुनारा निर्माण आवश्यक है।7. खनन प्रकरणों में खनन उपरांत समतलीकरण आवश्यक है।8. शर्त अनुसार कैट प्लान प्रस्तुत करना आवश्यक है।उक्त प्रकरणों में से 2 प्रकरणों क्रमशः लोक निर्माण विभाग द्वारा काजल नदी पर पुल निर्माण हेतु 1.71 हे. एवं आप्टिकल फाइबर केबल लाईन के प्रकरण (चिप्स) द्वारा 3.579 हे. गैर वन भूमि वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराई गई। वन भूमि व्यपवर्तन में भारत सरकार द्वारा अधिरोपित शर्तो के मान से प्रकरणवार मांग की गई एवं जमा कराई गई राशि का **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" के कालम क्रमांक 12 से 17 अनुसार है।**06 प्रकरणों में एजेन्सी द्वारा शर्तो का पालन दिनांक 25.11.2024 तक नहीं किया गया है। प्रकरणवार **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-स" अनुसार है।**

मरवाही एवं कटघोरा वन मण्डल में फर्जी भुगतान के प्राप्त प्रकरण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

44. (क्र. 231) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या मरवाही वन मण्डल एवं कटघोरा वन मण्डल में कैम्पा मद से वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक की अवधि में रायल्टी पर्ची के बिना देयकों का भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आया ? यदि हां तो कब एवं इससे शासन को कितने राजस्व की हानि होने का अनुमान है? वर्षवार, वनमण्डलवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" के प्रकरणों में महालेखाकार / राज्य लेखा परीक्षा विभाग अथवा अन्य किसी के द्वारा जाँच की गई? यदि हां तो जाँच में क्या पाया गया? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ? यदि जाँच नहीं की गई तो जाँच नहीं करने का क्या कारण है ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हॉ, मरवाही वन मण्डल में कैम्पा मद से वर्ष 2019 से वर्ष 2022तक की अवधि में रायल्टी पर्ची के बिना देयकों का भुगतान किये जाने का मामला प्रकाश में आया है, तथापि कटघोरा वनमण्डल में ऐसा कोई मामला प्रकाश में नही आया है। मरवाही वन मण्डल में मामला प्रकाश में आने एवं इससे शासन को राजस्व हानि होने की **जानकारी वर्षवार, वनमण्डलवार संलग्न**

'प्रपत्र'में दर्शित है।(ख) हॉ, प्रश्नांश ''क" के प्रकरणों में महालेखाकार/राज्य लेखा परीक्षा विभाग अथवा अन्य किसी के द्वारा की गई जॉच एवं दोषियों पर की गई कार्यवाही का **विवरण संलग्न 'प्रपत्र' में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में क्रेशर/गिट्टी खदानों को उत्खनन की प्रदत्त अनुमित

[खनिज साधन]

45. (क्र. 239) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित गिट्टी, क्रेशर एवं अन्य खदानों को वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान वर्ष मे नवम्बर,2024 तक कितनी-कितनी क्षमता/मात्रा में खनिज तत्वों के उत्खनन हेतु विभाग द्वारा अनुमति प्रदाय की गई? प्राप्त अनुमति के विरूद्ध खदान/क्रेशर संचालकों द्वारा कितनी-कितनी मात्रा/क्षमता में उत्खनन किया गया है व उससे शासन को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई? सम्पूर्ण जानकारी वर्षवार, खदानवार उपलब्ध करावें? **(ख)** स्थापित खदानों का विगत 3 वर्षों में सक्षम अधिकारियों द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया? किन-किन खदान संचालकों द्वारा अनुमति से अधिक उत्खनन करने एवं खदान संचालन में विभागीय निर्देशों की किन-किन बिन्दुओं की अवहेलना पाई गई? उस पर विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार, खदानवार सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है।**(ख)**जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

विभिन्न योजनाओं/मदों से कराये गए कार्यो की स्थिति

[जल संसाधन]

46. (क्र. 241) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर, जिला-जांजगीर-चाम्पा एवं हसदेव बेराज संभाग रामपुर, जिला-कोरबा को विभिन्न योजनाओं/मदों में वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान वर्ष में प्रश्नांश तिथि तक विकास कार्यो/अन्य हेतु कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई? प्राप्त राशि से कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी लागत राशि से कराए गए? कार्य की वर्तमान स्थिति (पूर्ण/अपूर्ण) क्या है? कार्य कराने के लिए किन-किन एजेंसियों/फर्मों को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया? कितनी शेष हैं? जानकारी कार्यवार, वर्षवार एवं अनुभागवार उपलब्ध करावें ? अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए कार्यो की सम्पूर्ण जानकारी पृथक से उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में पूछी गई अवधि में कराये गए कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा संज्ञान में आई? प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई? प्रकरणवार जानकारी उपलब्ध करावें ? उक्त अवधि में विभाग द्वारा कराए गए कार्य एवं भुगतान में ऑडिट संबंधित क्या किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज की गई है? यदि हां, तो संबंधित प्रकरण की पूरी जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** में पूछी गई अवधि में कराए गए कितने कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित कर कार्य एजेंसी तय की गयी एवं कितने कार्यो हेतु अन्य माध्यम से एजेंसी/फर्मों का निर्धारण किया गया? पृथक से जानकारी उपलब्ध करावें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा एवं हसदेव बेराज संभाग रामपुर, जिला-कोरबा को विभिन्न योजनाओं/मदों में वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान वर्ष में प्रश्नांश दिनांक 29.11.2024 तक प्राप्त राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र—अ अनुसार है।** वर्षवार अनुभागवार कार्य का विवण (पूर्ण/अपूर्ण) एजेंसियों/फर्मों को किया गया भुगतान की राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र—ब अनुसार है** एवं अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए कार्यों की सम्पूर्ण **जानकारी पृथक से पुस्तकालय में रखे प्रपत्र—स अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार कराये गये कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत प्राप्त नहीं होने पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। उक्त अवधि में विभाग द्वारा कराए गए कार्य एवं भुगतान में ऑडिट

संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं की है। **(ग)** प्रश्नांश **(क)** के अनुसार उक्त अवधि में 29 कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित किया गया है, जिसमें 12 पात्र ठेकेदार/फर्म से अनुबंध कर कार्य कराया गया एवं 17 कार्यों का निविदा कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र—द अनुसार है।** अन्य किसी भी माध्यम से एजेन्सी तय नहीं की गई है।

जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत आपदा प्रबंधन मद से स्वीकृत कार्य

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

47. (क्र. 247) श्री ब्यास कश्यप : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में नवम्बर,2024 तक जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत किन-किन स्थानोंं में आपदा प्रबंधन मद से कितनी-कितनी राशि के कितने कार्य स्वीकृत किये गये हैं? कार्य स्वीकृति किन-किन जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से की गई है? जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के स्वीकृत कार्यो की अद्यतन स्थिति (पूर्ण/अपूर्ण/अप्रारंभ) क्या है? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के स्वीकृत कार्यो में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है? शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि कार्यवाही नहीं की गई तो क्यों ? जानकारी प्रदान करें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में आपदा प्रबंधन मद (राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि) से जांजगीर-चांपा जिले को निर्माण कार्य हेतु कोई राशि स्वीकृत नहीं किया गया है। **(ख)** कार्य स्वीकृत नहीं करने की स्थिति में पूर्ण/अपूर्ण/अप्रारम्भ की जानकारी देने का प्रश्न ही नहीं है। **(ग)** कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत जनसंपर्क विभाग द्वारा व्यय की गई राशि

[जनसंपर्क]

48. (क्र. 248) श्री ब्यास कश्यप : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनसंपर्क विभाग के द्वारा अप्रेल, 2024 से प्रश्नावधि तक जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत कुल कितनी राशि, किस - किस प्रयोजन हेतु व्यय की गई है? जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यय की जानकारी प्रदान करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जनसंपर्क विभाग के द्वारा अप्रैल, 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक कुल व्यय - विभिन्न मदो पर कार्यालयीन व्यय **(संलग्न प्रपत्र "अ"अनुसार है।)** - 37,27,606-00 रू. - क्षेत्र प्रचार मद के अंतर्गत राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार **(संलग्न प्रपत्र "ब"अनुसार है।)** - 79,02,898-00 रू. - राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सामान्य प्रचार की दृष्टि से मीडिया पर विज्ञापन व्यय - 19,29,752-00 रू. ---------- ---------- **कुल - 1,35,60,256-00 रू. (ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार:- प्रिण्ट मीडिया - **19,29,752-00 रूपये** इलेक्ट्रानिक मीडिया निरंक - निरंक सोशल मीडिया निरंक ।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में बैराज से प्रभावित क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार का मुआवजा

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

49. (क्र. 257) श्री रामकुमार यादव : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अन्तर्गत स्थित बैराजों द्वारा पाईप लाईन विस्तार के कार्य कहां-कहां कराये गये हैं ? विवरण देवें ? **(ख)** क्या उन बैराजों के पाईप लाइन विस्तार हेतु प्रभावित ग्रामीणों की जमीनों का अधिग्रहण हुआ है ? यदि हां,तो कहां-कहां ? बतावें ? **(ग)** ग्रामीणों की जमीनों के अधिग्रहण संबंधी मुआवजा

हेतु क्या नियम बनाये गये हैं ? बतावें ? **(घ)** क्या अधिग्रहण किए गए जमीनों के लिए ग्रामीणों को उचित मुआवजा मिला है ? यदि हां, तो कहां-कहां ? यदि नहीं तो क्यों विवरण देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत जल आपूर्ति हेतु ग्राम बिलाईगढ़ (प.), बरहागुड़ा, हीरापुर, चन्द्रपुर, गोपालपुर, कांशीडीह, मौहापाली, बगरैल, कोसमंदा, फलियामुण्डा, साराडीह, कलमा, जवाली, किरारी, रेड़ा, मेढ़ापाली, भजपुर में भूमिगत पाईप लाईन बिछाया गया है तथा साराडीह बैराज से जल आपूर्ति हेतु पाईप लाईन ग्राम कोसमंदा, बगरैल, काशीडीह, गोपालपुर, हीरापुर, चन्द्रपुर, एवं बरहागुड़ा में बिछाया जा रहा है। **(ख)** जी नहीं। शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता । **(ग)** छ0ग0 भूमिगत पाईपलाईन (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2004 एवं नियम 2004**(घ)**जमीनों का अधिग्रहण नहीं किया गया है। प्रभावित भूमि के लिये छ०ग० भूमिगत पाईप लाईन (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम-2004 के तहत् ग्राम बिलाईगढ़ (प) बरहागुड़ा, हीरापुर, चन्द्रपुर, गोपालपुर, कांशीडीह, मौहापाली, बगरैल, कोसमंदा, फलियामुण्डा, साराडीह, कलमा, जवाली, सिरियागढ़, कंवलाझर, झनकपुर, कठर्रापाली, रेड़ा, मेढ़ापाली, भजपुर के ग्रामीणों को मुआवजा प्रदाय किया गया है।

ग्राम धुरकोट में नवीन सोसायटी का संचालन

[सहकारिता]

50. (क्र. 258) श्री रामकुमार यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अन्तर्गत वर्ष 2019 से 25/11/2024 तक कौन-कौन सी नवीन सोसायटी खोली गई हैं? विवरण देवें ? **(ख)** क्या ग्राम धुरकोट में भी नवीन सोसायटी संचालन हेतु शासन से स्वीकृति मिली है? यदि हां, तो कब? विवरण देवें? **(ग)** उक्त ग्राम में स्वीकृति के बाद भी अभी तक सोसायटी का संचालन क्यों नहीं कराया जा रहा है? बतावें? सोसायटी का संचालन कब तक किया जावेगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अन्तर्गत प्रश्नांकित अवधि तक 16 नवीन समितियों का गठन किया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	समिति का नाम	क्र.	समिति का नाम
1	मड़वा	9	जवाली
2	बारापीपर	10	सकराली
3	दर्री	11	रेड़ा
4	कलमा	12	बड़े पाड़रमुड़स
5	कुसमुल	13	सोनादुला
6	कटेकोनी छोटे	14	बेल्हाडीह
7	सिंधीतराई	15	मुक्ता
8	कांसा	16	भठोरा

(ख) ग्राम धुरकोट में पूर्व से ही सेवा सहकारी समिति संचालित है। शेष प्रश्नाश उपस्थित नहीं होता। **(ग)** ग्राम धुरकोट में सेवा सहकारी समिति पूर्व से ही संचालित है। अतः प्रश्नांश उपस्थित ही नहीं होता।

जिला जांजगीर चाम्पा एवं जिला सक्ती के महानदी में स्थित बैराज हेतु अधिग्रहित किसानों की भूमि का मुआवजा

[जल संसाधन]

51. (क्र. 262) श्री बालेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर चाम्पा एवं जिला सक्ती के महानदी में मिरौनी ,बसंतपुर , बैराज में कितने किसानो के जमीन का अधिग्रहण किया गया? बैराजवार , ग्रामवार ,किसान के नाम , खसरा एवं रकबा सहित बतायें ? **(ख)** क्या प्रश्नांक "क" के उत्तर में किसानों का अवार्ड पारित हो गया है ? यदि हां, तो कितने किसानों को भुगतान किया

जा चुका है एवं कितने किसानों का प्रकरण लंबित है ? बैराजवार , ग्रामवार , किसान के नाम राशि सहित बतायें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) मिरौनी बैराज के डूबान में जांजगीर चाम्पा जिले के किसानों की जमीन अधिग्रहित नहीं की गई है, सक्ती जिले के 04 ग्रामों में से मिरौनी ग्राम के 121, अमोदा ग्राम के 92, परसदा ग्राम के 78 एवं बरेकेल ग्राम के 41, कुल 332 किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। बसंतपुर बैराज के डूबान में सक्ती जिले के किसानों की जमीन अधिग्रहित नहीं की गई है, जांजगीर-चाम्पा जिले के कुल जिनमें से 05 ग्रामों, बसंतपुर ग्राम के 40, देवरहा ग्राम के 10, सिलादेही ग्राम के 19, देवरानी ग्राम के 72 एवं बिर्रा ग्राम के 01, कुल 142 किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। बैराजवार, ग्रामवार किसानों के नाम खसरा एवं रकबा का **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र—अ एवं ब अनुसार है। (ख)** मिरौनी बैराज के अन्तर्गत् सक्ती जिले के अवार्ड पारित होने के उपरांत सभी किसानों का मुआवजा भुगतान हो गया है। बसंतपुर बैराज के अन्तर्गत् अवार्ड पारित कुल 142 किसानों में से जांजगीर-चाम्पा जिले के 126 किसानों का मुआवजा भुगतान हो गया है, एवं 16 किसानों द्वारा भुगतान नहीं लिया गया है। बसंतपुर बैराज के अन्तर्गत् ही जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम देवरहा एवं नगारीडीह के 02 पूरक मुआवजा प्रकरण के कुल 141 किसानों में से ग्राम देवरहा के 82 किसानों, रकबा 1.917 हे. भूमि एवं नगारीडीह के 59 किसानों, रकबा 1.19 हे. भूमि का मुआवजा प्रकरण अवार्ड पारित करने हेतु लंबित है। बैराजवार, ग्रामवार किसानों की सूची पूरक **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र—ब, स, द एवं इ अनुसार है।**

जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले के मंदिरों की स्वामित्व भूमि

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

52. (क्र. 263) श्री बालेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चाम्पा एवं सक्ती जिले में कुल कितने मंदिर हैं ? उक्त मंदिरों में किस-किस जाति के कितने पुजारी हैं ? क्या शासन द्वारा उक्त पुजारियों को प्रतिमाह /सालाना भत्ता / वेतन/ अनुदान दिया जाता है ? यदि हां तो उसका ब्यौरा देवें ? किन-किन मंदिरों के पुजारियों को राशि नहीं दी जाती है तथा क्यो ? **(ख)** प्रश्नांक "क" में वर्णित समस्त मंदिरों के अधीन स्वामित्व की किस मद की कितनी-कितनी भूमि कहां-कहां है? कितनी भूमि पर मंदिर हैं? कितनी भूमि पर मंदिर नहीं हैं? कितनी भूमि पर अन्य प्रकार की बिल्डिंग/दुकान /होटल /निवास धर्मशाला हैं? कितनी पर कृषि होती है? कितनी भूमि खाली पड़ी है ? कितनी भूमि अन्य कार्यो के लिए इस्तेमाल हो रही है ? मंदिरवार,विधान सभा क्षेत्रवार पृथक-पृथक सहित बताएं ? **(ग)** प्रश्नांक "ख" की भूमियों को किन शर्तों /नियमों के तहत कितनी अवधि के लिए लीज पर खेती के लिए या अन्य कार्यकलापों के लिए किस-किस को, किस दिनांक से कितनी राशि में दी गयी है? किन-किन भूमियों पर मंदिर प्रशासन के अतिरिक्त किसी अन्य का कब्ज़ा है? ब्यौरा देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला जांजगीर-चाम्पा में 47 एवं सक्ती में 41 मंदिर है। पुजारी एवं अन्य जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। उक्त मंदिर शासकीय मंदिर की सूची में शामिल नही होने से किसी भी पुजारियों को वेतन/ भत्ता/अनुदान नही दिया जाता है।**(ख)**जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र''** अनुसार है।**(ग)**1.जिला जांजगीर अंतर्गत तहसील नवागढ़ विधानसभा जांजगीर-चाम्पा अंतर्गत प्रश्नांश ''ख'' में वर्णित भूमि को ग्राम मंदिर समिति के द्वारा प्रबंधन किया जाता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य का कब्जा नही है। 2.तहसील शिवरीनारायण विधानसभा पामगढ़ अंतर्गत श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर के नाम पर अवस्थित कृषि भूमि 119.976 हेक्टर को अधीया/रेगहा पर दिया जाता है। शेष तहसील की जानकारी ''निरंक'' है। 3.जिला सक्ती विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर अंतर्गत ग्राम मिरौनी में गोपाल जी महाप्रभु मंदिर नाम पर 120 एकड़ कृषि भूमि स्थित है। जिसे प्रति वर्ष एक वर्ष के लिए इस वर्ष हरावती पटेल, हृदय पटेल एवं तारा पटेल को 15 जून 2024 से नवम्बर 2024 तक 801000/-(आठ लाख एक हजार रूपये) में रेग पर दिया गया है। शेष मंदिरों के भूमि लीज पर दिये जाने की जानकारी निरंक है।

जिला - सक्ती व जांजगीर-चांपा के शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती

[स्कूल शिक्षा]

53. (क्र. 264) श्री बालेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला - सक्ती व जांजगीर-चांपा के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं और कितने पद रिक्त हैं? शिक्षक वर्ग अनुसार,विषय अनुसार जिलावार जानकारी दें ? **(ख)** क्या विगत विधानसभा के बजट सत्र में तत्कालीन स्कूल शिक्षा मंत्री ने रिक्त पदों पर भर्ती करने की घोषणा की थी ? **(ग)** यदि हां,तो घोषणा के पालन में शिक्षकों की भर्ती के लिए अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है ? तथा कब तक भर्ती की जावेगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। **(ग)** कार्यवाही प्रचलन में है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]

जिला-महासमुंद अंतर्गत स्थित शासकीय स्नातक, स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति

[उच्च शिक्षा]

54. (क्र. 270) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला महासमुंद में शासकीय स्नातक, स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीकृत, कार्यरत व रिक्त पदों की जानकारी महाविद्यालयवार 24.11.24 की स्थिति में बताएं ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है ? कब तक पूर्ति कर ली जावेगी ? **(ग)** जिला महासमुंद अंतर्गत एक हजार से अधिक छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों की संख्या, वहाँ रजिस्ट्रार के स्वीकृत पद, कार्यरत, रिक्त पद बतायें ? एक हजार से अधिक छात्र संख्या के महाविद्यालयों, रजिस्ट्रार के पद, स्वीकृत व पद पूर्ति कब तक कर दी जावेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** पर है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के रिक्त पदों की भर्ती की अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कुछ रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर के माध्यम से सीधी भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। रिक्त पद की पूर्ति के संबंध में समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** पर है। निर्धारित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

धान खरीदी व सहकारी समितियों में अनियमितता पर कार्यवाही

[सहकारिता]

55. (क्र. 272) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-महासमुंद में वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी सम्बंधी कुल प्राप्त शिकायतों की संख्या विकासखण्डवार बतायें ? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** महासमुन्द जिले में वर्ष 2023-2024 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अनियमितता की जानकारी खरीदी केंद्रवार बतायें ? उक्त अनियमितता में संलिप्त कर्मचारियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** वर्ष 2023-24 महासमुन्द जिले में धान खरीदी व भुगतान में अनियमितता से प्रभावित कृषकों की हानि की क्षतिपूर्ति हेतु क्या कार्यवाही की गई ? समितिवार बतायें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला महासमुंद में समर्थन मूल्य में धान खरीदी संबंधी वर्ष 2023-24 में 06 तथा वर्ष 2024-25 में 03 शिकायते प्राप्त हुई है। विकासखण्डवार प्राप्त शिकायत एवं उन पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है । **(ख)** महासमुंद जिला में वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अनियमितता एवं संलिप्त कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही की खरीदी केन्द्रवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है । **(ग)** महासमुंद जिले में वर्ष 2023-24 में 06 समितियों में पाई गई अनियमितताओं के संबंध में की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। उक्त

अनियमितताओं में से समिति एवं खरीदी केंद्र जाडामुडा में पाई गई अनियमितता किसानों के भुगतान से संबंधित है। उक्त समिति से संबंधित कृषक श्री अमृतलाल वल्द दुखु द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर 63/24 अनुसार 19 किसानों के धान को छलपूर्वक धोखाधड़ी कर दूसरे किसानों के पंजीयन में चढ़ाकर विकी कर पैसों का आहरण आरोपीगण द्वारा कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है, प्रकरण में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थापित अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

[ऊर्जा]

56. (क्र. 277) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से नवम्बर, 2024 तक किन-किन ग्रामों में कितने अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई है तथा उक्त अवधि में कहां-कहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं ? जानकारी देवें? **(ख)** क्या कंडिका 'क' के क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है ? यदि हां तो क्यों?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में 2023-24 से नवंबर 2024 तक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने हेतु दो ग्रामों यथा देवरी कला एवं कुसमी में मांग की गई थी। देवरी कला में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाये जाने का कार्य प्रगति पर है एवं कुसमी में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने हेतु निविदा आमंत्रण प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त तकनीकी आवश्यकता अनुरूप विभाग द्वारा 44 अन्य ग्रामों को चिन्हांकित कर 20 ग्रामों में वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। साथ ही ग्राम मरदा एवं गाढ़ाभाटा में 33/11 के.व्ही., 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता के पृथक-पृथक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई है। **(ख)** जी नहीं।

कसडोल वन मण्डल के विभिन्न कार्यों का लंबित मजदूरी भुगतान

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

57. (क्र. 279) श्री संदीप साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-कसडोल वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2022-2023 से 2023- 24 तक किस-किस वन परिक्षेत्र में किन-किन कार्यों की मजदूरी का भुगतान किस कारण से लंबित है? जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : कसडोल वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 2023-24 तक विभिन्न परिक्षेत्रों में कराए गए विभिन्न कार्यों में से किसी कार्य में लगे श्रमिक का भुगतान वर्तमान में लंबित नहीं है ।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

58. (क्र. 288) श्री इंद्र साव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 1 जनवरी, 2024 से लेकर 25/11/2024 तक भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के वि.खं.-भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों पर किन-किन धाराओं में कितने प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गई है ? **(ख)** वि.खं. भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के किन-किन देशी एवं विदेशी मंदिरा दुकानों में ओवर रेट पर शराब बिक्री की शिकायतें प्राप्त हुई है? प्राप्त शिकायतों के आधार पर किन-किन मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है ? **(ग)** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) 1 जनवरी, 2024 से लेकर 25/11/2024 तक भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड-भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री की आबकारी विभाग को 115 शिकायते प्राप्त हुई है, जिन पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत् कानूनी

कार्यवाही करते हुए अवैध शराब विक्रय के 34, अवैध शराब धारण के 44 एवं अवैध शराब परिवहन के 03 प्रकरण, कुल 81 प्रकरण कायम किये गये हैं। प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** विकासखण्ड भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों में ओवर रेट पर शराब बिक्री की प्राप्त शिकायत एवं शिकायत के आधार पर मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए निम्नानुसार कदम उठाये गये हैं :- 1. पतासाजी कर सघन गश्त एवं मदिरा दुकान क्षेत्र में लगातार जांच किया जाता है तथा होटल, ढाबा आदि की लगातार जांच की जा रही है। 2. पुलिस विभाग के साथ सूचनाओं को आदान-प्रदान एवं समन्वय स्थापित किया जा रहा है तथा पुलिस थाना के साथ संयुक्त दल बनाकर कार्यवाही की जा रही है। 3. ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पूर्व आपराधिक रिकार्ड रखने वाले संदिग्धों पर निगरानी रखी जाती है एवं ग्रामीण क्षेत्र में कोटवारों से संपर्क कर अवैध शराब बिक्री की सूचना पर कार्यवाही की जा रही है। 4. टोल-फ्री नंबर 14405 पर एवं अन्य साधनों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। 5. राज्य स्तरीय उड़नदस्ता एवं संभागीय उड़नदस्ता की टीम द्वारा निरंतर देशी/विदेशी मदिरा दुकानों की सघन जांच एवं क्षेत्र में उपलंभन का कार्य किया जाता है। समय-समय पर उड़नदस्ता एवं जिले की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]

समग्र हाथकरघा विकास योजना के तहत व्यय राशि

[ग्रामोद्योग]

59. (क्र. 294) श्री मोतीलाल साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में समग्र हाथकरघा विकास योजना के तहत कितनी व्यय राशि की गई ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार जिलेवार हितग्राही समूहों पर व्यय राशि की समूहवार जानकारी प्रदान करें ? **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' अनुसार जिलेवार कार्यरत एवं अकार्यरत हितग्राही समूहों की संख्या की जिलेवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) ग्रामोंद्योग संचालनालय हाथकरघा प्रभाग अंतर्गत विभागीय संचालित समग्र हाथकरघा विकास योजनांतर्गत वर्ष 2020-21 में राशि रू. 464.61 लाख, वर्ष 2021-22 में राशि रू. 457.67 लाख, वर्ष 2022-23 में राशि रू. 345.79 लाख एवं वर्ष 2023-24 में राशि रू. 450.48 लाख व्यय की गई है। **(ख)** प्रश्नांश ''ख'' की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश ''ग'' की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना तहत के व्यय राशि

[कौशल विकास]

60. (क्र. 295) श्री मोतीलाल साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुख्यमंत्री कौशल विकास हेतु रायपुर जिले में वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 तक कितनी राशि व्यय की गयी है ? **(ख)** उक्त व्यय किये संस्थानों के माध्यम से व्यय राशि एवं हितग्राहियों की जानकारी पृथक-पृथक प्रदान करें? **(ग)** वर्तमान में हितग्राही कहां-कहां कार्यरत हैं अथवा नहीं ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क)मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना हेतु रायपुर जिले में वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 तक कुल राशि रू. 1,66,99,362/- व्यय की गयी है।**(ख)**उक्त व्यय किये संस्थानों के माध्यम से व्यय राशि एवं हितग्राहियों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ग)**वर्तमान में हितग्राही कहां-कहां कार्यरत हैं अथवा नहीं, से संबंधित जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में अवैध मुरूम उत्खनन् एवं परिवहन के दर्ज प्रकरण

[खनिज साधन]

61. (क्र. 306) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 से 30 जून 2024 की स्थिति में कौन-कौन सी ग्राम पंचायतों द्वारा मुरूम उत्खनन् एवं परिवहन हेतु पट्टा स्वीकृति प्रदान किये गये हैं? पंचायत वार जानकारी प्रदाय करें ? **(ख)** अवैध मुरूम उत्खनन् एवं परिवहन कितने प्राकरण विभाग द्वारा दर्ज किये गये एवं कितनी-कितनी राशि चालान से शासन के खाते में जमा कराई गई? कृपया आवगत करावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मुरूम उत्खनन पट्टा एवं परिवहन हेतु अनुमति प्रदान करने हेतु ग्राम पंचायत सक्षम प्राधिकारी नही है। अतः शेषांश जानकारी निरंक है। **(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 से 30 जून 2024 की स्थिति में अवैध मुरूम उत्खनन के प्रकरण निरंक है एवं अवैध मुरूम परिवहन के 02 प्रकरण दर्ज कर 57336/- समझौता राशि खनिज मद में जमा कराया गया है।

सर्वशिक्षा अभियान अन्तर्गत गणवेश खरीदी

[स्कूल शिक्षा]

62. (क्र. 307) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** शिक्षा सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत गणवेश खरीदी हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई, जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** भारत सरकार के गाइडलाईन की अनुसार सर्वशिक्षा अभियान अन्तर्गत प्रदेश की प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में गणवेश क्रय किनके माध्यम से किया जाता है ? क्या सर्वशिक्षा अभियान के तहत् निःशुल्क वितरण हेतु गणवेश खरीदी/आपूर्ति के लिए शासन द्वारा किसी फर्म को अधिकृत किया गया है ? यदि हॉ तो किस फर्म को जानकरी देवे ? **(ग)** क्या प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान के तहत् प्रश्न 'ख' के उक्त अधिकृत फर्म से गणवेश की खरीदी की गई? यदि हॉ तो कुल कितनी राशि की ? कृपया जिलेवार जानकारी प्रदाय करने का कष्ट करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) शिक्षा सत्र 2022-23 में समग्र शिक्षा के अंतर्गत राशि रू. 13174.896 लाख एवं 2023-24 में राशि रू. 13658.286 लाख की स्वीकृति गणवेश खरीदी हेतु की गई है। जिलावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** निःशुल्क गणवेश खरीदी/आपूर्ति के लिए शासन द्वारा छ.ग. राज्य हाथकरघा एवं विकास विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर को अधिकृत किया गया है।**(ग)** हॉ, प्रदेश में समग्र शिक्षा के तहत् अधिकृत फर्म छ.ग. राज्य हाथकरघा एवं विकास विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर से सत्र 2022-23 में 13160.84278 लाख एवं 2023-24 में राशि रू. 13643.71716 लाख गणवेश की खरीदी की गई है। जिलावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]

गंगरेल डैम में केज निर्माण में जैव विविधता बोर्ड के नियमों का उल्लंघन

[मछली पालन]

63. (क्र. 311) श्री ओंकार साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** गंगरेल डैम में केज निर्माण में हितग्राहियों का चयन किस आधार पर किया गया? केज निर्माण से विभाग को कितना राजस्व प्राप्त हुआ? क्या केज निर्माण वाली जगह पर मछलियों को मृत अवस्था में पाया गया ?यदि हां तो मछलियों की मौत के कारण क्या हैं? मत्स्य विभाग के किस-किस अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा केज वाली जगह का निरीक्षण किया गया? निरीक्षण प्रतिवेदन संलंग्न करें? **(ख)** गंगरेल डैम में केज निर्माण हेतु क्या जैव विविधता बोर्ड, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, एवम अन्य से अनुमति ली गई थी? यदि हां तो अनुमति किन शर्तों पर विभाग को दी गई थी? क्या उन शर्तों का पालन संबंधित विभाग के द्वारा किया गया ? **(ग)** क्या केज निर्माण से गंगरेल डैम के आसपास के प्रवासी पक्षियों को मृत अवस्था में पाया गया? क्या पक्षियों की मृत्यु होने पर जैव विविधता बोर्ड ने गंगरेल डैम केज निर्माण को गलत ठहराया गया? यदि हां तो ज निर्माण से प्रवासी

पक्षियों को नुकसान एवं मछलियों की मृत्यु तथा जैव विविधता बोर्ड के नियमों का उल्लंघन किये जाने के लिए जिम्मेदार कौन हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) गंगरेल डेम में केज निर्माण में हितग्राहियों का चयन प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत संचालनालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुरूप प्राथमिकता क्रम (पहले आओ, पहले पाओ) के आधार पर एवं मछुआ नीति मे दिये गये दिशा निर्देश अनुसार आवेदन सही पाये जाने पर डी.पी.आर. में जिला स्तरीय कमेटी से अनुमोदान पश्चात संचालनालय मछली पालन द्वारा अनुमति दी जाती है । केज निर्माण से विभाग को लीज राशि के रूप में राजस्व प्राप्त नहीं हुआ है। समस्त हितग्राहियों को लीज राशि जमा किये जाने हेतु पत्र/नोटिस जारी किया गया है। जी हां, केज निर्माण वाली जगह पर मछलियों को मृत अवस्था में पाया गया। मछलियों के मृत होने का कारण मौसम परिवर्तन एवं डेम में जल स्तर का कम होना है। मत्स्य विभाग से समय-समय पर संचालनालय स्तर/जिला स्तर के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा निरीक्षण किया जाता है।निरीक्षण प्रतिवेदन **संलग्न प्रपत्र अनुसार है** ।**(ख)** गंगरेल डेम में केज निर्माण हेतु मछुआ नीति अनुसार केज निर्माण के पूर्व जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री,जिला - धमतरी से अनुमति प्राप्त किया गया है । जल प्रबंधन संभाग, रूद्री, कोड नं. 38, जिला - धमतरी (छ.ग.) से अनुमति प्राप्त किया गया है। जल संसाधन विभाग के शर्तों का पालन हितग्राही द्वारा किया जा रहा है। **(ग)** केज निर्माण से गंगरेल डेम के आसपास के प्रवासी पक्षियों को मृत अवस्था में नहीं पाया गया है। जैव विविधता बोर्ड ने गंगरेल डेम में केज निर्माण को गलत नहीं ठहराया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

शिक्षकों की भर्ती और युक्तियुक्तकरण

[स्कूल शिक्षा]

64. (क्र. 312) श्री ओंकार साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(ख)** जिला धमतरी अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता (विषय अनुसार) ग्रंथपाल एवं सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के रिक्त पदों की जानकारी देवें ? **(ग)** क्या सरकार स्कूलों का युक्तियुक्तकरण करने पर विचार कर रही है? यदि हां तो युक्तियुक्तकरण करने वाले स्कूलों की जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "अ" एवं प्रपत्र- "ब"**अनुसार है। **(ख)** युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही प्रचलन में है। वर्तमान में विद्यालयों की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

स्वामी आत्मानन्द स्कूलों के संचालन हेतु आबंटित राशि

[स्कूल शिक्षा]

65. (क्र. 319) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वामी आत्मानंद स्कूलों को कितनी राशि आबंटित की गयी है , जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** वर्ष 2023-24 में कितने आत्मानंद स्कूल संचालित हो रहे थे और वर्तमान वर्ष 2024-25 में कितने आत्मानंद स्कूल संचालित हैं और कितने बंद हैं ? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2023-24 में 751 आत्मानंद स्कूल संचालित हो रहे थे और वर्तमान वर्ष 2024-25 में सभी 751 आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

गुण्डरदेही वि. स. क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर की गई कार्यवाही

[खनिज साधन]

66. (क्र. 320) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जनवरी, 2024 से प्रश्नांक अवधि तक गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन के मामले में कितने वाहनों एवं वाहन मालिकों पर कार्यवाही कब और कहाँ की गई ? विवरण सहित बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जनवरी, 2024 से प्रश्नांक अवधि तक गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंगाकटेरा/चंदनबिरही, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद में दिनांक 28.06.2024 को खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन का 01 प्रकरण दर्ज किया जाकर 01 चैन माउंटेन मशीन जप्त किया गया। अवैध उत्खननकर्ता से 01 लाख रूपये समझौता राशि जमा कराया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रदेश के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु इंटर्नशिप की व्यवस्था

[उच्च शिक्षा]

67. (क्र. 327) श्री रिकेश सेन : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या सत्र 2024-25 से प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 लागू हो चुकी है, एवम् इनके पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को भविष्य में इंटर्नशिप करना अनिवार्य है? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार इंटर्नशिप करवाने हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा क्या व्यवस्था की जा रही है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) हाँ, उच्च शिक्षा विभाग में सत्र 2024-25 से प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है तथा इनके पाठ्यक्रम अनुरूप विद्यार्थियों को तृतीय वर्ष (छठवे सेमेस्टर) में इंटर्नशिप करना है। **(ख)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तृतीय वर्ष (छटवें सेमेस्टर) में इंटर्नशिप करना है जिसकी व्यवस्था प्रक्रियाधीन है।

जिला दुर्ग में ट्रांसफॉर्मर की कमी की पूर्ति

[ऊर्जा]

68. (क्र. 328) श्री रिकेश सेन : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जिला दुर्ग में ट्रांसफार्मर की कमी के कारण कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार ट्रांसफार्मर की कमी की पूर्ति कब तक की जाएगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। **(ख)** उत्तरांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

प्रदेश में राजस्व विभाग के मैदानी कार्यालयों की मूलभूत सुविधाओं के लिए आबंटित बजट

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

69. (क्र. 335) श्रीमती भावना बोहरा : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में राजस्व विभाग के मैदानी कार्यालय जैसे तहसील, उप तहसील, राजस्व निरीक्षक मंडल, हल्का पटवारी आदि के संचालन हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे कम्प्यूटर, इंटरनेट, फर्नीचर, लेखन सामग्री आदि हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कितनी राशि आबंटित की जाती है ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित कार्यालय हेतु राशि आबंटन/निर्धारण का मानक क्या है ? आबंटित बजट क्या पर्याप्त है ? (ग) प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित कार्यालयों में सुविधाओं से संबंधित कितनी शिकायतें या आवेदन प्राप्त हुए हैं ? प्राप्त शिकायतों/आवेदनों के निराकरण हेतु क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रत्येक वित्तीय वर्ष में बजट प्रावधानानुसार राशि आबंटित की जाती

है। **(ख)** मांग एवं बजट उपलब्धता अनुसार।प्रावधानित बजट पर्याप्त है। **(ग)** अधीनस्थ कार्यालयों से सुविधाओं से संबंधित शिकायत नहीं मांग पत्र प्राप्त होते हैं जिनका निराकरण कर लिया जाता है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित नवीन विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण

[ऊर्जा]

70. (क्र. 336) श्रीमती भावना बोहरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्तमान क्षमता के अनुसार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा क्या कोई नवीन उप केंद्र का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां तो कहाँ-कहाँ पर कितनी क्षमता के विद्युत उप केंद्र प्रस्तावित हैं ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार प्रस्तावित विद्युत उप केंद्रों का कार्य कब तक शुरू किया जाएगा एवं कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) कबीरधाम जिला अंतर्गत पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र के 05 ग्रामों में नवीन उपकेन्द्रों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। क्षमतावार विवरण निम्नानुसार है-

क्रमांक	प्रस्तावित स्थल	क्षमता
1	उड़ियाकला (कारेसरा)	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, 3.15 एम.व्ही.ए.
2	पौनी	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, 5 एम.व्ही.ए.
3	भुवालपुर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, 5 एम.व्ही.ए.
4	दुबहा	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, 5 एम.व्ही.ए.
5	कोयलारीडीह	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, 5 एम.व्ही.ए.

(ख) निर्धारित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

पेड़ों की कटाई हेतु किया गया भुगतान

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

71. (क्र. 343) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगांव एवं केसीजी अंतर्गत जनवरी 2020 से 25-11-2024 तक कौन-कौन से प्रकार के पेड़/पौधों की कटाई की गई? कटाई कराने का माध्यम क्या-क्या था? कटाई हेतु किये गये भुगतान का विवरण एवं मद की जानकारी वर्षवार, विकासखंडवार देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अवधि में पेड़ों की कटाई हेतु निजी/शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग/व्यक्तियों को दी गई अनुमति दिनांक, कारण, कटाई हेतु कितने पेड़/पौधों के लिये अनुमति दी गई, पेड़/पौधों का प्रकार एवं कटाई उपरांत की गई कार्यवाही की जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) अंतर्गत 2020-21 से 2024-25 (दिनांक 25.11.2024 तक) राजनांदगांव जिला में 62,172 वृक्ष एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला में 76,906 वृक्ष कुल 139078 वृक्षों का कटाई वन विभाग द्वारा किया गया है। कटाई की गई वृक्ष ईमारती प्रकार के वृक्ष है, जिसमें मिश्रित प्रजाति जैसा-बीजा, साजा, हल्दू, मुंडी, सेनहा, सागौन, तिनसा आदि सम्मिलित है।वृक्षों की कटाई वन विभाग द्वारा विभागीय माध्यम से कटाई की गई है तथा कटाई में ठेका या अन्य संस्थाओं के माध्यम से नहीं किया गया है। कटाई की गई वृक्षों का संक्षिप्त गोश्वारा निम्न तालिका अनुसार है तथा वर्षवार, विकासखंडवार एवं वृक्षों का प्रकार से संबंधित विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है ।**प्रचलित कार्य आयोजना अनुसार कूपों में वृक्ष की कटाई (वृक्ष संख्या)

वर्ष	राजनांदगांव	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	योग
2020-21	6859	20398	27257
2021-22	7044	21597	28641

2022-23	10215	21210	31425
2023-24	11097	12481	23578
2024-25 (25.11.2024 तक)	0	0	0
योग	35215	75686	110901

आंधी तूफान से गिरे-पड़े वृक्षों की जानकारी (वृक्ष संख्या)

वर्ष	राजनांदगांव	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	योग
2020-21	1649	0	1649
2021-22	78	0	78
2022-23	373	0	373
2023-24	815	0	815
2024-25 (25.11.2024 तक)	0	0	0
योग	2915	0	2915

वन संरक्षण अधिनियम प्रकरणों में कटाई (वृक्ष संख्या)

वर्ष	राजनांदगांव	खैरागढ़- छुईखदान-गंडई	योग
2020-21	0	0	0
2021-22	1588	0	1588
2022-23	14448	0	14448
2023-24	1292	0	1292
2024-25 (25.11.2024 तक)	0	0	0
योग	17328	0	17328

निजी भूमि में वन विभाग द्वारा कटाई (वृक्ष संख्या)

वर्ष	राजनांदगांव	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	योग
2020-21	171	258	429
2021-22	232	44	276
2022-23	119	219	338
2023-24	2668	606	3274
2024-25 (25.11.2024 तक)	124	40	164
योग	3314	1167	4481

अन्य प्रयोजन में वन विभाग द्वारा कटाई (वृक्ष संख्या)

वर्ष	राजनांदगांव	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	योग
2020-21	829	0	829
2021-22	350	0	350
2022-23	2221	0	2221
2023-24	0	53	53
2024-25 (25.11.2024 तक)	0	0	0
योग	3400	53	3453
महायोग	62172	76906	139078

जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) अंतर्गत 2020-21 से 2024-25 (दिनांक 25.11.2024 तक) कुल 139078 वृक्षों का कटाई वन विभाग द्वारा किया गया है, जिसमें राजनांदगांव में रू. 5,86,69,522.00 तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में रू. 4,49,19,139.00 कुल रू. 10,35,88,661.00 का भुगतान किया गया है, जिसका गोश्वारा निम्न तालिका अनुसार है तथा विकासखंडवार, मदवार एवं वर्षवार **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-**ब**" अनुसार है ।वृक्ष की कटाई में व्यय की गोश्वारा**

वर्ष	राजनांदगांव	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	योग
2020-21	8085131	9506295	17591426
2021-22	8784442	10971078	19755520
2022-23	25506006	15271592	40777598
2023-24	16293943	9170174	25464117
2024-25 (25.11.2024 तक)	0	0	0
योग	5,86,69,522	4,49,19,139	10,35,88,661

(ख) प्रश्नांश 'क'में उल्लेखित अवधि में जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) अंतर्गत 2020-21 से 2024-25 (दिनांक 25.11.2024 तक) राजनांदगांव जिला में 62,172 वृक्ष एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला में 76,906 वृक्ष कुल 139078 वृक्षों का कटाई वन विभाग द्वारा किया गया है । जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) अंतर्गत 2020-21 से 2024-25 (दिनांक 25.11.2024 तक) राजनांदगांव जिला में निजी भूमि में 3,314 वृक्ष एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला में निजी भूमि में 1,167 वृक्ष कुल 4,481 वृक्ष निजी भूमि में कटाये गये है, शेष वृक्ष शासकीय भूमि में कटाई किये गये है।प्रचलित कार्य आयोजना अनुसार कूपों में वृक्ष की कटाई भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कार्य आयोजना तथा विदोहन की अनुमति के तहत कटाई किया गया है। आंधी तूफान से गिरे - पड़े वृक्षों का दोहन मुख्य वन संरक्षक द्वारा दी गई अनुमति के तहत कटाई किया गया है तथा वन संरक्षण अधिनियम प्रकरणों में कटाई भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दी गई अनुमति के तहत कटाई किया गया है।निजी भूमि में वन विभाग द्वारा कटाई राजस्व विभाग द्वारा भूमि-स्वामी को दी गई अनुमति के तहत कटाई किया गया है तथा अन्य प्रयोजन जैसे रेल्वे लाईन, विद्युत लाईन, वन अधिकार अधिनियम (FRA) में राजस्व विभाग के तहत कटाई प्रकरणों में अनुमति क्रमांक एवं दिनांक **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है ।**

क्र.	वृक्षों की कटाई प्रकरणों के प्रकार	राजनांदगांव (वृक्ष संख्या)	खैरागढ़-छुईखदान गंडई (वृक्ष संख्या)	योग
1	प्रचलित कार्य आयोजना अनुसार कूपों में वृक्ष की कटाई	35215	75686	110901
2	आंधी तूफान से गिरे-पड़े वृक्षों की जानकारी	2915	0	2915
3	वन संरक्षण अधिनियम प्रकरणों में कटाई	17328	0	17328
4	निजी भूमि में वन विभाग द्वारा कटाई	3314	1167	4481
5	अन्य प्रयोजन हेतु कटाई	3400	53	3453
योग (2020-23 से दि. 25.11.2024 तक)		62172	76906	139078

शासकीय भूमि में वृक्षों के कटाई उपरांत लगुण कार्य कर वनोपज को विभिन्न शासकीय काष्ठागार में परिवहन किया गया है।इसी प्रकार निजी भूमि में वृक्षों के कटाई उपरांत लगुण कार्य कर वनोपज को विभिन्न शासकीय काष्ठागार में परिवहन किया गया है, जिसका विस्तृत प्रकरणवार विवरण **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-स" अनुसार है ।**

जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी एवं केसीजी अंतर्गत ग्रीन जोन भूमि

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

72. (क्र. 347) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी एवं केसीजी अंतर्गत छ0ग0 निर्माण पश्चात् कौन-कौन से खसरा क्रमांक को कब-कब, ग्रीन जोन भूमि हेतु सुरक्षित किया गया? सुरक्षित किये गये ग्रीन जोन भूमि का प्रयोग किस-किस प्रयोजन किसके द्वारा किस उद्देश्य से किया जा रहा हैं, खसरा क्रमांक, उपयोग हेतु अनुमति/दिनांक, उपयोग में देने के लिये शुल्क की जानकारी देवें? **(ख)** वन चेतना केन्द्र, मनगटा, विकासखंड राजनांदगांव के आसपास के ग्राम मुढ़ीपार, झुराडबरी, बघेरा, मनगटा, जोरातराई एवं इनके आश्रित ग्रामों में आवासीय, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रयोजन हेतु दी गयी डायसर्वन की अनुमति, अनुमति दिनांक, खसरा क्रमांक सहित जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के अंतर्गत छत्तीसगढ़ निर्माण के पश्चात् किसी भी खसरा क्रमांक को ग्रीन जोन हेतु सुरक्षित नहीं किया गया है। शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]**

दुर्ग वनवृत्त के राजनांदगांव वनमंडल के अंतर्गत किये गये कार्यो में व्यय राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

73. (क्र. 352) श्री दलेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या दुर्ग वनवृत्त के राजनांदगांव वनमंडल के अंतर्गत माह अप्रेल, 2023 से दिसम्बर, 2024 तक निर्माण एवं अन्य कार्यो हेतु राशि व्यय की गई है? यदि हां तो किये गये कार्यों में किन-किन सामग्रियों का उपयोग किया गया है और उक्त सामग्री किस एजेंसी से क्रय की गई है? परिक्षेत्रवार कार्य का नाम, कक्ष क्रमांक, मद एवं स्वीकृत राशि व दिनांक, कार्यादेश क्रमांक व दिनांक, कार्य पूर्णता दिनांक, भौतिक सत्यापनकर्ता का नाम, एजेंसी/फर्म और मजदूरों को किये गये भुगतान के जी एस टी के प्रतिशत सहित जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : दुर्ग वनवृत्त के राजनांदगांव वनमंडल के अंतर्गत माह अप्रैल 2023 से दिसम्बर 2024 तक निर्माण एवं अन्य कार्यों हेतु व्यय की गई राशि, सामग्रियों का नाम, क्रय एजेंसी का परिक्षेत्रवार कार्य का नाम, कक्ष क्रमांक, मद एवं स्वीकृत राशि व दिनांक, कार्यदेश क्रमांक व दिनांक, कार्य पूर्णता दिनांक, भौतिक सत्यापनकर्ता का नाम, एजेंसी/फर्म और मजदूरों को किए गए भुगतान के जी.एस.टी. के प्रतिशत की **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।**

वन वृत्त दुर्ग के राजनांदगांव वनमंडल में राज्य कैम्पा मद के अंतर्गत किये गये कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

74. (क्र. 353) श्री दलेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वन वृत्त दुर्ग के राजनांदगांव वनमंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2024-25 में राज्य कैम्पा मद के अंतर्गत दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र के कोटनापानी परिसर, स्थल, कक्ष क्रमांक पी 465 में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हां तो प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लिये किन-किन संरचनाओं एवं कार्यों हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गयी? कार्यादेश कब जारी किये गये व कौन कौन सी संरचनाओं एवं कार्यों हेतु कितनी राशि व्यय की गयी है? उक्त कार्य में किन-किन गांव के कितने श्रमिकों ने कार्य किया है ? श्रमिकों को किये गये भुगतान की वर्षवार, दिनांकवार, संरचनावार, कार्यवार जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : जी हां, वन वृत्त दुर्ग के राजनांदगांव वनमंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2024-25 में राज्य कैम्पा मद के अंतर्गत दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र के कोटनापानी परिसर, के कक्ष क्रमांक पी 465 में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लिये संरचनाओं एवं कार्यों हेतु स्वीकृत राशि जारी किये गये कार्यादेश तथा संरचनाओं एवं कार्यों पर व्यय की गई राशि का **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।** उक्त कार्य में श्रमिकों को किये गये भुगतान की ग्रामवार, वर्षवार, दिनांकवार, संरचनावार, कार्यवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।**

कबाड़ियों की दुकान में शासकीय पुस्तकें बेचने की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[स्कूल शिक्षा]

75. (क्र. 359) श्री भोलाराम साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-22 से 2024-25 में नवम्बर, 2024 तक की स्थिति में छ.ग़. पाठ्य पुस्तक डिपो राजनांदगांव के द्वारा कबाड़ियों की दुकान में पुस्तकें बेचने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो इन शिकायतों की किस स्तर पर और क्या जांच हुई है ? जांच में किन-किन अधिकारी और कर्मचारी को दोषी पाया गया है एवं किन -किन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? कृपया बताएं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हां । वर्ष 2021-22 में प्राप्त शिकायत की प्रारंभिक जांच छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम स्तर पर की गई है। जांच में डिपो राजनांदगांव के तत्कालीन डिपो प्रभारी श्रीमती यशोधरा सरोते, सहायक ग्रेड-2, श्री चोवाराम चन्द्राकर (दैनिक मजदूर) एवं श्री सारंग ताम्रकार (दैनिक मजदूर) के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा की गई थी, किन्तु पूर्व महाप्रबंधक के अनुशंसा अनुसार तत्कालीन प्रबंध संचालक द्वारा विभागीय जांच को समाप्त कर दिया गया। वर्ष 2024-25 में दैनिक

समाचार पत्रों में दिनांक 16.09.2024 को लाखों किताबें कबाड़ में सिलयारी स्थित पेपर मिल में रद्दी के भाव बेचने संबंधी समाचार प्रकाशित हुई थी। इसकी विस्तृत जांच हेतु छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1-16/2024/20-दो, दिनांक 16.09.2024 द्वारा समिति गठित की गई थी। समाचार पत्रों में प्रकाशित उक्त घटना को शासन ने गंभीरता से लेते हुये सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 2-08/2024/एक/2, दिनांक 19.09.2024 द्वारा अपर मुख्य सचिव, छ0ग0 शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को नियमानुसार जांच कर राज्य शासन को जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित समिति से प्राप्त जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव, छ0ग0 शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को सौंप दी गई है। जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अविभाजित राजनांदगांव जिले में संचालित देशी-विदेशी शराब दुकान

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

76. (क्र. 360) श्री भोलाराम साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्तमान में कितने देशी व विदेशी शराब दुकान संचालित हैं और नवीन देशी व विदेशी शराब दुकान कहाँ-कहाँ खोलना प्रस्तावित है ? विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या संचालित दुकानों द्वारा विक्रय की गई देशी व विदेशी मदिरा में कीड़े मकोड़े एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ पाए जाने की शिकायतें व जानकारी प्राप्त हुई है ? यदि हां तो देशी - विदेशी मदिरा निर्माता कंपनी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्तमान में देशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) - 10, विदेशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) - 04, देशी मदिरा दुकान - 06, विदेशी मदिरा दुकान - 08 कुल 28 मदिरा दुकानें संचालित है तथा 01 विदेशी मदिरा (प्रीमियम) दुकान स्वीकृत है जो कि वर्तमान में संचालित नहीं है। विधानसभावार मदिरा दुकाने खोले जाने के प्रस्ताव की जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	विधानसभा क्षेत्र का नाम	प्रस्तावित मदिरा दुकान की संख्या	प्रस्ताव स्थल का नाम
1	2	3	4
1	राजनांदगांव	01 प्रीमियम मदिरा दुकान	राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र
2	खुज्जी	01 देशी मदिरा दुकान	ग्राम-खुज्जी
		01 विदेशी मदिरा दुकान	
		01 देशी मदिरा दुकान	ग्राम-रंगीटोला (चिचोला)
		01 विदेशी मदिरा दुकान	
3	मोहला-मानपुर	01 देशी मदिरा दुकान	ग्राम-मोहला
4	खैरागढ़	01 प्रीमियम मदिरा दुकान	खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत
योग		**07**	-

वर्ष 2024-25 हेतु जारी आबकारी नीति के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 672 मदिरा दुकानें संचालित किये जाने तथा आवश्यकतानुसार पृथक से प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से मदिरा दुकान विहीन क्षेत्रों में अवैध मदिरा विक्रय पर नियंत्रण के उद्देश्य से राज्य के किसी भी जिले की मदिरा दुकान को राज्य के किसी भी अन्य जिले में स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर स्थानांतरित कर नवीन स्थल में संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसे वर्ष 2024-25 में यथावत रखे जाने की अनुमति प्रदान की गई है। साथ ही मदिरा दुकानों के स्थानांतरण की स्थिति में राजस्व हित में आवश्यकतानुसार दुकान के स्वरूप को परिवर्तित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। तदानुसार प्रदेश में संचालित मदिरा दुकानों में से आवश्यकतानुसार मदिरा दुकानों को दुकान विहीन क्षेत्रों में स्थानांतरण किया जा सकेगा। विचारण क्षेत्र में प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान को छोड़ कोई नवीन मदिरा दुकान खोला जाना प्रस्तावित नहीं है। **(ख)** संचालित मदिरा दुकानों द्वारा विक्रय की गई देशी व विदेशी मदिरा में कीड़े मकोड़े एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ पाए जाने की कोई शिकायत एवं जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

कैम्पा मद से स्वीकृत कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

77. (क्र. 367) श्री विक्रम मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बीजापुर जिला अन्तर्गत वन (सा./उ.) में कैम्पा मद से वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक कुल कितने कार्य स्वीकृत है? कार्य का नाम, स्थान का नाम, स्वीकृत राशि सहित वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं? कितनी राशि व्यय हुई है? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार कितने कार्य अपूर्ण हैं और कब तक पूर्ण किये जायेंगे? जानकारी देवें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) बीजापुर जिला अन्तर्गत वन (सा./उ.) मे कैम्पा मद से वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक कुल 607 कार्य स्वीकृत है। स्वीकृत कार्यो का नाम, स्थान का नाम एवं स्वीकृत राशि का वर्षवार विवरण **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।(ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।**

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र से पलायन करने वाले लोगों का पुनर्वास

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

78. (क्र. 368) श्री विक्रम मंडावी : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बीजापुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नवंबर, 2024 की स्थिति में कितने ग्रामीण रहवासी पड़ोसी राज्य तेलंगना में पलायन कर निवासरत हैं ? पलायन का कारण बतावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार पलायन कर अन्य राज्यों में रहने वाले आदिवासियों के विस्थापन, पुनर्वास की सरकार की क्या योजना है? योजना कब तक क्रियान्वित होगी? पलायन रोकने के क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं? जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (**(क)** नवम्बर 2024 की स्थिति में 08 सर्वेक्षित ग्रामों में 119 विस्थापित परिवार की 579 जनसंख्या पलायन कर निवासरत है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण **(ख)** जिला बीजापुर से सीमावर्ती राज्य के समीप के जिलों में बसे परिवारों का सर्वे किये जाने हेतु कलेक्टर का आदेश दिनांक 23.02.2022 को दल गठित किया गया था। विस्थापित आदिवासी परिवार जिला बीजापुर में वापस आकर बसना नहीं चाहते हैं, जो परिवार बसना चाहते हैं उनके लिए वीरान ग्राम भूमि का चिन्हांकन किया गया है। भविष्य में उनके द्वारा, यहां आकर बसने हेतु आवेदन प्राप्त होने पर। पलायन रोकने के संबंध में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए अंदरूनी क्षेत्रों में सी.आर.पी.एफ कैंप खोले जा रहे है। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत नक्सल हिंसा से पीडित लोगों एवं आत्मसमर्पित को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है साथ ही नियद नेल्लानार योजना के तहत सभी संवेदनशील ग्रामों में मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है।

नगरीय क्षेत्रों में निवासरत आवासधारियों को पट्टा दिए जाने की योजना

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

79. (क्र. 371) श्री विक्रम मंडावी : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत आवासधारियों को पट्टा दिए जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां तो पट्टा दिए जाने की कार्यवाही कब से प्रारंभ होगी? योजना में किस-किस जिले को सम्मिलित किया गया है? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' के अनुसार शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निवासरत लोगों को भू-स्वामित्व का अधिकार पत्र देने अथवा पुनर्वास की कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो योजना की जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों को पट्टाधृती अधिकार अधिनियम, 2023 के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को पट्टा देने का प्रावधान है। जिला अंतर्गत सर्वेक्षण के अधीन यह सतत प्रक्रिया है। राज्य के सभी जिलों में लागू है। **(ख)** प्रवृत्त कानूनों के अतिरिक्त कोई योजना नहीं बनाई जा रही है। जी नहीं, प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर के चित्रकोट रेंज में पेड़ों की कटाई के संबंध में

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

80. (क्र. 375) श्री कवासी लखमा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर के चित्रकोट रेंज (परिक्षेत्र) में अक्टूबर 2024 से नवम्बर 2024 के मध्य पेड़ों की कटाई की गयी है ? क्या काटे गए पेड़ हरे-भरे थे ? **(ख)** हरे-भरे पेड़ काटने की अनुमति की मांग किस अधिकारी द्वारा कब, की गई दिनांक सहित जानकारी देवें ? पेड़ काटने की अनुमति किस अधिकारी ने दी ? **(ग)** यदि अवैध पेड़ों की कटाई की गई तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? जिम्मेदार अधिकारीयों के उपर क्या कार्यवाही की गयी ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर के चित्रकोट परिक्षेत्र में अक्टूबर 2024 से नवम्बर 2024 के मध्य किसी भी प्रकार के पेड़ों की कटाई नहीं की गयी है।**(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

जिला सुकमा में खनिज-न्यास (विकास) निधि और एन.एम.डी.सी., सी.एस.आर. मद से स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

81. (क्र. 376) श्री कवासी लखमा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सुकमा में खनिज-न्यास (विकास) निधि और एन.एम.डी.सी., सी.एस.आर. मद से दिसम्बर, 2023 से नवम्बर, 2024 तक कौन-कौन से कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी ? निर्माण एजेंसीवार जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत किए गए कार्यों को किन-किन जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से स्वीकृति दी गयी है ? **(ग)** उक्त अवधि में कार्य योजना प्रस्ताव पारित करने हेतु कब-कब बैठक की गयी है ? क्या स्वीकृत किए गए सभी कार्यों का बैठक में अनुमोदन हुआ है ? **(घ)** बिना बैठक अनुमोदन के कौन-कौन से कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? स्थलवार, लागत सहित जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र अ एवं ब''** अनुसार है। **(ख)** जिला खनिज न्यास मद से जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान नही की जाती, वरन् शासी परिषद् की अनुशंसा के आधार पर कार्य स्वीकृत किये जाते है। अतः शेष प्रश्नांश उद्भूत नही होता। **(ग)** उक्त अवधि में दिनांक 07.02.2024 एवं दिनांक 05.08.2024 को शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। स्वीकृत किए गए सभी कार्यों का शासी परिषद की बैठक में अनुमोदन हुआ है। **(घ)** बिना बैठक अनुमोदन के कोई भी कार्य की स्वीकृति प्रदान नही की गयी है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी"]

विद्युत कंपनी के उपभोक्ताओं से अतिरिक्त सुरक्षा निधि लिया जाना संबंधी

[ऊर्जा]

82. (क्र. 383) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** उपभोक्ताओं से अतिरिक्त सुरक्षा निधि लिये जाने के क्या नियम हैं ? छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित द्वारा किस-किस श्रेणी के विद्युत कनेक्शन के लिए वर्ष में कितनी बार, किस दर से अतिरिक्त सुरक्षा निधि का भार उपभोक्ताओं पर अधिरोपित किया जाता है? जानकारी देवें ? **(ख)** माह अक्टूबर, 2024 के बिजली बिल की राशि पूर्ववर्ती महीनों से अत्यधिक होने के संबंध में प्रदेश के उपभोक्ताओं के कितने आवेदन/शिकायत विभाग को प्राप्त हुए हैं एवं प्राप्त आवेदनों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार उपभोक्ताओं से लिए गए सुरक्षानिधि की राशि का पुनरीक्षण प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में किया जाना है। उपभोक्ता द्वारा पिछले 12 माह के दौरान की गई कुल विद्युत खपत के आधार पर, औसत निर्धारित कर प्रचलित दर पर कृषि, स्टोन क्रशर एवं हॉट मिक्स प्लांट श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु 90 दिवस तथा घरेलू एवं

अन्य सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए 60 दिवस हेतु आवश्यक सुरक्षानिधि की गणना की जाती है। उपरोक्तानुसार आकलित सुरक्षानिधि एवं पूर्व में जमा सुरक्षानिधि की राशि में अंतर निम्नदाब श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु 10 प्रतिशत एवं उच्चदाब श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु राशि रू.10000/- से कम या अधिक पाये जाने पर अंतर की राशि को माह अक्टूबर के विद्युत बिल में समायोजित अथवा जोड़ी जाती है। **(ख)** माह अक्टूबर 2024 के बिजली बिल की राशि पूर्ववर्ती महीनों से अत्यधिक होने के संबंध में प्रदेश के 871 उपभोक्ताओं से शिकायतें प्राप्त हुई है। सभी प्रकरणों में अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि जोड़ा जाना पाया गया। सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।

चिप्स में बिना किसी पद के कर्मचारी की नियुक्ति

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

83. (क्र. 387) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी (चिप्स) के द्वारा KPMG की नियुक्ति किन उद्देश्यों से कब की गई थी एवं किन कारणों से कब उक्त KPMG की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं ? **(ख)** क्या KPMG के किसी पूर्व कर्मचारी को बिना किसी पद पर नियुक्त किये ही SDC परियोजना के RFP निर्माण कार्य में सम्मिलित किया गया है? यदि हाँ तो, कर्मचारी का नाम एवं उन्हें सम्मिलित किये जाने का कारण बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) KPMG की नियुक्ति Empanelment परियोजना के तहत CHiPS एवं राज्य के अन्य विभागों में सलाहकार कार्य हेतु 23 मई, 2017 को इम्पैनल्ड किया गया है। अब तक KPMG की सेवायें विभिन्न विभागों में दी जा रही है। **(ख)** जी नहीं, शेषांक का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

कुरूद(थूहा) से राजिम(कोमा) तक 220 के.व्ही.डी.सी.डी.एस लाईन निर्माण कार्य की भुगतान राशि

[ऊर्जा]

84. (क्र. 389) श्री अनुज शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**छत्तीसगढ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमि. द्वारा कुरूद (थूहा) से राजिम(कोमा) तक 220 के.व्ही.डी.सी.डी.एस लाईन निर्माण कार्य हेतु तय ऐजेंसी/ठेकेदार द्वारा कार्य कितनी अवधि में पूर्ण किया जाना था? क्या तय समय में ऐजेंसी/ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया ? यदि नहीं तो विभाग द्वारा कितना अतिरिक्त समय कार्यपूर्णता हेतु प्रदान किया गया? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार कार्य हेतु निर्धारित ऐजेंसी/ठेकेदार को कितनी कितनी राशि का भुगतान कब-कब किया गया?क्या विभाग द्वारा निर्धारित राशि से अधिक का भुगतान किया गया? यदि हां तो कितना और किस आधार पर अधिक राशि का भुगतान किया गया? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार भुगतान की गई राशि में कितना प्रतिशत जी.एस.टी का भुगतान किया गया?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा कुरूद (थूहा) से राजिम (कोमा) तक 220 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. लाईन निर्माण का कार्य तय ऐजेंसी/ठेकेदार द्वारा कार्यादेश दिनांक से 18 माह की समयावधि में पूर्ण किया जाना था। जी नहीं। ऐजेंसी/ठेकेदार द्वारा तय समय में कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। विभाग द्वारा कार्यपूर्णता हेतु अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार कार्य हेतु निर्धारित ऐजेंसी/ठेकेदार को किये गये भुगतान की दिनांक वार **जानकारी प्रपत्र** में **संलग्न** है। विभाग द्वारा निर्धारित राशि से अधिक का भुगतान नहीं किया गया है। **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार भुगतान की गई राशि में 18 प्रतिशत की दर से जी.एस.टी. का भुगतान किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी"]

भ्रष्टाचार निरोधक शाखा एवं आर्थिक अपराध शाखा के द्वारा की गई कार्यवाही

[सामान्य प्रशासन]

85. (क्र. 392) श्री अनुज शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2020 से दिनांक 25/11/2024 तक राज्य शासन के कितने अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक शाखा

एवं आर्थिक अपराध शाखा के द्वारा कार्यवाही की गई? अधिकारी/कर्मचारियों के नाम,पदनाम ,विभाग एवं जब्त चल-अचल संपत्ति जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार इनमें से कितने प्रकरणों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किये गये ? कितने प्रकरणों में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा एवं आर्थिक अपराध शाखा के द्वारा मौके पर साक्ष्यात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी दोषियों को विभागीय कार्यवाही में दोषमुक्त कर पुनः पदस्थापना दी गई ? नाम/पदनाम एवं विभाग सहित जानकारी प्रदान करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वर्ष 2020 से दिनांक 25/11/2024 तक कुल 131 प्रकरणों में राज्य शासन के 172 अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक शाखा एवं आर्थिक अपराध शाखा के द्वारा कार्यवाही की गई है। अधिकारी/कर्मचारियों के नाम, पदनाम, विभाग एवं जब्त चल-अचल संपत्तियों की जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र "अ"** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार कुल 78 प्रकरणों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किये गये हैं। जानकारी **पुस्तकालय** में रखें प्रपत्र-''अ'' अनुसार है। प्रश्नांश "ख" के शेष बिंदु के संबंध में **संबंधित विभागों से जानकारी एकत्रित की जा रही है ।**

बस्तर संभाग में लगाये गये हाईमास्ट स्ट्रीट लाईट एवं सोलर ड्यूल पंप

[ऊर्जा]

86. (क्र. 395) श्री बघेल लखेश्वर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में क्रेडा के द्वारा कितने हाईमास्ट स्ट्रीट, लाईट, सोलर ड्यूल पंप लगाये गये थे? विगत् 04 वर्षों की जिलेवार संख्यात्मक जानकारी देवें ? **(ख)** बस्तर जिला अंतर्गत ''बस्तर हाट'' में क्रेडा के द्वारा कब क्या-क्या एवं कितनी राशि की सामग्रियां लगाई गई थी ? **(ग)** प्रश्न ''क'' एवं ''ख'' के अद्यतन स्थिति में कार्यसंचालन की स्थिति बतावें ? जिलेवार संख्यात्मक जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी क्रमशः **''संलग्न प्रपत्र अ''** एवं **''प्रपत्र ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियासी"]

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी स्कूल के कार्यसंचालन हेतु आबंटित बजट

[स्कूल शिक्षा]

87. (क्र. 396) श्री बघेल लखेश्वर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभाग में कुल कितने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/ हिन्दी स्कूल संचालित हैं तथा इनमें कुल कितने बच्चे दर्ज हैं ? जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** इन स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सहित शिक्षकों के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति बतावें ? **(ग)** वर्ष 2024-25 में इन संस्थाओं हेतु कुल कितने बजट राशि की आवश्यकता है और अब तक कितनी राशि बंटित कर दियी गयी है ? कृपया बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) बस्तर संभाग में कुल 256 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी स्कूल संचालित हैं तथा इनमें कुल 95351 बच्चे दर्ज है। जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब** अनुसार है। **(ग)** वर्ष 2024-25 में इन संस्थाओं हेतु कुल बजट राशि रू. 8130.00 लाख की आवश्यकता है और अब तक राशि रू. 6782.24 लाख बंटित कर दी गयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तासी"]

लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल टॉवर एवं नेटवर्क विस्तार की योजना

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

88. (क्र. 410) श्री प्रबोध मिंज : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत किन-किन ग्रामों में मोबाइल टॉवर की उपलब्धता नहीं है? जानकारी ग्रामवार देवें ?**(ख)** टॉवर रहित ग्रामों में मोबाइल टॉवर लगाने की क्या क्या योजनाएं हैं ? एवं कब तक लगाए जायेंगे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिले से प्राप्त जानकारी अनुसार लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में जनपद पंचायत अम्बिकापुर के अंतर्गत कुल 47 ग्रामों में, लखनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 26 ग्रामों एवं लुण्ड्रा जनपद पंचायत अंतर्गत 73 ग्रामों में मोबाइल टॉवर की उपलब्धता नहीं है। इस प्रकार लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के कुल 234 ग्रामों में से 146 ग्रामों में मोबाइल टावर्स की उपलब्धता नहीं है। जानकारी ग्रामवार **प्रपत्र में संलग्न** है। **(ख)** संचार सुविधाएं संविधान के संघ सूची का विषय है। अतः टॉवर लगाने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठासी"]

लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जर्जर स्कूल भवन

[स्कूल शिक्षा]

89. (क्र. 411) श्री प्रबोध मिंज : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में कितने हाई स्कूल, कितने हायर सेकेंडरी स्कूल, कितनी माध्यमिक शाला एवं कितनी प्राथमिक शाला भवनविहीन हैं? स्कूलों के नाम सहित जानकारी देवें ? **(ख)** भवनविहीन स्कूलों के लिए कब तक भवन निर्माण कराए जाएंगे? कितने भवन जर्जर हैं ? सूची उपलब्ध करावें ? **(ग)** जर्जर भवनों को कब तक डिस्मेंटल कर नए भवन बनाए जायेंगे ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में 05 शासकीय हाईस्कूल, निरंक हायर सेकेण्डरी स्कूल, 06 पूर्व माध्यमिक शाला एवं 29 प्राथमिक शाला भवन विहीन हैं। स्कूलों के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। 09 शाला भवन जर्जर है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नवासी"]

जिला गौरेला -पेंड्रा-मरवाही में खनिज न्यास निधि में प्राप्त राशि

[खनिज साधन]

90. (क्र. 420) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-2022 से दि.25/11/24 की अवधि तक जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में जिला खनिज न्यास निधि में वर्षवार कितनी-कितनी निधि प्राप्त हुई है? प्राप्त राशि से किन-किन कार्यों हेतु, कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है एवं कितनी राशि शेष है? वर्षवार, विभागवार कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्न "क" के कार्यों में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है तथा उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)जानकारी **'''पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। प्राप्त राशि में से स्वीकृत कार्य, व्यय राशि एवं शेष राशि की वर्षवार, विभागवार कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्न "क" के कार्यों में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

जिला गौरेला -पेंड्रा मरवाही में क्रय खेल सामग्री

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

91. (क्र. 423) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष2020 से दि.25/11/24 तक जिला गौरेला -पेंड्रा मरवाही में विभाग को कितनी राशि प्राप्त हुई है? **(ख)** उक्त राशि से क्या-क्या खेल सामग्री खरीदी गयी है एवं कहां-कहां पर दी गयी है,? वर्षवार जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विभाग को राशि रूपये 3,44,72,500/- प्राप्त हुई है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** में है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नब्बे"]

वन मंडल सरगुजा अंतर्गत जनहानि, जनघायल, पशुहानि, फसलहानि के प्रकरणों में मुआवजा

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

92. (क्र. 428) श्री राजेश अग्रवाल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वन मंडल सरगुजा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में हाथियों द्वारा जनहानि, जनघायल, पशुहानि, फसलहानि के कितने प्रकरण मुआवजा राशी हेतु लंबित हैं? लंबित मुआवजा राशी का भुगतान प्रभावितों को कब तक किया जावेगा? क्या मुआवजा राशियों में बढ़ोत्तरी प्रस्तावित है? यदि हाँ तो कब तक बढ़ोत्तरी की जाएगी? **(ख)** सरगुजा वन मंडल में वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 25/11/24 तक कौन-कौन से स्थान पर किस-किस तिथि को कितनी-कितनी राशि से किस-किस प्रजाति के वृक्षारोपण विभागीय मद, रोजगार गारंटी मद, उद्योगों से जमा राशि मद, क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण मद या अन्य मदों से किया गया है? विभागीय मद- वार जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) सरगुजा वनमण्डल अंतर्गत प्रश्नावधि में हाथियों द्वारा जनहानि, जनघायल, पशुहानि, फसल हानि के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है, मुआवजा भुगतान का **विस्तृत विवरण संलग्न "प्रपत्र-अ" में दर्शित है।** शासकीय योजनाओं अंतर्गत देय राशि में परिवर्तन एक नीतिगत विषय है, जिस पर गुण-दोषों के आधार पर समय-समय पर परिर्वतन नियमानुसार किया जाता है।**(ख)** सरगुजा वनमण्डल में प्रश्नावधि में किये गये वृक्षारोपण की **विस्तृत जानकारी संलग्न "प्रपत्र-ब " में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इनक्यानबे"]

अम्बिकापुर वि.स.क्षेत्र में घंटे विधुत आपूर्ति की व्यवस्था

[ऊर्जा]

93. (क्र. 429) श्री राजेश अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अंबिकापुर विधान सभा क्षेत्र के कितने ग्रामीणों के घर पर व वार्डो में बिजली की व्यवस्था नहीं है? व्यवस्था लागू करने के लिए विभाग द्वारा क्या योजना है ? **(ख)** जिन स्थानों पर बिजली की व्यवस्था नहीं है, क्या उन स्थानों पर विभाग द्वारा सर्वे करवा कर बिजली की आपूर्ति कब तक की जावेगी? **(ग)** क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र के कई इलाकों में वोल्टेज ड्रॉप की समस्या तथा अघोषित बिजली कटौती के निराकरण हेतु क्या कार्य योजना है ? **(घ)** वर्तमान में कितने स्थानों पर बिजली खम्भों के लाइनों में केबल डालना आवश्यक है तथा अतिभारित ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कब तक की जावेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 30.11.2024 की स्थिति में वार्डों में 1257 घर अविद्युतीकृत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 855 घरों का विद्युतीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत है। शेष 402 घरों के विद्युतीकरण हेतु प्राक्कलन मुख्यमंत्री मजराटोला अंतर्गत स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन है। **(ख)** निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में वोल्टेज ड्रॉप एवं अघोषित विद्युत कटौती की समस्या नहीं है। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त विद्युत प्रदाय हेतु 01 नग 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर में 04 नग नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त 16 नग अतिरिक्त वितरण ट्रासफार्मर स्थापित करने का कार्य भी स्वीकृत है। **(घ)** विद्युत चोरी के चिन्हित ग्रामों में ए.बी. केबल लगाये जाने का प्रावधान है। अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 182 ग्रामों में खुले तारों को ए.बी. केबल में बदलने का कार्य स्वीकृत है जिसमें से 50 ग्रामों के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। ग्राम लटोरी में 3.15 एम.व्ही.ए. से 5 एम.व्ही.ए., अंबिकापुर शहर में 02 नग अतिरिक्त 3.15 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मर तथा विभिन्न स्थलों में 17 नग वितरण ट्रासंफार्मरों की क्षमता वृद्धि स्वीकृत है जिनके कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किये जाएंगे।

शिक्षक भर्ती के संबंध में

[स्कूल शिक्षा]

94. (क्र. 439) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या पूर्व शिक्षा द्वारा मंत्री द्वारा विधानसभा सत्र फरवरी-मार्च,2024 में 33000 शिक्षकों की भर्ती नई शिक्षा सत्र से पहले करने की घोषणा की गई थी ? यदि हां तो यह भर्ती कब तक पूरी हो जाएगी बताने की कृपा करें। **(ख)** युक्तियुक्तकरण करके कितने स्कूलों को समायोजन (बंद) किया जा रहा है, जानकारी देवे ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हॉ। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रचलन में है, वर्तमान में संख्या बताना संभव नहीं है।

विधानसभा क्षेत्र आरंग के अंतर्गत पौराणिक,ऐतिहासिक एवं प्राचीन स्मारकों का जीर्णोद्वार,

[पर्यटन]

95. (क्र. 443) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र आरंग अंतर्गत सांस्कृतिक- पर्यटन- धर्मस्व के कितने ऐसे स्थल/मंदिर हैं, जिनकों धार्मिक पर्यटन के रूप में चिन्हाकिंत किया गया है? क्या राज्य शासन द्वारा चिन्हाकिंत किये गए स्थल/मदिर के जीर्णोद्धार/मरम्मत या निर्माण के संबंध में कोई योजना बनाई गई है ? जानकारी देवे । **(ख)** क्या पर्यटन एव धार्मिक स्थलों के देखरेख एवं विकास हेतु स्थानीय स्तर/शासन स्तर पर कोई व्यवस्था की गयी हैं ? यदि हां तो विस्तृत जानकारी प्रदान करें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र आरंग अंतर्गत निम्नलिखित 2 स्थलों को धार्मिक पर्यटन स्थल के रुप में चिन्हांकित किया गया हैः-

स.क्र.	चिन्हांकित पर्यटन स्थल	पर्यटन स्थल की श्रेणी	मुख्य दर्शनीय स्थल
1.	आरंग	धार्मिक, ऐतिहासिक	भाण्डदेउल जैन मंदिर, बाघदेउल, संत रविदास मंदिर, बागेश्वरनाथ, जोबेश्वरनाथ, कुमारेश्वरनाथ, पंचमुखी महादेव
2.	चन्द्रखुरी	पुरातात्विक, धार्मिक	प्राचीन शिव मंदिर, कौशल्या माता मंदिर

वर्तमान में राज्य पुरातत्व संरक्षित स्मारक शिव मंदिर, चंदखुरी में राशि रु. 2.94 लाख के मरम्मत कार्य कराये जा रहे हैं। राज्य पुरातत्व संरक्षित स्मारक शिव मंदिर चंदखुरी एवं शिव मंदिर नवागांव तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण स्मारक भाण्डदेउल मंदिर आंरग में आवश्यकतानुसार समय-समय पर जीर्णोद्धार/मरम्मत/रख-रखाव कार्य संबंधित विभागों के द्वारा कराये जाते है।कौशल्या माता मंदिर परिसर चंदखुरी में पर्यटन विभाग के द्वारा पर्यटकों के लिए शौचालय, पेयजल, गार्डन, माड्युलर शॉप, पर्यटन सूचना केन्द्र/इंटरप्रिटेशनसेंटर/कैफेटेरिया, साउंड एण्ड लाईट शो, सौंदर्यीकरण, काटेजेस एवं डॉरमेट्री के निर्माण कराये गये हैं।**(ख)** भाण्डदेउल मंदिर आंरग की देखरेख भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रायपुर मंडल द्वारा की जाती है एवं पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधा मंदिर परिसर में उपलब्ध है। राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा प्राचीन शिव मंदिर चंदखुरी एवं शिव मंदिर नवागांव की देखरेख की जाती है एवं कलेक्टर दर पर एक-एक केयर टेकर नियुक्त किया गया है।कौशल्या माता मंदिर, चंदखुरी की देखरेख स्थानीय मंदिर समिति "माता कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान" के द्वारा की जाती है।

जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य के संबंध में

[जल संसाधन]

96. (क्र. 445) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2019-2020 से दिनांक 25 नवम्बर,2024 तक जल संसाधन विभाग द्वारा आरंग विधानसभा

क्षेत्र में कुल कितने स्टाप डेम/नाली निर्माण/नहर विस्तार/स्टाप डेम तथा नहर के दोनों ओर सीसी रोड़ निर्माण एवं लाईनिंग तथा अन्य निर्माण कार्य में कितनी राशि स्वीकृत की गई है ?उक्त निर्माण कार्यों में कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कितने अपूर्ण हैं। **(ख)** कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है,कितना शेष है,स्वीकृति नहीं होने के क्या कारण हैं, तथा कब तक दी जावेगी, समयावधि बतावें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वित्तीय वर्ष 2019-2020 से दिनांक 25 नवम्बर, 2024तक जल संसाधन विभाग द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र में स्टाप डेम के 12 कार्य, नाली निर्माण/नहर विस्तार/लानिंग के 18 सीसी रोड़ निर्माण के 02 कार्य एवं अन्य निर्माण के 10 कार्य हेतु राशि रू. 13699.75 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से 14 कार्य पूर्ण है तथा 28 कार्य अपूर्ण है। **(ख)** 42 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है, 23 कार्यों की स्वीकृति शेष है। बजट उपलब्धता तथा तकनीकी साध्यता के अनुसार प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

महासमुंद जिले में शिक्षकों और कर्मचारियों को नियम विरुद्ध अवकाश नगदीकरण की राशि

[स्कूल शिक्षा]

97. (क्र. 446) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या महासमुंद जिले के शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों और कर्मचारियों को नियम विरुद्ध अवकाश नगदीकरण के मामले में क्या कोई जांच संस्थित की गई हैं? यदि हां, तो जांच दल में कौन कौन शामिल थे और दोषियों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

महासमुंद जिले में जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

98. (क्र. 447) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में 21 नवम्बर 2024 तक जिला खनिज न्यास मद के तहत कौन-कौन से कार्य, कितनी कितनी लागत से स्वीकृत किये गये हैं ? शासी परिषद् की स्वीकृति कब कब प्राप्त की गई है ? वर्षवार कार्य के नाम, स्वीकृत राशि सहित बताएं ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)**के अनुसार उक्त अवधि में महासमुंद जिले को खनिज न्यास मद में वर्षवार कितनी कितनी राशि प्राप्त हुई है? कितनी व्यय हुई है ? कितनी शेष है ? बताएं?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयानबे"]

बस्तर जिला में राम वनगमन पथ योजना अंतर्गत किये गए कार्य

[पर्यटन]

99. (क्र. 457) श्री किरण देव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर जिला में राम वनगमन पथ योजना अंतर्गत विगत तीन वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में 25 नवम्बर, 2024 तक कौन-कौन से स्थल हेतु क्या-क्या कार्य, कितनी लागत के, किस-किस एजेंसी द्वारा, किस मद से प्राप्त राशि से स्वीकृत किये गये हैं? **(ख)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यो में से कितने पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं? अपूर्ण कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत करावें? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? **(ग)** निर्माण कार्यो में अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : क) बस्तर जिला में राम वन गमन पर्यटन परिपथ योजना अंतर्गत विगत तीन वर्षो एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 25 नवम्बर, 2024 तक दलपत सागर, जगदलपुर, चित्रकोट एवं तीरथगढ़ को चिन्हित कर अधोसंरचना विकास कार्य हेतु कलेक्टर, बस्तर द्वारा राशि रु.10 करोड़ डी.एम.एफ. मद से प्राप्त हुई थी। **(ख)** क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा अनुबंध अनुसार कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने के कारण प्रस्तावित कार्य निरस्त किया गया। **(ग)** जानकारी निरंक है।

जशपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए संचालित योजनायें एवं कार्यक्रम

[जल संसाधन]

100. (क्र. 466) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 01 अप्रैल 2021 से प्रश्नांकित तिथि 24.11.2024 तक जशपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वर्षवार, कार्यवार, राशिवार, पूर्णतावार ब्यौरा दें? कितने कार्य अपूर्ण है कार्यो की अपूर्णता के क्या कारण हैं? इन अपूर्ण कार्यो को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? **(ख)** क्या उपरोक्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन के लिये स्थानीय निवासियों की भूमि अधिग्रहित की गई है? यदि हाँ, तो तत्संबंधी वर्षवार, योजनावार, हितग्राहीवार, ग्रामवार, रकबावार, मुआवजा राशि भुगतानवार ब्यौरा क्या है? **(ग)** यदि प्रश्नांकित तिथि तक मुआवजा वितरण के प्रकरण लंबित हों, तो लंबित मुआवजा राशि का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) 01 अप्रैल 2021 से प्रश्नांकित तिथि 24.11.2024 तक जशपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वर्षवार, कार्यवार, राशिवार, पूर्ण / अपूर्ण कार्य, अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने की संभावित तिथि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** उपरोक्त योजनाओं हेतु वर्तमान में स्थानीय निवासियों की कोई भी भूमि अधिग्रहित नहीं की गई है। अतः वर्षवार, योजनावार, हितग्राहीवार, ग्रामवार, रकबावार, मुआवजा राशि भुगतानवार ब्यौरा की जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांकित तिथि तक मुआवजा वितरण के प्रकरण लम्बित नहीं है। अत: लम्बित मुआवजा राशि की भुगतान का प्रश्न ही नहीं उठता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरानबे"]

कोरबा जिले के हसदेव दर्री बैराज के सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा

[जल संसाधन]

101. (क्र. 476) श्री फूलसिंह राठिया : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या हसदेव दर्री बैराज से कोहडिया की ओर लगभग 1 किमी. के अन्तर्गत व्यवसायिक काॅम्पलेक्स, हॉटल, ढ़ाबा, एवं अन्य भवनों का निर्माण किया गया है? क्या सिंचाई विभाग के भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है, यदि हॉ, तो इसके लिए किस अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है? जानकारी देवें। **(ख)** क्या हसदेव बांयी तट नहर के सर्विस रोड़ एवं बैक जीरो से लगभग 10 किमी. के अन्तर्गत सिंचाई विभाग द्वारा अर्जित भूमि पर अवैध कब्जा कर व्यावसायिक कम्पलेक्स संचालित है? यदि हॉ, तो इस पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? यदि कार्यवाही नहीं की गई है, तो कब तक कार्यवाही की जावेगी? जिस अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है? उसके विरूध्द क्या कार्यवाही की गयी है, जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) हसदेव दर्री बरॉज से कोहडिया की ओर लगभग 1 कि.मी. के अन्तर्गत कुछ व्यक्तिओं द्वारा होटल, ढाबा का व अन्य मकानों का निर्माण किया गया है। सिंचाई विभाग के भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य करने के लिए किसी भी अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है, किन्तु आवेदिका श्रीमती अर्चना देवी पति श्री सतीश अग्रवाल ग्राम रुमगरा पटवारी हल्का नं. 14 की भूमि खसरा नं. 930/2, 930/3 रकबा कमशः 0.21 एकड तथा 0.02 एकड भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन अभियंता, श्री एस.एन.साय द्वारा दिनांक 12.06.2019 को जारी की गई थी, जिसे वर्तमान कार्यपालन अभियंता द्वारा दिनांक 02.02.2024 को निरस्त कर दिया गया है तथा उक्त खसरा नं. की भूमि पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। **(ख)** हसदेव बांयी तट नहर के सर्विस रोड एवं बैंक जीरो से

लगभग 10 कि.मी. के अंतर्गत अर्जित भूमि पर अवैध कब्जा किया गया, जिसे बेजा कब्जा हटाने के लिए निरंतर कब्जाधारियों को नोटिस दिया जा रहा है व कब्जा हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। तत्कालीन कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई अनापत्ति प्रमाण को वर्तमान कार्यपालन अभियंता द्वारा निरस्त किया जा चुका है, अतः किसी भी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं की गई है। वर्तमान में उक्त भूमि पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया गया है।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत तहसील कार्यालयों में सेटअप

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

102. (क्र. 477) श्री फूलसिंह राठिया : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र रामपुर अन्तर्गत समस्त तहसील कार्यालयों में 25 नवम्बर, 2024 की स्थिति में राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सहायक ग्रेड, भृत्य, ड्राईवर, के कितने पद स्वीकृत एवं रिक्त हैं? रिक्त पदों की भर्ती कब तक करेंगे?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ** एवं **ब** अनुसार। रिक्त पदों की भर्ती की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौरानबे"]

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में नवागांव जलाशय में केज कल्चर स्थापना में भ्रष्टाचार

[मछली पालन]

103. (क्र. 492) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में नवागांव जलाशय में केज कल्चर स्थापना में भ्रष्टाचार के मामले में दोषियों पर एफआईआर उपरांत दोषी अधिकारी के कार्यकाल में आबंटित और कितने केज कल्चर की जांच की गई है? **(ख)** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में नवागांव जलाशय में केज कल्चर स्थापना में विभागीय जांच में क्या पाया गया है? तथा क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** क्या उक्त जलाशय में केज कल्चर में वर्तमान में भी मछली पालन किया जा रहा है, अगर हां तो किन एजेंसी/फर्म/ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) खैरागढ-छुईखदान-गंडई जिले में नवागांव जलाशय में केज कल्चर स्थापना में भ्रष्टाचार के मामले में दोषी अधिकारी तत्कालीन सहायक संचालक मछलीपालन, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) के कार्यकाल में नवागांव जलाशय में स्थापित 72 केज के अतिरिक्त जिला-राजनांदगांव के मोंगरा जलाशय में स्थापित 96 केज कल्चर की जांच की गई है। **(ख)** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में नवागांव जलाशय में केज स्थापना में प्राप्त शिकायत की प्रारंभिक जांच में केज कल्चर के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही तथा राशि का दुरूपयोग परिलक्षित पाये जाने पर प्रकरण में संलिप्त तत्कालीन सहायक संचालक मछली पालन, जिला राजनांदगांव को निलंबित कर विभागीय जांच संस्थितकी जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है । विभागीय जांच उपरांत प्राप्त जांच प्रतिवेदन के गुण दोषों के परीक्षण उपरांत संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी । **(ग)** हां, उक्त जलाशय के केज कल्चर में वर्तमान में भी मछली पालन का कार्य मेसर्स एस.एस.एक्काकल्चर, ग्राम-सरगोड, फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा किया जा रहा है।

जांजगीर-चाम्पा व सक्ती जिले के निवेशकों को सहारा इंडिया में जमा राशि की वापसी

[सहकारिता]

104. (क्र. 540) श्री बालेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चाँपा एवं सक्ती जिले में सहारा इंडिया समूह की सहकारिता समितियों में कितने-कितने जमाकर्ताओं ने राशि नहीं मिलने की शिकायत प्रशासन से की? उक्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** जांजगीर-चाँपा एवं सक्ती जिले में सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं को राशि प्राप्त हो सके, इसके लिए प्रशासन ने क्या कदम

उठाए? जमाकर्ताओं के पैसे समय पर नहीं देने पर सहारा के जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कानूनी कार्यवाही की जावेगी?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जांजगीर-चांपा जिले में सहारा इंडिया समूह की सहकारिता समितियों में 588 जमाकर्ताओं ने राशि नहीं मिलने की शिकायत संज्ञान में आयी है। राशि वापस दिलवाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सक्ती जिले में सहारा इंडिया समूह की सहकारिता समितियों में जमाकर्ताओं ने राशि नहीं मिलने की शिकायत संज्ञान में नहीं आयी है। **(ख)** जांजगीर-चांपा जिले में सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं को राशि प्राप्त हो सके, इसके लिए सहारा इंडिया समूह की चल-अचल संपत्तियों की जानकारी ली जा रही है एवं कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सक्ती जिले में प्रश्नांश "क" को परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

निजी विश्वविद्यालयों में संचालित चिकित्सा पाठ्यक्रम

[उच्च शिक्षा]

105. (क्र. 550) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग की राजपत्र दिनांक 06/07/2022 को जारी अधिसूचना में क्रमांक 2 पर उल्लेखित आयुर्वेद/हेल्थ एंड एलाइड सांइस/पैरामेडिकल/नर्सिंग/फार्मेसी इत्यादि निजी पाठ्यक्रम दर्शित है? क्या उच्च शिक्षा विभाग ऐसा राजपत्र जारी कर सकता है? **(ख)** क्या किसी निजी विश्वविद्यालय को प्रारंभ करने के लिए 25 एकड़ भूमि एक साथ होनी चाहिए अथवा 6-8 किलोमीटर दूरी पर अलग-अलग दो टुकड़ों में उपलब्ध जमीन से भी निजी विश्वविद्यालय को मान्यता मिल सकती है? भूमि आवश्यकता से संबंधित नियम की कॉपी प्रस्तुत करें? **(ग)** क्या किसी निजी विश्वविद्यालय द्वारा एक ही कैम्पस में आयुष विश्वविद्यालय से संबद्ध नर्सिंग, आयुर्वेदिक इत्यादि कोर्स संचालन के साथ-साथ स्वयं भी अपने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पैरामेडिकल, फार्मेसी और एलाईड साइंस इत्यादि पाठ्यक्रम का संचालन कर सकता है? इससे संबंधित नियमों की कॉपी प्रस्तुत करें? **(घ)** छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के राजपत्र दिनांक 06/07/2022 में उल्लेखित **(क)** व **(ख)** की शर्तों के अनुसार क्या बिना अध्यादेश लागू किये छत्तीसगढ़ में कोई निजी विश्वविद्यालय इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ कर सकता है? यदि हां तो तत्संबंधी नियम की कॉपी प्रस्तुत करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हाँ। जी हाँ। **(ख)** छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय अधिनियम (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 की धारा 7 (2) में निम्नानुसार प्रावधान है -
(1) ''15 एकड़ भूमि यदि रायपुर नगर-निगम की सीमा के अंदर मुख्य परिसर की स्थापना प्रस्तावित है''
(2) ''25 एकड़ भूमि यदि अन्यत्र मुख्य परिसर स्थापना प्रस्तावित है'' अधिनियम में प्रस्तावित है।
(ग) जी हाँ। राज्य शासन से अनुमति प्राप्त विषयों में ही संबंधित निजी विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम संचालित कर सकते है। **(घ)** जी नहीं। बिना अध्यादेश के पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ नहीं कर सकता है। प्रति प्रदान करने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

जिला रायगढ़ अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति से लिए गये ऋण

[सहकारिता]

106. (क्र. 560) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के माध्यम से कितने किसानों ने खाद बीज केसीसी हेतु कितनी-कितनी राशि ऋण लिया है? समितिवार नाम सहित वर्ष 2022-23 से 25 नवम्बर, 2024 तक जानकारी देवें ? **(ख)** शासन द्वारा कब-कब कितनी-कितनी राशि का ऋण माफ़ कीया गयी है? समितिवार जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला रायगढ़ अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद, बीज, केसीसी ऋण वितरण वर्ष 2022-23 से 25 नवम्बर 2024 तक की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र – अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश (क) अवधि में ऋण माफी योजना लागू नहीं थी, अतएव शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।**[संलग्न "परिशिष्ट - पंचानबे"]**

प्रदेश के निजी विश्वविद्यालय में संचालित चिकित्सा पाठ्यक्रम

[उच्च शिक्षा]

107. (क्र. 629) श्री सुशांत शुक्ला : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वर्तमान में कितने निजी विश्वविद्यालय कहाँ-कहाँ कब-कब से संचालित हैं? निजी विश्वविद्यालय प्रारम्भ करने हेतु क्या-क्या नियम/मापदण्ड निर्धारित हैं ? निजी विश्वविद्यालय के संचालक / संचालक मण्डल के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें । **(ख)** प्रश्नांश "क" के संचालित किन-किन विश्वविद्यालयों में आयुर्वेद/ पैरामेडिकल / नर्सिंग / फार्मेसी एवं अन्य चिकित्सकीय पाठ्यक्रम कब-कब से संचालित हैं? पाठ्यक्रमों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें। **(ग)** क्या प्रश्नांश "ख" के पाठ्यक्रमों के संचालन में निर्धारित मापदण्ड का पालन विश्वविद्यालयों द्वारा किया जा रहा है ? यदि नहीं तो किन-किन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जा रहा है? नियम विरुद्ध पाठ्यक्रम संचालित करने पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रपत्र (अ) पर संलग्न है। **प्रपत्र (ब) पर संलग्न** है। **प्रपत्र (स) पर संलग्न** है। **(ख) प्रपत्र (द) पर संलग्न** है। **(ग)** निर्धारित मापदंड का पालन किया जा रहा है। शेष का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियानबे"]

प्रदेश में कार्यशील गौशालाओं की जाँच,सुधार एवं रख-रखाव

[पशुधन विकास]

108. (क्र. 792) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कार्यशील गौशालाओं की जाँच,सुधार एवं रख-रखाव हेतु सरकार की क्या योजना है? **(ख)** इन गौशालाओं में वर्ष 2023 एवं 2024 में 30.11.2024 की स्थिति में मरने वाले पशुओ की संख्या कितनी है,ब्योरा दें? **(ग)** प्रदेश में गत वर्ष से दिनांक 15.10.2024 तक गौ तस्करी के कितने मामले पंजीकृत हुए?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में कार्यशील गौशालाओं की जांच एवं सुधार हेतु छ.ग. गौ सेवा आयोग नियम 2005 (यथा संशोधन 2011, 2013, 2016, 2017) के अनुसार एवं छ.ग. शासन के निर्देशानुसार पंजीयक, छ.ग. राज्य गौसेवा आयोग, संबंधित जिले के संयुक्त/उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें एवं क्षेत्रीय पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है। गौशालाओं में संरक्षित पशुओं के रख-रखाव हेतु उपलब्ध पशु संख्या एवं गौशालाओं से प्राप्त मांग पत्र अनुसार पोषण आहार अनुदान रू. 25.00 प्रति पशु प्रतिदिन, शेड निर्माण हेतु रू. 5.00 लाख प्रतिवर्ष, औषधि हेतु रू. 0.25 लाख प्रतिवर्ष एवं पेयजल व्यवस्था हेतु रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष, इस प्रकार अधिकतम राशि रू. 20.00 लाख प्रति गौशाला प्रतिवर्ष अनुदान प्रदाय करने का प्रावधान है। **(ख)** गौशालाओं में मरने वाले पशुओं की संख्या वर्ष 2023 में 1996 एवं वर्ष 2024 में 30.11.2024 की स्थिति में 1520 है। **(ग)** प्रदेश में गत वर्ष से दिनांक 15.10.2024 तक गौ तस्करी के 251 मामले पंजीकृत होने की जानकारी पुलिस अधीक्षकों से प्राप्त हुई है।

तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट - एक

तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 408) की जानकारी

वर्षवार सड़कों की जानकारी प्रपत्र-

क्र	वर्ष	मार्गों की संख्या	जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र	शेष	रिमार्क
1	2021–22	7	0	7	संयुक्त मौका निरीक्षण अप्राप्त
2	2022–23	0	0	0	–"–
3	2023–24	4	0	4	–"–
4	नवम्बर, 2024 तक	14	0	14	1 प्रकरण (पटकुरा से घटोन मार्ग) मौका निरीक्षण किया गया जिसमें 0.975 हे. वनभूमि प्रभावित होगी। आवेदक संस्थान कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु लेख किया गया है।
	योग	**25**	**0**	**25**	

अनुभाग अधिकारी
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(भू–प्रबंध/वन (सं. एवं सं.)अ.)
छत्तीसगढ़

परिशिष्ट - दो
तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 77) की जानकारी

प्रपत्र

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित किये गये स्मार्ट मीटर की जिलेवार जानकारी

स. कं.	जिला का नाम	उपभोक्ता परिसर में स्थापित संख्या	वितरण ट्रांसफार्मर में स्थापित संख्या	11 केव्ही फीडर में स्थापित संख्या	कुल स्थापित संख्या
1	2	3	4	5	6
1	बलरामपुर	0	139	82	221
2	बिलासपुर	66072	2042	288	68402
3	गौरेला–पेन्ड्रा–मरवाही	10207	248	92	10547
4	जांजगीर–चांपा	8384	182	157	8723
5	जशपुर	0	11	113	124
6	कोरबा	24889	647	157	25693
7	कोरिया	0	0	29	29
8	मनेंद्रगढ	3735	0	38	3773
9	मुंगेली	10101	115	171	10387
10	रायगढ़	10313	309	283	10905
11	सक्ती	0	746	83	829
12	सांरगढ़–बिलईगढ़	5978	86	84	6148
13	सूरजपुर	8022	410	135	8567
14	सरगुजा	20010	991	135	21136
15	रायपुर	112838	5781	769	119388
16	धमतरी	41263	403	229	41895
17	गरियाबंद	26971	330	145	27446
18	महासमुंद	43685	458	341	44484
19	बलौदाबाजार	31811	1215	223	33249
20	बालोद	10441	988	121	11550
21	बस्तर	16578	614	112	17304
22	बेमेतरा	14352	2487	205	17044
23	बीजापुर	0	0	18	18
24	दंतेवाड़ा	32	25	37	94
25	दुर्ग	75664	2981	451	79096
26	कांकेर	9467	179	118	9764
27	कबीरधाम (कवर्धा)	17465	29	218	17712
28	खैरागढ़	5174	469	102	5745
29	कोण्डागांव	2228	168	66	2462
30	मानपुर–मोहला	594	0	1	595
31	नारायणपुर	0	0	13	13
32	राजनांदगांव	25216	884	203	26303
33	सुकमा	0	0	40	40
	कुल योग (छत्तीसगढ राज्य)	**601490**	**22937**	**5259**	**629686**

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, उर्जा विभ
मंत्रालय, नया रायपुर अटल न

परिशिष्ट - तीन

तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 152) की जानकारी

प्रपत्र–अ

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए दिनांक 01.04.2024 से 25 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए इलेक्ट्रानिक कांटा बांट (तौलाई मशीन) की जिलेवार जानकारी

(राशि लाखों मे)

क्रं.	जिले का नाम	समितियों की संख्या	खरीदे गए कांटा बांट की संख्या	कुल राशि	क्रय पद्धति
1	2	3	4	5	6
1	रायपुर	116	415	39.15	कोटेशन द्वारा
2	गरियाबंद	18	80	5.34	कोटेशन द्वारा
3	बलौदाबाजार	111	503	42.48	कोटेशन द्वारा
4	महासमुंद	126	732	51.47	कोटेशन द्वारा
5	धमतरी	46	200	15.69	कोटेशन द्वारा
6	दुर्ग	69	232	20.06	कोटेशन द्वारा
7	बालोद	103	397	35.49	कोटेशन द्वारा
8	बेमेतरा	100	356	27.73	कोटेशन द्वारा
9	राजनांदगांव	70	294	27.79	कोटेशन/सीधी खरीदी
10	खैरागढ़ छुईखदान गण्डई	37	142	13.50	कोटेशन/सीधी खरीदी
11	मोहला मानपुर अं. चौकी	10	55	4.19	कोटेशन/सीधी खरीदी
12	कबीरधाम	33	73	6.37	कोटेशन/सीधी खरीदी
13	बस्तर	52	146	15.74	कोटेशन द्वारा
14	कोण्डागांव	47	144	14.95	कोटेशन द्वारा
15	नारायणपुर	9	17	2.00	कोटेशन द्वारा
16	कांकेर	70	139	13.38	कोटेशन द्वारा
17	दंतेवाड़ा	15	15	1.59	कोटेशन द्वारा
18	सुकमा	21	33	3.50	कोटेशन द्वारा
19	बीजापुर	24	35	3.72	कोटेशन द्वारा
20	बिलासपुर	114	259	22.26	कोटेशन द्वारा
21	गौपेण्ड्रामरवाही	20	50	4.75	कोटेशन द्वारा
22	मुंगेली	66	154	11.51	कोटेशन द्वारा
23	जांजगीर	101	237	23.29	कोटेशन द्वारा
24	सक्ती	95	215	23.19	कोटेशन द्वारा
25	कोरबा	41	6	0.47	कोटेशन द्वारा
26	सरगुजा	6	25	1.77	समिति प्रस्ताव द्वारा
27	बलरामपुर	14	61	5.49	समिति प्रस्ताव द्वारा
28	सूरजपुर	18	51	5.64	समिति प्रस्ताव द्वारा
29	कोरिया	1	2	0.15	समिति प्रस्ताव द्वारा
30	मनेन्द्रगढ़	2	6	0.45	समिति प्रस्ताव द्वारा
31	रायगढ़	74	287	26.90	समितियों द्वारा स्थानीय स्तर पर
32	जशपुर	12	47	4.38	समितियों द्वारा स्थानीय स्तर पर
33	सारंगढ़	63	294	24.34	कोटेशन/समितियों द्वारा स्थानीय स्तर पर
	महायोग	1704	5702	498.73	

P Lafena
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
सहकारिता विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर

प्रपत्र–ब

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए दिनांक 01.04.2024 से 25 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए तारपोलिन/प्लास्टिक कव्हर की जिलेवार जानकारी

(राशि लाख में)

क्रं.	जिले का नाम	समितियों की संख्या	खरीदे गए तारपोलिन/प्लास्टिक कव्हर की संख्या	कुल राशि	क्रय पद्धति
1	2	3	4	6	7
1	रायपुर	54	402	31.06	कोटेशन द्वारा
2	गरियाबंद	67	342	24.97	कोटेशन द्वारा
3	बलौदाबाजार	88	983	78.71	कोटेशन द्वारा
4	महासमुंद	50	869	85.28	कोटेशन द्वारा
5	धमतरी	38	449	36.85	कोटेशन द्वारा
6	दुर्ग	45	482	38.75	कोटेशन द्वारा
7	बालोद	94	1071	91.58	कोटेशन द्वारा
8	बेमेतरा	93	2214	158.59	कोटेशन द्वारा
9	राजनांदगांव	39	525	49.69	कोटेशन/सीधी खरीदी
10	खैरागढ़ छुईखदान गण्डई	23	428	33.24	कोटेशन/सीधी खरीदी
11	मोहला मानपुर अं. चौकी	19	122	12.91	कोटेशन/सीधी खरीदी
12	कबीरधाम	96	834	69.22	कोटेशन/सीधी खरीदी
13	बस्तर	52	205	14.23	कोटेशन द्वारा
14	कोण्डागांव	47	331	25.87	कोटेशन द्वारा
15	कांकेर	70	442	30.89	कोटेशन द्वारा
16	बिलासपुर	114	887	78.52	कोटेशन द्वारा
17	गौपेण्ड्रामरवाही	20	101	12.39	कोटेशन द्वारा
18	मुंगेली	66	844	53.65	कोटेशन द्वारा
19	जांजगीर	101	249	20.96	कोटेशन द्वारा
20	सक्ती	95	430	35.84	कोटेशन द्वारा
21	कोरबा	41	190	16.10	कोटेशन द्वारा
22	सरगुजा	28	233	16.49	समिति प्रस्ताव द्वारा
23	बलरामपुर	22	117	10.07	समिति प्रस्ताव द्वारा
24	सूरजपुर	32	400	32.58	समिति प्रस्ताव द्वारा
25	कोरिया	9	55	7.50	समिति प्रस्ताव द्वारा
26	मनेन्द्रगढ़	6	34	3.72	समिति प्रस्ताव द्वारा
27	रायगढ़	58	875	46.36	समिति प्रस्ताव द्वारा
28	जशपुर	20	329	25.05	समिति प्रस्ताव द्वारा
29	सारंगढ़	36	418	35.14	कोटेशन/समिति प्रस्ताव द्वारा
	महायोग	**1523**	**14861**	**1176.21**	

Plafena
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
सहकारिता विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर

प्रपत्र–स

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए दिनांक 01.04.2024 से 25 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए नमी मापक यंत्र की जिलेवार जानकारी

(राशि लाख में)

क्रं.	जिले का नाम	समितियों की संख्या	खरीदे गए नमी मापक यंत्र की संख्या	कुल राशि	क्रय पद्धति
1	2	3	4	5	6
1	रायपुर	5	6	0.61	कोटेशन द्वारा
2	गरियाबंद	6	8	0.73	कोटेशन द्वारा
3	बलौदाबाजार	3	3	0.32	कोटेशन द्वारा
4	महासमुंद	11	13	1.96	कोटेशन द्वारा
5	धमतरी	19	22	1.98	कोटेशन द्वारा
6	दुर्ग	8	11	0.98	कोटेशन द्वारा
7	बालोद	11	12	1.35	कोटेशन द्वारा
8	बेमेतरा	5	5	0.43	कोटेशन द्वारा
9	राजनांदगांव	11	11	1.05	कोटेशन/सीधी खरीदी
10	खैरागढ़ छुईखदान गण्डई	3	3	0.41	कोटेशन/सीधी खरीदी
11	मोहला मानपुर अं. चौकी	3	7	0.51	कोटेशन/सीधी खरीदी
12	कबीरधाम	2	2	0.13	कोटेशन/सीधी खरीदी
13	बस्तर	52	43	2.19	कोटेशन द्वारा
14	कोण्डागांव	47	73	9.43	कोटेशन द्वारा
15	कांकेर	70	13	1.10	कोटेशन द्वारा
16	बिलासपुर	114	23	2.85	कोटेशन द्वारा
17	मुंगेली	66	49	2.65	कोटेशन द्वारा
18	जांजगीर	101	34	2.51	कोटेशन द्वारा
19	सक्ती	95	16	1.21	कोटेशन द्वारा
20	कोरबा	41	9	0.56	कोटेशन द्वारा
21	बलरामपुर	4	6	0.45	समिति प्रस्ताव द्वारा
22	सूरजपुर	6	30	2.40	समिति प्रस्ताव द्वारा
23	रायगढ़	14	17	1.20	समिति प्रस्ताव द्वारा
24	जशपुर	3	3	0.30	समिति प्रस्ताव द्वारा
25	सारंगढ़	5	5	0.75	कोटेशन/समिति प्रस्ताव द्वारा
	महायोग	**705**	**424**	**38.06**	

Plakha
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
सहकारिता विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर

प्रपत्र–द

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए दिनांक 01.04.2024 से 25 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए बोरा सिलाई मशीन की जिलेवार जानकारी

(राशि लाख में)

क्रं.	जिले का नाम	समितियों की संख्या	खरीदे गए बोरा सिलाई मशीन की संख्या	कुल राशि	क्रय पद्वति
1	2	3	4	5	6
1	रायपुर	2	3	0.21	कोटेशन द्वारा
2	धमतरी	1	3	0.30	कोटेशन द्वारा
3	दुर्ग	11	19	1.27	कोटेशन द्वारा
4	बालोद	3	5	0.30	कोटेशन द्वारा
5	बेमेतरा	18	23	1.71	कोटेशन द्वारा
6	खैरागढ़ छुईखदान गण्डई	1	1	0.06	सीधी खरीदी द्वारा
	महायोग	**36**	**54**	**3.85**	

Plakeya
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
सहकारिता विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर

प्रपत्र–इ

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए दिनांक 01.04.2024 से 25 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए इलेक्ट्रानिक कांटा बांट (तौलाई मशीन) के संबंध में जिलेवार जानकारी

(राशि लाख में)

क्रं.	जिले का नाम	समिति की संख्या	खरीदे गए कांटा बांट की संख्या	क्या भंडार क्रय नियम का पालन किया गया है। हां/नही	क्या जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किया गया है। हां/नहीं	जेम पोर्टल से यदि नही खरीदा गया है तो क्यों
1	2	3	4	5	6	7
1	रायपुर	116	415	हां	नहीं	समिति का जेम पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण
2	गरियाबंद	18	80	हां	नहीं	समिति का जेम पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण
